CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :24°C न्यूनतम: 10°C

सेंसेक्स 74,332.58 निफ्टी 22,552.50

सोना 88,570 चांदी 99,100

हल्द्वानी, शनिवार 8 मार्च 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 198 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2081 7 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

**सातवां रोज़ा**

## अल्लाह तक पहुंचने का रास्ता दिखाता है सातवां रोज़ा

रमजान माह का पहला अशरा रहमत का माना जाता है। यानी शुरुआती दस रोजे किसी दरिया के मानिन्द हैं, जिसमें अल्लाह की रहमत का पानी बहता रहता है। रोज़ादार तक्वा को अपनाते हुए जब रोज़ा रखता है, तो वह बेशुमार नेकियों का हकदार हो जाता है। ये नेकियां सदाकत और सदाअत का सैलाब बनकर उसके लिए बख्शीश की दुआ अल्लाह से करती हैं। कुरआने पाक में जिक्र है, ऐ इंसान तू अपने परवरदिगार की तरफ खूब कोशिश करता है, सौ उससे जा मिलेगा। इस जिक्र को रोज़े की रोशनी में देखें, तो उसकी तशरीह इस तरह होगी कि रोज़ा रहमत का दरिया तो है ही, नेकी के सैलाब के साथ अल्लाह तक पहुंचने का जरिया भी है। इसको यूं भी कहा जा सकता है कि जब रास्ता लंबा हो, दुश्वारियां हों, भटकने के आसार हों, कांटों-कंकरों की चुभन से पांवों के लहूलुहान होने का डर हो तो ईमानदारी के साथ रखा गया रोजा राह को हमवार और दुश्वारियों को दरकिनार कर देता है।




## 43 लाख के इनामी 11 हार्ड कोर नक्सलियों का सरेंडर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को 43 लाख रुपये के इनामी 11 हार्ड कोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। सूत्रों के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों पर 43 लाख का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पित सभी नक्सली माड़ डिविजन के हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी नक्सली बुर्कापाल घटना समेत कई नक्सल घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस के दबाव के साथ सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर इन्होंने आत्मसमर्पण करने का फैसला लिया है।

## चाणक्यपुरी में आईएफएस अफसर ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** राजधानी के चाणक्यपुरी इलाके में शुक्रवार को भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी ने बहुमंजिला इमारत से कूदकर खुदकुशी कर ली। दिल्ली पुलिस ने बताया कि अधिकारी की पहचान जितेंद्र रावत के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आईएफएस अधिकारी पिछले कुछ दिनों से परेशान था। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।


## श्रीलंकाई नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने गुरुवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और एक मछली पकड़ने वाली नाव जब्त की। यह जानकारी श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को एक बयान में दी। बयान में कहा गया कि ये गिरफ्तारियां देश के उत्तरी प्रांत मन्नार के तटवर्ती जलक्षेत्र में हुईं।

# चमोली में मलारी हाईवे पर चट्टान गिरने से टूटा बीआरओ का पुल

### सीमावर्ती इलाकों में आवागमन हुआ बंद, वैली ब्रिज का निर्माण होगा

शाह टाइम्स संवाददाता



**चमोली/ देहरादून।** चमोली जिले के मलारी हाईवे के पास पहाड़ी से गिरी चट्टान से बीआरओ का 52 फीट लंबा पुल टूट गया। पुल टूटने से सीमावर्ती इलाकों में आवागमन बंद हो गया है। भाप कुंड के समीप पनघटी नाले के ऊपर बना बीआरओ का 52 फीट लंबा पुल गिरने से यातायात के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

बीआरओ के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मौके पर पहुंचकर वैली ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। चमोली में ही पांच मार्च को चट्टान टूटने से गोविंदघाट में बना मोटर पुल ध्वस्त होकर अलकनंदा नदी में समा गया था। इसके साथ ही पुलना गांव, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। वहीं मलबे की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। गोविंदघाट के सामने पहाड़ी से भारी भरकम चट्टान टूटकर सीधे अलकनंदा नदी पर बने सस्पेंशन ब्रिज पर गिर गई थी।

# मोदी ने सिलवासा को दी 2580 करोड़ की सौगात

**कहा: दादरा एवं नगर हवेली व दमन और दीव हमारा गौरव व विरासत**



**सिलवासा।** पीएम मोदी ने यहां केन्द्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव के लिए शुक्रवार को 2580 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

श्री मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश के सिलवासा में शुक्रवार को केन्द्र शासित प्रदेश के लिए 2580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। देश के सभी हिस्सों में स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी सुविधाओं को बढ़ावा देने पर उनके प्राथमिक ध्यान के तहत उन्होंने सिलवासा में नमो अस्पताल के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। कुल 460 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित 450 बिस्तरों वाला यह अस्पताल इस केन्द्र-शासित प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा। यह अस्पताल इस क्षेत्र के लोगों, खासकर आदिवासी समुदायों, को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। केन्द्र शासित प्रदेश के लिए 2580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इन विभिन्न विकास परियोजनाओं में विभिन्न ग्रामीण सड़कें एवं सड़क संबंधी अवसंरचनाएं, स्कूल, स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र, पंचायत एवं प्रशासनिक भवन, आंगनवाड़ी केन्द्र, जलापूर्ति और सीवेज संबंधी अवसंरचनाएं आदि शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना, पर्यटन को प्रोत्साहित करना, रोजगार के अवसर सृजित करना और क्षेत्र में लोक कल्याण से जुड़ी पहलों को बढ़ावा देना है।

# धारावी परियोजना पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

## अडानी समूह को राहत, बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को पलटने की दलील खारिज की

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कोर्ट ने दुबई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन की याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया
- शीर्ष अदालत ने अडानी समूह को सभी भुगतानों के लिए एस्क्रो खाता बनाए रखने का दिया आदेश
- मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुंबई की धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के निर्माणाधीन कार्य को रोकने से शुक्रवार को इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने अडानी समूह के पक्ष वाले बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले को पलटने से इन्कार कर दिया।

हालांकि, पीठ ने दुबई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन की इस याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। सेकलिंक ने धारावी झुग्गी बस्ती के पुनर्विकास के लिए अपनी 2019 की बोली को रद्द करने और 2022 में अडानी को एक नया टेंडर जारी करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले की वैधता को चुनौती दी है। सेकलिंक द्वारा अपनी पेशकश में 20 फीसदी की वृद्धि करने की बात पर पीठ ने याचिका पर विचार करने के लिए सहमति जताई। अडानी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ के समक्ष दलील दी कि निर्माण (परियोजना) पहले ही शुरू हो चुका था। उन्होंने यह भी कहा कि अडानी समूह ने हजारों श्रमिकों को रोजगार दिया है। महत्वपूर्ण धन का निवेश किया और करोड़ों रुपये के निर्माण उपकरण खरीदे हैं। उन्होंने पीठ को बताया कि निर्माण स्थल पर रेलवे क्वार्टरों को ढहाने का काम शुरू कर दिया गया है। उनकी ये दलील सुनने के बाद अदालत ने स्पष्ट किया कि वह परियोजना स्थल पर चल रहे कार्य को नहीं रोकेगी। शीर्ष अदालत ने अडानी समूह को सभी भुगतानों के लिए एस्क्रो खाता बनाए रखने को कहा। हालांकि, सेकलिंक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी. आर्यमा सुंदरम ने दलील दी कि उनका मुवक्किल अपनी बोली में 20 फीसदी की वृद्धि करते हुए 8,640 करोड़ रुपये की संशोधित बोली का प्रस्ताव कर रहा है, जो अडानी की 5,069 करोड़ रुपये की आधार बोली से अधिक है। इसके बाद पीठ ने सेकलिंक को इस संबंध में एक हलफनामा दायर करने को कहा।

## शीर्ष अदालत ने विधायक अब्बास अंसारी को दी अंतरिम जमानत



- मऊ विधायक को गैंगस्टर एक्ट में मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र के मऊ निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अब्बास अंसारी को राज्य के गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने अब्बास अंसारी की याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने अंसारी को अदालत की पूर्व अनुमति के बिना उत्तर प्रदेश नहीं छोड़ने और अदालत में पेश होने से एक दिन पहले पुलिस अधिकारियों को सूचित करने के लिए कहा है। इसके अलावा पीठ ने उन्हें लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास में रहने और मऊ में अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने से पहले अधिकारियों से पूर्व अनुमति लेने का भी निर्देश दिया। अदालत ने पुलिस से छह सप्ताह में अंसारी द्वारा जमानत शर्तों के अनुपालन पर स्थिति रिपोर्ट मांगी है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि उन्हें मौजूदा मामले को छोड़कर सभी मामलों में जमानत दी गई है, जिसमें केवल पुलिस अधिकारियों को गवाह के रूप में नामित किया गया है।

# तहव्वुर राणा की अर्जी अमेरिकी कोर्ट में फिर खारिज

वाशिंगटन, वार्ता



- सुप्रीम कोर्ट में प्रत्यर्पण रोकने की मांग की थी, मुंबई हमलों के दोषी को भारत लाने का रास्ता हुआसाफ

**2008 मुंबई हमलों** के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका अमेरिकी कोर्ट ने खारिज कर दी। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए याचिका दायर की थी। इसमें उसने कहा था कि पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम होने की वजह से उसे भारत में प्रताड़ित किया जाएगा। राणा ने याचिका में कहा था कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है, अगर उसका प्रत्यर्पण नहीं रोका गया, तो वह भारत में सर्वाइव नहीं कर पाएगा।

इसलिए उसके प्रत्यर्पण पर इमरजेंसी स्टे लगाया जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की जज एलेना कगान ने यह दलील नहीं मानी और याचिका खारिज कर दी। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। फिलहाल वह लॉस एंजिल्स के एक हिरासत केंद्र में बंद है। मुंबई हमले के दौरान आतंकियों ने ताजमहल होटल पैलेस को भी निशाना बनाया था, अमेरिकी कोर्ट ने प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका को पहले भी खारिज किया था 13 नवम्बर 2024 को राणा ने निचली अदालत के प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे 21 जनवरी को खारिज कर दिया गया था। इससे पहले उसने सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में अपील की थी, जो खारिज कर दी गई थी। कोर्ट ने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है।

## अल्पसंख्यकों के विरुद्ध अपराध रोके बांग्लादेश : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है तथा एक ऐसे स्थिर, शांतिपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बांग्लादेश के प्रति समर्थन एवं विकास सहयोग बढ़ाने की इच्छा का इज़हार किया है, जिसमें हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनकी संपत्तियों एवं धार्मिक संस्थानों की रक्षा और हिंसक उन्मादियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हो। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में बांग्लादेश के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में यह बात कही।

## काशी व अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी: योगी

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बताया कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। अपने एक दिवसीय दौरे पर आए योगी ने मथुरा के बरसाना में 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिये रंगोत्सव की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पांच हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं।

# अंबाला में वायुसेना का जगुआर विमान क्रैश



- पायलट पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा

**नई दिल्ली।** वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान शुक्रवार को अंबाला में दुर्घटनाग्रस्त हो गया हालांकि पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा।

वायुसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह जगुआर विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि पायलट ने सुझबूझ दिखाई और विमान को आबादी से दूर ले जाने में सफल रहा। प्रवक्ता ने कहा कि विमान को आबादी से दूर ले जाने के बाद पायलट पैराशूट की मदद से छलांग लगाकर सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा कि वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।

# ब्रिटिश सरकार की कार्रवाई ही उनकी ईमानदारी तय करेगी: भारत

- जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन में खालिस्तानियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में सेंध को 'बड़ी घटना' बताया



**नई दिल्ली।** भारत ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन में खालिस्तानी अलगाववादियों एवं चरमपंथियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में सेंध को 'बड़ी घटना' बताते हुए इस बारे में ब्रिटिश विदेश मंत्रालय के बयान को दरकिनार कर दिया है और कहा है कि बयान की ईमानदारी का पता ब्रिटिश सरकार की कार्रवाई से ही चलेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में ब्रिटेन की घटनाओं पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने विदेश मंत्री डा. जयशंकर की यात्रा के दौरान ब्रिटेन स्थित अलगाववादी और चरमपंथी तत्वों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के उल्लंघन के बारे में ब्रिटेन के अधिकारियों को अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। घटना का एक बड़ा संदर्भ है, जो ऐसी ताकतों को दिए गए लाइसेंस के साथ-साथ ब्रिटेन में हमारी वैध राजनयिक गतिविधियों को बाधित करने के उद्देश्य से उनके डराने, धमकी देने और अन्य कार्यों के प्रति (सुरक्षा एजेंसियों की) उदासीनता दोनों को उजागर करता है।

# दिल्ली में महिला सम्मान योजना की लॉन्चिंग आज!

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल जारी होगा, 2500 रुपये मिलेंगे, लगभग 20 लाख महिलाओं को मिलेगा फायदा**

**सालाना आय तीन लाख से कम और टैक्स न देने वाली महिलाएं ही होंगी योजना की पात्र**



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में भाजपा सरकार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना शुरू कर सकती है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा।

योजना का फायदा उन महिलाओं को मिलेगा जिनकी सालाना आय 3 लाख रुपये से कम है और जो टैक्स नहीं देतीं। योजना का फायदा 18 से 60 साल तक की महिलाओं को मिलेगा, जो सरकारी नौकरी नहीं करतीं और जिनको अन्य सरकारी वित्तीय सहायता नहीं मिल रही हैं। महिला समृद्धि योजना का फायदा उठाने के लिए महिलाओं को ई-रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए सरकार 8 मार्च को एक पोर्टल और मोबाइल एप लॉन्च कर सकती है। इस पोर्टल पर महिलाएं अपने जरूरी दस्तावेज, जैसे वोटर कार्ड, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र जमा करके आवेदन कर सकेंगी। दिल्ली में 72 लाख महिला मतदाता हैं। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा। इसमें से करीब 50 प्रतिशत महिलाएं मतदाता हैं। सरकार महिला लाभार्थियों की पहचान के लिए अलग-अलग विभागों से डेटा एकत्र कर रही है। महिला समृद्धि योजना की शुरुआत के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें करीब 5 हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना है।



## संक्षिप्त समाचार

### ढाई सौ मोहल्ला क्लीनिक बंद करने जा रही भाजपा: आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली में सरकार बने अभी एक महीने भी नहीं हुए और भारतीय जनता पार्टी 250 मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करने की योजना बना रही है, जो उचित नहीं है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जैन ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली की जनता की सेवा के लिए जगह-जगह मोहल्ला क्लीनिक खोले थे। हर मोहल्ला क्लीनिक में एक डॉक्टर, दवाइयां और 365 टेस्ट की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। मोहल्ला क्लीनिक खोलने के पीछे आम आदमी पार्टी की सरकार का ध्एय यह था कि लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए अपने घर से दूर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरी दिल्ली में लगभग 550 मोहल्ला क्लीनिक खोले हैं। भाजपा की सरकार इन 550 मोहल्ला क्लीनिकों में से 250 को बंद करने जा रही है। यह दिल्ली की जनता के साथ बहुत बड़ा अत्याचार है।आम आदमी पार्टी अपील करती है कि भाजपा दिल्ली में एक भी मोहल्ला क्लीनिक बंद न करे, बल्कि ज्यादा से ज्यादा मोहल्ला क्लीनिक जल्द से जल्द खोले। भाजपा मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करना चाहती है और दिल्ली की जनता को दंडित करना चाहती है।

### बब्बर खालसा के तीन सदस्य पकड़े, हत्या की योजना विफल

**जालंधर।** पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रहे अभियान के बीच एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जालंधर पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल के तीन सदस्यों को गिरफ्तार राज्य में हत्या की एक योजना को टाल दिया। पुलिस महा. निदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमृतसर के नौशहरा कलां निवासी जगरूप सिंह, कपूरथला के गांव मिर्जापुर निवासी सुखजीत सिंह और तरनतारन के गांव फतेहाबाद निवासी नवप्रीत सिंह उर्फ नव के रूप में हुई है। यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मॉड्यूल को अमे. रिका स्थित गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी नवाशहरिया द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा का करीबी सहयोगी है और उसके साथ मिलकर काम कर रहा था।

### आईएफएस अधिकारी के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में तैनात भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी के निधन पर मंत्रालय ने दुख एवं शो. काकुल परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने शुंक्रवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी का 7 मार्च की सुबह नई दिल्ली में निधन हो गया। बयान में कहा गया कि मंत्रालय परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है और दिल्ली पुलिस के संपर्क में है। दुख की इस घड़ी में मंत्रालय परिवार के साथ खड़ा है। विदेश मंत्रालय ने अधिकारी के बारे में अधिक जानक. ारी नहीं दी और कहा कि शोक के इस समय में परिवार की गोपनीयता का सम्मान करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अधिक विवरण जारी नहीं किया जा रहा है।

# गरीबों का ध्यान रखकर नीति लागू करें अधिकारी: राष्ट्रपति

नई दिल्ली, वार्ता



■ इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में मुर्मू ने किया आह्वान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिकारियों से गरीबों और वंचितों को ध्यान में रखकर नीति और कार्यक्रम लागू करने को कहा है। श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को यहां लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 126वें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने वाले राज्य सिविल सेवा अधिकारियों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अधिकारियों से प्रशासनिक कामकाज, सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में एक राष्ट्रीय और समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि शासन का सार लोगों की जरूरतों के प्रति जवाबदेही और संवेदनशीलता में निहित है। नागरिक-केंद्रित प्रशासन लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देता है, गरीबों और वंचितों पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने उन्हें यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि नीतियों और कार्यक्रमों को इस तरह से लागू किया जाए, जो उनकी चिंताओं को प्रभावी ढंग से संबोधित करे। उन्होंने कहा कि वे जो निर्णय लेते हैं और जो नीतियां लागू करते हैं, वे देश और लोगों के विकास में योगदान दें। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण की चुनौतियों से निपटने के लिए पर्यावरण अनुकूल पहलों को बढ़ावा देना आवश्यक है। साथ ही, विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों तक पहुंचना चाहिए।

### जन औषधि दिवस पर जनऔषधि केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आम लोगों को किफायती मूल्य पर बेहतर गुणवत्ता वाली अंग्रेजी दवायें उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से हर साल सात मार्च को मनाए जा रहे जन औषधि दिवस के मद्देजनर शुक्रवार को देश भर में जनऔषधि केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत एक मार्च से सात मार्च तक विशेष अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और शुक्रवार को विशेषतौर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें स्वास्थ्य शिविर आदि का आयोजित कर लोगों को जनऔषधि के बारे में बताया गया। हर साल 7 मार्च को 'जन औषधि दिवस' मनाया जाता है ताकि इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सके।

# महाकुंभ में 30 करोड़ कमाने वाले परिवार से कितना जीएसटी मिला: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा मुखिया ने योगी सरकार से पूछा सवाल

**लखनऊ।** महाकुंभ के दौरान एक नाविक के 30 करोड़ की आमदनी होने के बयान पर निशाना साधते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि अगर सच में एक परिवार ने महाकुंभ में अकेले 30 करोड़ कमाएं हैं, तो सरकार ये भी बताए कि जीएसटी कितना मिला।

यादव ने जारी बयान में कहा कि पवित्र महाकुंभ में यह तो सत्ता संरक्षण में श्रद्धालुओं के साथ लूट की एक कहानी है। भाजपा सरकार के संरक्षण में न जाने कितने ठगों और लुटेरों ने श्रद्धालुओं की आस्था का दोहन किया। इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। सरकार के ब्रांड एम्बेसडर नाविक को लेकर खबरों के माध्यम से जो कहानियां आ रही हैं। वह हैरान करने वाली है। इसी कहानी से भाजपा सरकार की नीति और नियत का पता चल जाता है कि वह कैसे चल रही है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में ठगों और अपरा. धियों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। अपराधी, हिस्ट्रीशीटर और ठग सत्ता से गठजोड़ कर आम जनता को लूट रहे है। सरकार लुटेरे और हत्यारों के साथ खड़ी है। सरकार सदन से सड़क तक जनता को अपरा. धियों और हिस्ट्रीशीटरों के अवैध कारनामों और वसूली की कहानियां सुनाती नहीं थकती। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार हो रहा है, जब सरकार प्रदेश की जनता को ठगने वाले ठगों और दबंगों का महिमा मंडन कर रही है। माननीय महाकुंभ में दूसरों की सक्सेस स्टोरी क्यों सुना रहे हैं। क्या महाकुंभ में उनकी अपनी कोई सफलता की कहानी नहीं है। क्या सरकार खुद असफल हो गयी है जो अपराधियों की कहानी सुना रही हैं। अगर सुनानी है तो सरकार अपनी सच्ची कहानी सुनाए लेकिन सच्चाई तो यह है कि सरकार की अपनी कोई कहानी नहीं है। उन्होने कहा कि पाताल खोजी पहले पता कर लिया करें फिर महिमा मंडल करें। पहले निवेश के नाम पर ठग से हजारों करोड़ का एमओयू कर लिया। अब नामजद के नाम की सदन में बंद आखों से तारीफ कर दी। इसीलिए भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद है। अपराधियों की ठगी और लूट को भाजपा विकास समझती है।

## जीआईएस के तहत मुजफ्फरनगर समेत 35 शहर बनेंगे आधुनिक: योगी

# 59 शहरों का होगा उन्नत व हाईटेक विकास

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ आधुनिकीकरण वाले शहरों में अयोध्या अलीगढ़, सहारनपुर मेरठ, मुरादाबाद, बरेली और फिरोजाबाद जिले भी शामिल

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को नई दिशा देने के लिए जीआईएस (ज्योग्राफिकल इंफॉर्मेशन सिस्टम) बेस्ड महायोजना का खाका तैयार किया है। इसके तहत प्रदेश के 59 शहरों का उन्नत तकनीक और हाईटेक सुविधाओं से विकास किया जाएगा। सरकार के फैसले से प्रदश के विभिन्न शहरों को शहरीकरण की सही दिशा मिलेगी और शहरों के बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महायोजना के तहत 35 शहरों को आधुनिकीकरण के लिए मंजूरी दे दी है। वहीं शेष को जल्द ही हरी झंडी दे दी जाएगी। इन शहरों में अयोध्या, अलीगढ़, सहारनपुर, देवरिया, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, मथुरा, आजमगढ़, प्रयागराज, बरेली, गाजीपुर, रामनगर, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर और मुजफ्फरनगर सहित अन्य शहर शामिल हैं। इन शहरों में उन्नत तकनीकी विकास और आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सरकार जीआईएस तकनीक का उपयोग करके शहरों को वैज्ञानिक और डेटा-आधारित बनाएगी। इसके जरिए शहरों की सड़कों, जल निकासी प्रणाली, ग्रीन स्पेस, ट्रैफिक मैनेजमेंट, सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय मामलों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की जाएंगी। इस तकनीक से शहरी क्षेत्रों में अव्यवस्थित विकास को रोकने और योजनाबद्ध तरीके से बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

महायोजना के तहत शहरों को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा, जिससे उन्हें स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा सके। इन शहरों में ट्रैफिक जाम और अनियंत्रित वाहनों की समस्या को दूर करने के लिए आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाएगा। बारिश के पानी की निकासी और जलभराव से बचाव के लिए प्रभावी जल निकासी प्रणालियों का निर्माण किया जाएगा। वहीं बसों, मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाया जाएगा। इसके साथ ही शहरों में ग्रीन बेल्ट विकसित किए जाएंगे और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए नए पौधे लगाए जाएंगे। सरकार की महायोजना से न केवल शहरों के बुनियादी ढांचे का विकास होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

विभिन्न निर्माण कार्यों, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपोर्ट सिस्टम और टेक्नोलॉजी आधारित सेवाओं से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। जीआईएस आधारित योजना से शहरी विकास में पारदर्शिता आएगी। इससे अधिका. रियों को योजनाओं की सही निगरानी करने और किसी भी क्षेत्र में आवश्यक बदलाव करने में आसानी होगी। साथ ही, सरकार को शहरों के विकास से संबंधित सटीक डेटा मिलेगा, जिससे योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

### आतिशी ने महिलाओं को 2500 रुपये देने के लिए सीएम रेखा गुप्ता को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शुक्रवार को एक पत्र लिखकर महिलाओं को 2500 रुपए देने का वादा पूरा करने की मांग की। सुश्री आतिशी ने सुश्री गुप्ता को एक पत्र लिखकर कहा कि दिल्ली की लाखों माताओं-बहनों की ओर से आपको यह पत्र लिख रही हूं और आपको याद दिलाना चाहती हूं कि 31 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका में आयोजित रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से वादा किया था कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में 2500 रुपए प्रतिमाह देने की योजना पारित होगी और महिला दिवस पर महिलाओं के खातों में पैसे आने शुरू हो जाएंगे। उन्होंने सभी महिलाओं को सलाह दी थी कि वे अपने बैंक खाते से अपने मोबाइल नम्बर को जोड़ लें, ताकि जब उनके अकाउंट में पैसे आएंगे तो उनके फोन पर इसकी जानकारी मिल सके। सुश्री आतिशी ने कहा है कि अब महिला दिवस में सिर्फ एक दिन बचा है। पूरी दिल्ली की महिलाएं इस दिन का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हैं। वे उम्मीद लगाए बैठी हैं कि आठ मार्च से उनके अकाउंट में पहली किस्त आनी शुरू हो जाएगी, जैसा कि भाजपा ने वादा किया था। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री जी, दिल्ली की महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए तुरंत उनके खातों में पैसे ट्रांसफर किए जाएं।

# जम्मू-कश्मीर में महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा

जम्मू, वार्ता



■ 112 लाख का बजट पेश, गरीबों को मुफ्त बिजली मिलेगी

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को यहां विधानसभा में केन्द्र शासित क्षेत्र का 2025-26 का 1.12 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बजट पेश किया। श्री अब्दुल्ला के पास वित्त विभाग का भी दायित्व है। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि अगले वित्त वर्ष के बजट में कुल 1,12,310 करोड़ रुपए के व्यय का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट केवल आय-व्यय का हिसाब नहीं बल्कि यह एक नए और समृद्ध जम्मू-कश्मीर का खाका है, जिसमें केन्द्र शासित क्षेत्र की जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने बजट में गरीबों को मुफ्त बिजली और महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मफ्त यात्रा, पत्रकारों के लिए उनके कामकाज के लिए बेहतर सुविधा की घोषणा की है। बजट में राजस्व प्राप्तियां 97,982 और पूंजीगत प्राप्तियां 14,328 करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया गया है। इसी तरह उन्होंने कहा कि राजस्व मद पर खर्च 79,703 करोड़ रुपए और पूंजीगत व्यय 32,607 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि बजट में 28,000 करोड़ रुपए के ओवरड्राफ्ट और रोजमर्रा के काम के लिए अग्रिम राशि को भी जोड़ दिया जाएं, तो 2025-26 में जम्मू कश्मीर प्रशासन का सकल व्यय 1,40,309.99 करोड़ रुपए होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को यात्रा की मुफ्त सुविधा देने से शिक्षा और रोजगार में उनकी भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है और नौकरियों में उनका हिस्सा बढ़ाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने लखपति दीदी योजना के तहत जम्मू-कश्मीर में 40 हजार महिलाओं को सूक्ष्म स्टार्टअप इकाईयों शुरू करने में मदद का प्रस्ताव किया है। इस योजना का लक्ष्य महिलाओं को साल भर में कम से कम एक लाख रुपए की आय वाले कारोबार के लिए मदद करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर हो सकें।

## अर्थ व्यापार

# गिरावट के दबाव में शेयर बाजार सपाट बंद

मुंबई, वार्ता



अमेरिकी टैरिफ नीति को लेकर विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर तेरह समूहों में हुई एक फीसदी से अधिक तक की बिकवाली वहीं अन्य समूहों में लिवाली होने से आज शेयर बाजार सपाट बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 7.51 अंक फिसलकर 74,332.58 अंक जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.80 अंक बढ़कर 22,552.50 पर सपाट रहा। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में घटबढ़ रही। इससे मिडकैप 0.30 प्रतिशत की गिरावट लेकर 39,888.29 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,606.86 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4114 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2512 में लिवाली जबकि 1468 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। हालांकि निफ्टी की 30 कंपनियां लाल जबकि अन्य 20 हरे निशान पर रहीं।

बीएसई के 13 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे सीडी 0.27, एफएमसीजी 0.04, वित्तीय सेवाएं 0. 07, हेल्थकेयर 0.36, आईटी 0.83, यूटिलिटीज 0.91, बैंकिंग 0.08, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.11, पावर 0. 59, रियल्टी 0.75, टेक 0.59, सर्विसेज 0.41 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.84 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49, जर्मनी का डैक्स 1.41, जापान का निक्केई 2.17, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ 74,347.14 अंक पर खुला, लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 74,038.03 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं लिवाली होने से दोपहर से पहले यह 74,586-43 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 74,340-09 अंक के मुकाबले 0.01 प्रतिशत फिसलकर 74,332. 58 अंक पर सपाट रहा। वहीं निफ्टी 36 अंक गिरकर 22,508.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,464.75 अंक के निचले, जबकि 22,633.80 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,544. 70 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत बढ़कर 22,552.50 अंक पर सपाट बंद हुआ।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 638.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट से 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सप्ताह की तेजी गंवा दी और 1.8 अरब डॉलर घटकर 638.7 अरब डॉलर पर आ गया।

इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 प्रतिशत के इजाफे के साथ 640.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 49.3 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 543.4 अरब डॉलर पर आ गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.3 अरब डॉलर लुढ़ककर 73.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 2.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 17. 99 अरब डॉलर हो गया।

# मूंगफली तेल सस्ता, चना व दाल गिरी

नई दिल्ली, वार्ता



**विदेशी** बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से शुक्रवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में मूंगफली तेल सस्ता हो गया तथा चना और दाल चना के भाव गिर गए, वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 77 रिंगिट चढ़कर 4821 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.16 सेंट की गिरावट के साथ 43.01 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में मूंगफली तेल में 294 रुपए प्रति लक्वटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चना और दाल चना के 150-150 रुपए प्रति लक्वटल गिरने के अलावा अन्य दालों में टिकाव रहा। मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700- 5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200- 9300, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल: 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4280-4380, चीनी एम- 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18168 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# ओडिशा में दुष्कर्म की घटनाएं नहीं रोक पा रही डबल इंजन की सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ प्रदेश प्रभारी अजय कुमार लल्लू व चरण दास ने लगाए गंभीर आरोप

**कांग्रेस** ने कहा है कि ओडिशा में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही है और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार इन अपराधों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, लेकिन कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और महिलाओं की आवाज बनकर काम करती रहेगी।

कांग्रेस के ओडिशा के प्रभारी अजय कुमार लल्लू तथा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस ओडिशा में 24 साल तक बीजू जनता दल (बीजद) की सरकार रही है वहां 2009 में सत्ता में भागीदार रही भाजपा अब पूरे बहुमत के साथ वहां सरकार में है। भाजपा-बीजद के बीच केंद्र तथा राज्य में बार बार राजनीतिक स्वार्थ के लिए काम करते हुए समय-समय पर अपनी रणनीति को बदला है और स्वार्थ से ऊपर उठकर कभी जनता के हित खासकर महिलाओं के लिए कोई काम नहीं किया। दोनों दलों ने सत्ता में रहते हुए महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा पर कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पिछले आठ महीने की भाजपा सरकार में खुद मुख्यमंत्री का मानना है कि 3,420 महिलाएं और 8,403 बच्चे लापता हैं। वहीं इन आठ महीनों में 54 सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। ओडिशा में नाबालिग बच्चियों के बलात्कार और हत्या की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इतना सब होने के बावजूद भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार चुप है।

उन्होंने दुष्कर्म की कुछ घटनाओं का विवरण देते हुए सवाल करते हुए कहा कि मलकानगिरी में एक आदिवासी रेजिडेंशियल स्कूल है, जहां एक दसवीं कक्षा की बच्ची प्रेगनेंट हो जाती है। जब वो बच्ची परीक्षा देने जाती है, तो उसका प्रसव हो जाता है। जाजपुर जिले में एक स्कूल की बच्ची अभी भी प्रेगनेंट है। मुख्यमंत्री के गृह जिले केउंझर में एक छठी कक्षा की एक बच्ची प्रेगनेंट है। केन्द्रापड़ा जिले में एक 12वीं कक्षा की छात्रा ने आत्महत्या की है और कोरापुट में नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप हुआ है। सवाल है कि इतने दिनों तक वॉर्डन और हेडमास्टर कहां थे। आवासीय स्कूलों के लिए विजिटर होते हैं, वो कहां थे। क्या इन सभी बच्चियों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री न्याय देंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ओडिशा में बच्चियों के साथ लगातार अपराध और दरिंदगी हो रही है। कांग्रेस पार्टी इन मामलों पर किसी भी हाल में चुप नहीं रहेगी। जब हमने इन अपराधों के खिलाफ आवाज उठाई, तो ओडिशा के मुख्यमंत्री कहते हैं कि बीजद सरकार में ऐसे अपराध ज्यादा हुए थे और हमारी सरकार में कम हुए हैं।

मुख्यमंत्री बीजद के 24 साल के पाप के साथ अपने आठ महीने के पाप की तुलना कर रहे हैं और यह बेहद शर्मनाक है।ह उन्होंने राज्य में महिलाओं के सथ हो रहे अत्याचार पर ध्यान देने की सरकार से मांग करते हुए कहा कि ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध पर भारत सरकार ध्यान दें क्योंकि अपराध रोकने पर ध्यान दें और अगर ध्यान नहीं दिया गया तो उच्चतम न्यायालय को इसे संज्ञान में लेकर एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के जरिए सरकार को आदेश देना चाहिए कि वह अपनी जिम्मेदारी समझे ओर रवैया बदले। ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2022 में 9.3 प्रतिशत थी, लेकिन अब आठ प्रतिशत की दर से बढ़े अपराधों को लेकर 31,000 मामले दर्ज हुए हैं। इन अपराधों से आदिवासी और दलित महिलाएं ज्यादा पीड़ित हैं। जब तक इन महिलाओं को न्याय नहीं मिलता ओडिशा कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AMEER MALIK (पुराना नाम) से बदलकर AAMIR MALIK (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे AAMIR MALIK (नया नाम) S/O ABDUL AZIZ के नाम से जाना पहचाना जाए, वर्तमान पता 266, Ward No.9 Boring Gali Kichha (Udham Singh Nagar) Pin-263148 Uttarakhand

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड बाजपुर जनपद उधम सिंह नगर**
Email Id - twdbazpur@gmail.com

पत्रांक:- 248/न0ख0बा0/निविदा/24-25 दिनांक:- 7/3/2025

**शुद्धि पत्र**

इस खण्ड की ई-निविदा सं0 06/निविदा/2024-25, जो दिनांक 07.03.2025 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई है। जिसमें निविदा प्रसारण की तिथि त्रुटिवश 06.03.2024 अंकित हो गयी है। उक्त दिनांक को 06.03.2024 के स्थान पर दिनांक 06.03.2025 पढा जाये।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।

(राजेश कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है

आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।

काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



मुकद्दस रमजान 07

सुन्नी
शनिवार अफतार 6:24 | रविवार सेहरी 5:15

शिया
शनिवार अफतार 6:29 | रविवार सेहरी 5:20

मुकद्दस रमजानुल मुबारक
की हार्दिक शुभकामनाएं



हाजी मौहम्मद सुलेमान अंसारी
प्रदेश सचिव
कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड
पूर्व ग्राम प्रधान
मेहुंवाला माफी, देहरादून।

आपके व्यापार को दे मजबूत आधार
शाह टाइम्स
का बाजार

# महिला सशक्तिकरण योजनाओं का होगा परफॉर्मेंस ऑडिट

## मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ऑडिट के लिए निर्देश दिए

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के उत्तरकाशी आगमन को शीतकालीन यात्रा को डबल इंजन की रफ्तार देने वाला बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओ की शुरूआत से अभी तक कितनी महिलाओं को लाभ पंहुचा हैं, इस सम्बन्ध में सटीक जानकारी तलब करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सभी योजनाओं के परफोरमेंस ऑडिट करने के निर्देश दिए हैं।

सीएस ने योजनाओं के लक्षित वर्ग पर पड़ने वाले प्रभाव के आधार पर योजनाओं के गुणवत्ता में सुधार करते हुए रिमॉडयूलेशन के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सचिव स्तर पर इन योजनाओं के रिमॉडयूलेशन के ड्राफ्ट पर कार्य करने की जिम्मेदारी तय की है। लक्षित वर्ग को योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने को लेकर मुख्य सचिव रतूड़ी ने योजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन की हिदायत दी है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी आज सचिवालय में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के तहत उत्तराखण्ड महिला एवं बाल विकास समिति की महासभा की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास को मुख्यमंत्री महिला सतत आजीविका योजना के साथ ही विभिन्न विभागों की और से संचालित महिलाओं की आजीविका से जुड़ी सभी योजनाओं को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बालि. का शिक्षा प्रोत्साहन के तहत मेधावी छात्राओं हेतु देशभर में शैक्षिक भ्रमण करवाने की योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में भी महिलाओं एवं बालिकाओं में मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता को प्रोत्साहित करने को लेकर मुख्य सचिव ने आंगनबाड़ियों के माध्यम से सैनेटरी नैपकिन के वितरण की कार्ययोजना पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने महिलाओं के लिये एनिमिया उन्मूलन अभियान को जन अभियान बनाते हुए गम्भीरता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव को बाल कल्याण निधि, किशोरियों, बालिकाओं व महिलाओं के लिये सेनेटरी नैपकिन योजना, मुख्यमंत्री सतत आजीविका योजना एवं उत्तराखण्ड महिला समेकित विकास योजना की वर्ष 2019 से 2024 तक की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से अवगत कराया गया। स्वच्छता को प्रोत्साहित करने पर जोर देने को कहा।

बैठक में सचिव चंद्रेश यादव, विनय शंकर पाण्डेय, नीरज खैरवाल सहित शिक्षा, वित्त, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री ने दी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों विशेष रूप से मातृशक्ति को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज अथवा राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। भारतीय संस्कृति में शक्ति की पूजा की जाती रही है, महिला समाज की मार्ग दर्शक के साथ ही प्रेरणा का स्त्रोत भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के बेहतर भविष्य के लिए उनका वर्तमान संवारने के लिए राज्य सरकार द्वारा कारगर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत तथा उत्तराखंड सहकारी समितियों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश में अब तक 01 लाख लखपति दीदी बनाई जा चुकी है। अगले वर्ष तक यह लक्ष्य 2.50 लाख करने का रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने समान नागरिक संहिता लागू कर राज्य की जनता से किया वादा पूरा किया है। यह महिलाओं के सम्मान से जुड़ा कानून भी है। कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं की आर्थिकी को मजबूती प्रदान की जा रही है।

## महिलाओं को समानता का अधिकार देने का लें संकल्प: मुख्य सचिव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय के सभी कार्मिकों को कहा कि मेरा सभी से आग्रह है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम महिलाओं को समानता का अधिकार देने का संकल्प लें। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तराखंड सचिवालय संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होने कहा कि हम सभी को प्रतिज्ञा करनी होगी कि यदि हम अपने आसपास, परिवार या समाज में कहीं भी महिलाओं के प्रति किसी प्रकार का भेदभाव देखे तो उसके खिलाफ आवाज उठाएंगे। हमें महिलाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य सुधार के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है। इससे हम पूरे समाज और देश में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। विकसित भारत, सशक्त उत्तराखंड विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें अपनी आधी आबादी को बराबरी का अधिकार देते हुए कार्यबल में शामिल करना होगा। यदि हमे जीएसडीपी को दुगना करने का लक्ष्य जल्द पूरा करना है तो अधिक से अधिक महिलाओं को भी वर्कफोर्स से जोड़ना होगा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों तथा होमगार्ड को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सचिवालय के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

# होली से पहले मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई

■ खाद्य सुरक्षा विभाग ने पकड़ा तीन कुंतल पनीर व 60 किलो मावा, मौके पर किया नष्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** होली के मद्देनजर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावटखोरों के खिलाफ बड़े पैमाने पर सघन अभियान चलाया जा रहा है।

आयुक्त व स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार के निर्देशानुसार प्रदेशभर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें मिलावटी खाद्य पदार्थों पर कड़ी नजर रख रही हैं और लगातार छापेमारी कर रही हैं। इसी क्रम में धुलकोट, विकासनगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 कुंतल पनीर एवं 60 किलोग्राम मावा जब्त किया गया। यह माल हरिद्वार (मंगलौर) से लाया गया था और इसे प्रेमनगर, धुलकोट, सेलाकुई एवं सहसपुर में आपूर्ति किया जाना था।



खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि आयुक्त एवं स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार के निर्देशों पर पूरे प्रदेश में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बॉर्डर क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि बाहरी राज्यों से मिलावटी और घटिया खाद्य सामग्री की आपूर्ति को रोका जा सके।

छापेमारी के दौरान पकड़े गए संदिग्ध खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

### मिलावटखोरों पर विभाग की पैनी नजर

होली से पहले मिठाइयों, दूध, मावा, पनीर, खाद्य तेल, मसाले व अन्य खाद्य पदार्थों की गहन जांच कर रही हैं। देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर व नैनीताल जैसे जिलों में खास सतर्कता बरती जा रही है, क्योंकि यहां मिलावटी खाद्य सामग्री की आपूर्ति अधिक होती है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि हाल ही में हुई छापेमारी में कई अन्य स्थानों पर भी संदिग्ध खाद्य पदार्थ पाए गए हैं, जिनके सैंपल लैब जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ भोजन सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जनता से अपील: मिलावटखोरों की दें सूचना

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी मिलावटी खाद्य सामग्री बेची या वितरित की जा रही हो, तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को टोल फ्री नंबर पर दें। मिलावटी खाद्य पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है।





# पीएम के फिट इण्डिया अभियान में योग की अहम भूमिका: महाराज

■ देश-विदेश के लगभग 410 प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योगाभ्यास किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

ऋषिकेश। ऋषिकेश न केवल चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार है वरन विश्व योग व आध्यात्म की अन्तर्राष्ट्रीय राजधानी भी है। इस देव भूमि में ऋषि-मुनियों ने कठिन साधना कर स्वास्थ्य रक्षण के लिए योग और प्रणायाम के ऐसे सूत्र तलाशे हैं जो मानव सभ्यता के लिए वरदान साबित हुए हैं।।



यह बात अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के समापन अवसर पर शुक्रवार को शीशम झाड़ी, मुनि की रेती स्थित गंगा रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कही।

महाराज ने कहा कि ऋषिकेश सदियों से योग की भूमि रही है। दुनिया भर के संत, महात्मा व साधक की यह साधना भूमि रही हैं।

उत्तराखण्ड को योग की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस बार भी अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव 1 मार्च से 07 मार्च तक गंगा जी के पवित्र तट पर आयोजित किया गया। इस आयोजन में देश-विदेश के लगभग 410 प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योगाभ्यास किया। योग महोत्सव में विभिन्न देशों से आए 38 विदेशी साधकों ने भी भाग लिया जो कि स्पेन, कनाडा, इजराईल, जर्मन, फ्रांस, नीदरलैंड, जापान, रोमानिया, सिंगापुर, यूएसए, मैक्सिको, इण्डोनेशिया, एर्जेटिना आदि देशों से आए हैं।

योग क्रियाओं का अभ्यास कराने वाले प्रमुख योग गुरूओं में स्वामी आत्मस्वरूपानंद सरस्वती, योगिनी उषा माता, ग्रैण्ड मास्टर अक्षर, डॉ. लक्ष्मीनारायण जोशी, योगिनी उर्मिला पाण्डे, योगी अभिषेक सोती, डॉ. अर्पिता नेगी, कपिल संधी, डॉ. नवदीप जोशी, स्वामी बोद्धी वर्धमान, डॉ. अमित राज, स्वामी जितानंद, योगी जयदेवन, डॉ. विपिन जोशी आदि प्रमुख हैं। महाराज ने सभी से अपील की कि हम योग के महत्व को और अधिक फैलाने का संकल्प लें।

## ग्रास रूट लेवल पर काम करके निकलेंगे चैंपियन : रेखा आर्या

■ तेलंगाना के हैदराबाद में चिंतन शिविर में बोली खेल मंत्री रेखा आर्या, ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का प्रदर्शन सुधारने पर विचार विमर्श



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**हैदराबाद/देहरादून।** तेलंगाना के हैदराबाद में शुरू हुए चिंतन शिविर में उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि देश को अगर खेलों में चौंपियन पैदा करने हैं तो ग्रास रूट लेवल पर बड़ा काम करना होगा। शिविर में सभी राज्यों से आए खेल मंत्रियों ने ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का प्रदर्शन सुधारने पर विचार विमर्श किया।

हैदराबाद के कन्हा शांति वनम के भवन में कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने किया। डॉ. मंडाविया ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की कल्पना की है और राज्यों से इस महत्वाकांक्षा को साकार करने में सक्रिय रूप से योगदान देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिभा को हर गांव, कस्बे, शहर में स्कूल लेवल पर ही पहचानना होगा और उन्हें विशेष संरक्षण देकर निखारने का काम करना होगा। रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड में इसी तरह की दो योजनाएं उदीयमान खिलाड़ियों को लेकर चलाई जा रही है और अब इन योजनाओं का नतीजा भी सामने आने लगा है। ओलंपिक जैसे इवेंट के लिए संभावित खिलाड़ियों का चयन समय रहते करने से पदक जीतने में मदद मिलेगी।

### 38 वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन पर खेल मंत्री और उत्तराखंड की वाहवाही

चिंतन शिविर के दौरान अन्य राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से आए खेल मंत्रियों ने भी अपने विचार रखें। शुक्रवार को खेल मंत्री रेखा आर्या के संबोधन के दौरान 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन की चर्चा होने पर पूरे सभागार ने तालियां बजाकर खेल मंत्री और उत्तराखंड की जनता ने बधाई दी। रेखा आर्या ने इस अवसर पर कहा कि उत्तराखंड में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल सुविधाएं तैयार की गई है और इसका फायदा दूसरे राज्यों के खिलाड़ी भी ले सकते हैं।



## एक नजर

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** अज्ञात कारणों के चलते एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही कर दी है। मृतका का पति कलकत्ता में नौकरी करता है। मूल रूप से ओडिसा के रहने वाले सूरजकान्त मोहंती का परिवार बाज़पुर रोड स्थित आलूफार्म के पास रहता है और सूरजकांत कोलकाता में रहकर नौकरी करता है। बीते 15 दिन पूर्व सूरजकांत मोहंती की पत्नी रोजलीन मोहंती ने अपने 11 साल की बेटी कल्पना और 4 साल के बेटे मयंक के साथ सुभाष नगर वार्ड नंबर 15 में गन्ना विभाग में गन्ना पर्यवेक्षक के पद पर रहे सुरेंद्रनाथ सिंह के मकान में किराए पर कमरा लिया था। देर रात रोजालीन ने अपने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला जब रोजलीन की 11 वर्षीय बेटी कल्पना सुबह उठी। कल्पना ने मां को फांसी के फंदे पर लटका देख पहले पापा को फोन कर इसकी जानकारी दी उसके बाद उसने तुरंत मकान मालिक को फोन कर घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने है मौके पर पहुंचे पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया।

### चार दिन के लिए बंद हुआ रेलवे क्रॉसिंग

**काशीपुर।** नए रेलवे ट्रैक निर्माण के चलते चीमा रेलवे क्रासिंग आज से चार दिन तक बंद किया जाएगा। इसके लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। काशीपुर रेलवे जंक्शन के सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ एसके सुमन के मुताबिक काशीपुर-रामनगर के बीच चीमा चौराहा के पास रेलवे फाटक संख्या 42 स्पेशल पर प्लासर क्विक रिलेइंग सिस्टम पीक्यूआरएस से ट्रैक डिस्टमेंटल कर नया ट्रैक बनाने का कार्य होगा। एमएआई मशीन से पैकिंग का कार्य चार से सात मार्च तक होना था लेकिन अपरिहार्य कारणों के चलते नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि अब यह कार्य 07 से 10 मार्च तक किया जाएगा। इसके लिए सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चीमा चौराहा से कुंडेश्वरी मार्ग पर फाटक सड़क यातायात के लिए बंद रहेगा। वाहन चालक टांडा चौराहा से शुगर मिल और बाजपुर मार्ग आरओबी का प्रयोग कर सकते हैं।

### वकीलों की 17वें दिन भी हड़ताल, रैली निकाली

**काशीपुर।** उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वर्चुअल रजिस्ट्री, बैनामा, वसीयत, विवाह पंजीकरण शादी ऑनलाइन किए जाने के विरोध में आज 17वें दिन भी तहसील, उपनिबंधक कार्यालय में अधिवक्ताओं का धरना जारी रहा। वकीलों का कहना है कि उत्तराखंड सरकार द्वारा लगातार अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार व सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जिस कारण अधिवक्तागण, उनके सहायक, लिपिक, कातिब, दस्तावेज लेखक आदि बेरोजगार होने के कगार पर आ गए हैं। जब तक सरकार द्वारा इस फैसले को वापस नहीं लिया जाएगा तब तक अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उक्त धरने के बाद आज महाराणा प्रताप चौक तक रैली भी निकाली गई। उक्त धरने में काशीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, अनूप कुमार शर्मा, नृपेंद्र कुमार चौधरी, सूरज कुमार, विजय सिंह, सौरभ शर्मा, हिमांशु बिश्नोई, सतपाल सिंह बल, कामिनी श्रीवास्तव, राजेंद्र सैनी, नरेश कुमार पाल, सुधीर चौहान, वीर सिंह, सचिन खुराना, अर्पण अरोड़ा, लवदीप सिंह ढिल्लों, सलीम अहमद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### बीएड विभाग में निबंध प्रतियोगिता

**काशीपुर।** राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर महाविद्यालय के बीएड विभाग में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 45 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक 'विजन विकसित भारत 2047' रखा गया था। बीएड विभाग के अध्यक्ष डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि प्रथम स्थान सलोनी रानी, द्वितीय स्थान गोपेंद्र कुमार एवं रचना तथा तृतीय स्थान शीतल पंत एवं जुएब सिद्दीकी ने प्राप्त किया है। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. रिम्पी पाल एवं डॉ. शक्ति सिंह राणा थे। इस अवसर पर बीएड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार शर्मा और डॉ. सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।

### शिव मन्दिर में हुई मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा

**काशीपुर।** बड़े गुरुद्वारे के समीप स्थित आनन्द नर्सरी के सामने नवनिर्मित श्रीराधाबल्लभ शिव मन्दिर में जयपुर से लाकर स्थापित की गई शिव परिवार, श्रीराधाकृष्ण, हनुमान जी की मूर्तियों एवं शिवलिंग की की प्राण प्रतिष्ठा बाजेगाजे के साथ धूमधाम से की गई। उल्लेखनीय है कि मन्दिर की भूमि पं. बाबूराम शर्मा द्वारा क्रय गई थी जिसमें उनके द्वारा मन्दिर निर्माण कराया जाना था। पिछले वर्ष उनके आकस्मिक देहावसान के उपरांत स्व. पंडित बाबू राम शर्मा की स्मृति में पं. राघवेन्द्र नागर के नेतृत्व में उनके मित्रों एवं गणमान्य व्यक्तियों के सहयोग से उक्त भूमि पर भव्य मन्दिर का निर्माण किया गया। मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा से पूर्व वार्ड की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। तदुपरांत मन्दिर में मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा पं. राघवेन्द्र नागर द्वारा यजमान अर्पित बंसल, महेन्द्र कुमार, अशोक महरोत्रा, डा. सतीश अरोरा व सुमित वर्मा से कराई गई। हवन पूजन व भण्डारे का आयोजन कर मन्दिर आम जनमानस को समर्पित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट संदीप सहगल, सुरेश सैनी, विमल गुड़िया, विनय विश्नोई, नीरज ठाकुर, डा. सतीश, सुमित वर्मा, डा. आशाराम, रामकुमार, ममता शर्मा, माया, रीना गुप्ता, चांदनी, कु. कविता व संगीता आदि तमाम लोगों उपस्थित रहे।

# नई शोध तकनीक पर काम करने की जरूरतः कोश्यारी

## पंतनगर विश्वविद्यालय में 117वें प्रसिद्ध कृषि कुम्भ का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के 117वें अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन आज मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल, महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड भगत सिंह कोश्यारी द्वारा फीता काटकर किया गया। विशिष्ट अतिथि माननीय सांसद नैनीताल-ऊधमसिंह नगर अजय भट्ट के साथ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा, विधायक लाल. कुआं मोहन सिंह बिष्ट, विश्वविद्यालय प्रबंधन परिषद के सदस्य एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, कार्यवाहक निदेशक शोध डा. पीके सिंह एवं अन्य अतिथि मंच. ासीन थे। मेले के उद्घाटन के पश्चात कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा भगत सिंह कोश्यारी एवं विशिष्ट अतिथियों को मेले में लगी उद्यान प्रदर्शनी तथा विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों द्वारा लगायी गयी



विभिन्न प्रदर्शनियों के स्टालों का अवलोकन कराया गया।

तदोपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा राज्य के उत्कृष्ट किसानों, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों को दीक्षांत पण्डाल में संबोधित किया गया। मुख्य अतिथि श्री कोश्यारी ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा किये जा रहे नवीन कार्यो की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के एक प्रकाशन एनहैंसमेंट फॉर इकोनामिक एंपावरमेंट नामक पुस्तक का जिक्र करते हुए कहा कि जहां एक ओर महिलाएं पर्दे में थी वहीं आज के दौर में महिलाएं वैज्ञानिक के रूप में विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों को नयी तकनीक शोध पर अधिक कार्य करने की आवश्यकता है जिससे किसान उन तकनीकों को अपना कर अपनी आय में वृद्धि कर सके। विशिष्ट अतिथि अजय भट्ट द्वारा विश्वविद्यालय में आयोजित किये गये 17वीं कृषि विज्ञान सम्मेलन में आए हुए देश ही नही बल्कि विदेशों




के वैज्ञानिकों को एक मंच पन्तनगर विश्वविद्यालय ने दिया। इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को धन्यवाद दिया और कहा कि उत्तराखण्ड लगातार देश के किसानों के हित में प्रयासरत है और पन्तनगर विश्वविद्यालय इस ओर एक अहम भूमिका निभा रहा है, जो किसान मेला के रूप में किसानों के मध्य नवाचारों और नवीन तकनीकों एवं प्रजातियों को पहुंचा रहा है। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि प्रसार शिक्षा निदेशालय के 9 कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा धान, गेहूं ही नहीं अपितु गाय, बकरी, कुक्कुट, जय गोपाल वर्मीकम्पोस्ट का भी प्रदर्शन किया जा रहा है, जिससे किसान उन सभी व्यवसाय को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं और किसानों के मध्य जा कर वैज्ञानिक उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे है तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा गत वर्ष 355 प्रशिक्षण विभिन्न विषयों पर आयोजित किए गए हैं। उन्होंने प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा वर्ष में दो बार किसान मेला के माध्यम से किसानों को नवाचार, तकनीक और नवीन प्रजातियां की जानकारी प्रदर्शन के माध्यम से प्रदान की जा रही है। उद्घाटन सत्रा के प्रारम्भ में निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। उद्घाटन सत्रा में डा. पीके सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा विभिन्न कृषि साहित्यों का विमोचन किया गया तथा उत्तराखण्ड के विभिन्न जिलों के कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से चयनित 9 कृषकों को सम्मानित किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान मेला प्रांगण में कुलसचिव, निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, अधिष्ठाता, निदेशकगण, संकाय सदस्य, किसान, विद्यार्थी, वैज्ञानिक, शिक्षक, अधिकारी, विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधि एवं अन्य आगंतुक उपस्थित थे। मेले में उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों के साथ-साथ अन्य प्रदेशों तथा नेपाल के किसान भी उपस्थित थे।

## दो दिवसीय होलिकोत्सव का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में महिला कल्याण संस्था की ओर से नंदादेवी मंदिर परिसर में दो दिवसीय होलिकोत्सव का शुक्रवार को शुभारंभ हो गया है। मौके पर महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर,



गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होलिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, विशिष्ट अतिथि डीएलएसए सचिव शचि शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, समिति अध्यक्ष रीता दुर्गापाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि महिला कल्याण संस्था के प्रयास सराहनीय है। जिसके बाद होलिकोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। होली गीतों का शुभारंभ भगवान गणेश की स्तुति के साथ किया। इसके बाद नगर के विभिन्न मोहल्लों की महिलाओं और स्कूली बच्चों ने ढोलक और मंजीरें की थाप पर होली गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। यहां नंदादेवी मंदिर में महिला होल्यारों ने सिद्धि को दाता विध्न विनाशक होली खेले गिरजापति नंदन... होली गीत गाकर महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके अलावा मुझे मिल गया नंद का लाल रसिया होलिन..., आज नंद लाल संग खेलूंगी होली..., जल कैसे भरू जमुना गहरी..., गई गई रे असुर तेरी नारी मंदोदरी सिया मिलन गई वागां में..., शिव के मन माही बसे काशी..., सीता राम के ब्याह जनकपुर जाना है.., आदि होली गीतों और अन्य झोड़े गाकर खूब वाहवाही बंटोरी। होलिकोत्सव के शुभारंभ मौके पर महिला होल्यारों ने नंदादेवी मंदिर परिसर में सामूहिक रूप से झोड़ा गायन किया। इससे पूर्व महिला होल्यारों ने मंदिर की विधिवत परिक्रमा की। इस मौके पर महिलाओं ने कां ले छो गंवरा त्वीले जनम आओ हो वसुधारा पड़ी गैछ राता..., महिलाओं ने खोल दे माता खोल भवानी धरम किवाड़ा... समेत कई कुमाउनी झोड़ों की शानदार प्रस्तुति दी। यहां रवि रौतेला, रेखा रौतेला, ललित लटवाल, रंगकर्मी बृजमोहन जोशी, रमेश लाल, ललिता जोशी, मंजू पांडे, मनोज वर्मा, मनोज सनवाल, आनंद सिंह बगड़वाल, चंद्रा अग्रवाल, मीता उपाध्याय, पुष्पा सती, सुनैना मेहरा, मंजू जोशी, ममता चौहान, गीता शाह, आशा पंत, आशा कर्नाटक, रेखा चौहान, अनुराधा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, अनीता रावत, रमा जोशी, राधिका जोशी, दीपा सतीश जोशी, आशा कर्नाटक, आदिति अग्रवाल पांडे, सरला बिष्ट, दीपा जोशी समेत बड़ी संख्या में विभिन्न मोहल्लों की महिला होल्यार मौजूद रही।

### ताड़ीखेत में लगा बहुउद्देशीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** ताड़ीखेत विकास खंड के श्रद्धानंद खेल मैदान में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं राशन कार्ड से संबंधित 49 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि कुछ मामलों को आगे की कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया। शुक्रवार को शिविर का शुभारंभ विधायक डा. प्रमोद नैनवाल, प्रशासक हीरा रावत और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आनंद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शिविर के दौरान ग्राम ज्यूली में जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन न लगने की समस्या उठाई गई, जबकि ग्राम हिडाम के गोपाल दत्त नैनवाल ने जंगली जानवरों द्वारा हो रहे नुकसान का मुद्दा रखा, जिसके समाधान के लिए जिला उद्यान विभाग को प्रस्ताव भेजा गया। स्थानीय विधायक ने अधिकारियों को कहा कि यहां आई समस्याओं को गंभीरता से लें। उनका समाधान भी जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन लोगों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए किया जाता है। इसलिए लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिले। इस शिविर के माध्यम से लोगों ने विभिन्न विभागीय कार्यो का लाभ लिया। विभागों द्वारा लोगों को आवश्यक सामग्री भी वितरित गई। यहां उपजिलाधिकारी सुनील कुमार, प्रशासक विकासखंड ताड़ीखेत हीरा सिंह रावत, मंडल अध्यक्ष ललित मेहरा, मुकेश पांडे, राम सिंह रावत, मंजीत भगत, ध्यान सिंह नेगी, शंकर बुधौडी, प्रदीप बिष्ट, प्रमोद रावत, सुरेश फर्त्याल, तहसीलदार थे।

## पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से दो गोतस्कर घायल

### तस्करों के पास से तमंचे-कारतूस व अन्य सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** एसओजी और पुलिस की गौ तस्करों से हुई मुठभेड़ में दो गौ तस्कर घायल हो गये जिन्हें गिरफ्तार कर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएसपी उधमसिंहनगर मणिकांत मिश्रा, एसपी अभय सिंह ने मौके पर पहुंच कर मुठभेड़ की जानकारी ली और घायल गौ तस्करों का हाल जाना। बृहस्पतिवार देर रात एसओजी काशीपुर प्रभारी एसआई रवीन्द्र बिष्ट, हेड कांस्टेबल कुमार, कांस्टेबल दीपक कठैत, कैलाश तोमक्याल, प्रदीप कुमार, कुलदीप कुमार के साथ गश्त करते हुए बैलजुड़ी मोड़ से नया ढेला पुल होते हुए श्मशान घाट गेट के पास पहुंचे, जहां एसआई मनोज धौनी, सुनील सुतेड़ी व कांस्टेबल मनोहर गंगोला मौजूद थे। पुलिस व एसओजी की टीम जब काली बस्ती स्थित कब्रिस्तान के पास पहुंची तो एक मुखबिर ने बताया कि तीन व्यक्ति एक पशु को बांधकर ढेला नदी किनारे बाग की ओर काटने के लिए ले गये हैं, यदि आप जल्दी करें तो पकड़े जा सकते हैं, उनके पास अवैध हथियार भी हैं। एसओजी व पुलिस की टीम उस स्थान पर पहुंची तो देखा कि तीन व्यक्तियों ने पेड़ों एवं झाड़ियों की आड़ में पशु के पैर रस्सी से क्रूरतापूर्वक बांध रखे थे, जबकि एक व्यक्ति ने अपने हाथों में छुरा था।



एसओजी प्रभारी रवीन्द्र बिष्ट ने टीम के साथ सभी को घेर लिया और सरेंडर करने को कहा। खुद को घिरा देख गौ तस्करों ने जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर चार फायर कर दिये। इस पर पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षा में चेतावनी देते हुए गौ तस्करों पर फायर किये। जिस पर तस्कर वहां से भागने लगे। पुलिस टीम ने गौ तस्करों का पीछा किया तो दो घायल तस्कर जमीन पर पड़े थे। उनके पांव में गोली लगी थी। जिस पर उन्हें गिरफ्तार कर सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान पूछताछ करने पर दोनों गौ तस्करों ने बताया कि हम सभी आज यहां गाय काटने आये थे। उनके साथ शामिल तीसरे व्यक्ति का नाम इकबाल उर्फ भूरा पुत्र अब्दुल गफूर निवासी नई बस्ती ठाकुरद्वारा मुरादाबाद तथा चौथे का नाम अफजाल पुत्र इकबाल निवासी पुष्प विहार कालोनी, काशीपुर है। घायलों में एक ने अपना नाम इब्राहीम पुत्र मौ. हनीफ निवासी काली बस्ती काशीपुर तथा दूसरे ने अपना नाम आरिफ पुत्र अनवर निवासी वार्ड नंबर-तीन ठाकुरद्वारा, हाल निवासी काली बस्ती काशीपुर बताया। उनके पास से 2 तमंचे 315 बोर मय 2 जिन्दा कारतूस व 3 खोखा कारतूस 315 बोर, 1 गौवंशीय पशु व पशु काटने के उपकरण 1 छुरी, 1 कुल्हाड़ी, 3 कट्टे प्लास्टिक, रस्सियां बरामद हुए। घटना की सूचना मिलने पर एसएसपी उधमसिंहनगर मणिकांत मिश्रा व एसपी काशीपुर अभय सिंह मौके पर पहुंचे तथा मुठभेड़ की जानकारी ली तथा घायल गौ तस्करों का हाल जाना। पुलिस ने दोनों गौ तस्करों के खिलाफ उत्तराखंड गऊ संतान संरक्षण अधिनियम 2007 की धारा 11, 3 आर्म्स एक्ट की धारा 3, 25, बीएनएस की धारा 109, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। फरार अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।




### संचालित हो रही गति विधियों का क्रियान्वयन

**अल्मोड़ा।** विकास भवन में शुक्रवार को सीडीओ दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय कौशल विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद में स्किल गैप को चिन्हित करते हुए कौशल विकास योजना तैयार करने तथा संचालित गति. विधियों को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी राजेंद्र कुमार पंत ने बैठक में जिला कौशल विकास समिति के कार्यों एवं उसकी लक्ष्यों आदि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में विभाग द्वारा क्रियान्वित किए जाने वाली विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत संचा. लित प्रशिक्षण केंद्रों का नियमित परीक्षण एवं उसकी सूचना उत्तराखंड कौशल विकास मिशन को प्रेषित करना है।

## आधुनिक जीवनशैली ने बढ़ाए गर्दन और पीठ दर्द के मरीजः डा. मनीष गर्ग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने आज गर्दन और पीठ दर्द के बढ़ते मामलों को

### मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से जन जागरूकता सत्र

लेकर एक जनजागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य आम जनता को रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याओं के कारणों, रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूक करना था। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मैक्स सुपर




स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डा. मनीष गर्ग ने किया। डा. गर्ग ने सत्र के दौरान कहा आधुनिक जीवनशैली, गलत मुद्रा (बैड पोस्चर) और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण गर्दन और पीठ दर्द के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हल्द्वानी क्षेत्रा से भी कई मरीज गंभीर स्थिति में हमारे पास पहुंच रहे हैं। इस समस्या से बचने के लिए कुछ सरल उपाय अपनाए जा सकते हैं, जैसे सही तरीके से बैठना, लंबे समय तक काम करते समय नियमित अंत. राल पर ब्रेक लेकर स्ट्रेचिंग करना, और रोजाना 30-40 मिनट टहलना या योग करना। ये उपाय गर्दन और पीठ दर्द की गंभीर समस्याओं से बचाव में मददगार साबित हो सकते हैं। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और सभी को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्ध है। अस्पताल विभिन्न शहरों में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## सीएम कल काशीपुर में, देंगे सौगात



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सीएम पुष्कर सिंह धामी रविवार, 9 मार्च को प्रातः 10.30 बजे यहां नगर निगम प्रांगण में करीब 100 करोड़ रुपयों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। यह जानकारी आज नगर निगम सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, महापौर दीपक बाली, वरिष्ठ भाजपा नेता राम मेहरोत्रा एवं मुक्ता सिंह ने देते हुए क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में 9 मार्च को नगर निगम परिसर में पहुंचकर मुख्यमंत्री श्री धामी का स्वागत करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि श्री धामी के नेतृत्व में महापौर दीपक बाली के प्रयासों के चलते ही विकास के क्षेत्र में काशीपुर अब अपनी विशेष पहचान बनाने जा रहा है और जनता जिन-जिन बिंदुओं पर काशीपुर का विकास चाहती थी, अब वह सभी विकास कार्य पूरे होंगे। प्रेस वार्ता के दौरान लवीश अरोरा, राहुल पैगिया, अमित नारंग, कल्पना राणा, पंकज टंडन आदि भी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता के बाद सभी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर हो रही तैयारियों का भी जायजा लिया।

### स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कार्यबहिष्कार पर

**अल्मोड़ा।** पदोन्नति की मांग को लेकर स्वास्थ्य विभाग के मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों का कार्यबहिष्कार जारी है। मामले को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि लंबे समय से कार्य करने के बावजूद कर्मचारियों को पदोन्नति नहीं दी गई है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। कर्मचारियों ने जूनियर क्लर्क से लेकर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पदों में पदोन्नति डीबीसी से करने की मांग की। यहां एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुसाईं, जिलामंत्री हरीश चंद्र जोशी, धीरेंद्र कुमार पाठक, नवीन चंद्र भट्ट, आलोक चौहान, पुष्कर सिंह कनवाल, मोहित वर्मा, प्रमोद भंडारी, अंकित गुप्ता, मनीष तिवारी, केसी भगत, प्रिया मल्ल, जानकी कांडपाल, हर्षा बिष्ट, दीपा पांडे आदि रही।





















# रिपोर्ट पेश करें एसपी बागेश्वर

## बागेश्वर जिले में खड़िया खनन के मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले की तहसील कांडा के कई गांवों में खड़िया खनन से आई दरारों के मामले में स्वत: संज्ञान लेकर पंजीकृत की गई जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई सोमवार को भी जारी रखी है।

कोर्ट ने एसपी बागेश्वर से पूछा है कि 55 खुदानों की रिपोर्ट पेश करने के बाद और कितनो की रिपोर्ट बनाई है उसको पेश करें। सरकार से यह बताने को कहा है कि किस तरह से खनन कार्य किया गया है उसका प्रमाण भी प्रस्तुत करें। जांच कमेटी के अध्यक्ष नील कुमार से पूछा है कि खुदानो की जांच करने के लिए किस किस चीज की कमी उससे अवगत कराएं। आज हुई सुनवाई पर एसपी बागेश्वर व जांच कमेटी के अध्यक्ष अनील कुमार



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश हुए। एसपी के द्वारा कहा गया कि अभी तक उनके द्वारा 72 खुदानों का निरीक्षण कर लिया गया है जिसमे से 55 की रिपोर्ट न्यायलय में पेश की जा चुकी है। जबकि चेयरमैन की तरफ से कहा कि अभी तक सभी खुदानो की जांच पूरी नहीं कर पाए हैं। क्योंकि उनके पास साधन कम है। खुदान स्वामियों की तरफ से कहा गया कि उनके द्वारा खनन नियमों के तहत किया गया। कोई अवैध खनन नही किया गया। इसलिए इनपर लगी रोक को हटाया जाय। याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि वहां पर 147 खड़िया की खुदान है। वहां पर पोकलैंड जैसी भारी मशीनों के द्वारा खनन हुआ है। जिसकी वजह से वहाँ दरार आई है। मामले के अनुसार पूर्व में कांडा तहसील के ग्रामीणों ने मुख्य न्यायधीश को पत्र भेजकर कहा था कि अवैध खड़िया खनन से उनकी खेतीबाड़ी तथा घर व पानी की लाइनें चोबट हो चुकी है। जो धन से सपन्न थे उन्होंने अपना आशियाना हल्द्वानी व अन्य जगह पर बना दिया है। अब गावों में निर्धन लोग ही बचे हुए। उनके जो आय के साधन थे उनपर अब खड़िया खनन के लोगों की नजर टिकी हुई है। इस सम्बंध में कई बार उच्च अधिकारियों को प्रत्यावेदन भी दिए लेकिन उनकी समस्या का कुछ हल नहीं निकला इसलिए अब हम न्यायलय की शरण मे आये है। उनकी समस्या का समाधान किया जाए।

### बिना अनुमति परिणाम घोषित न करे सरकार

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश में 2000 पदों पर चल रही पुलिस भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा में छूट दिए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने राज्य सरकार को चयन प्रक्रिया जारी रखने व परिणाम बिना कोर्ट की अनुमति के घोषित न करने के निर्देश दिये हैं। मामले की अगली सुनवाई हेतु 25 मार्च मंगलवार की तिथि नियत की है। सुनवाई के दौरान सचिव गृह व पुलिस महानिदेशक मामले की स्थिति से अवगत कराने के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए थे। उन्होंने कोर्ट के सम्मुख अपने तथ्य रखे। मामले के अनुसार चमोली निवासी रोशन सिंह ने याचिका दायर कर कहा है कि पुलिस विभाग में जिला रिजर्व पुलिस तथा पीएसी, आईआरबी के लिए 20 अक्टूबर 2024 को यूके एसएसएससी ने 2000 पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की थी। जिसकी चयन प्रक्रिया वर्तमान में गतिमान है। विज्ञप्ति में 1550 नए पद और 450 पद 2021. 22ए2022.23 के रिक्त पदों पदों को भी शामिल किया गया। याचिका में आगे कहा गया कि पूर्व में भर्ती न होने के कारण उनकी उम्र अधिक हो गयी है। लिहाजा उनको भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आयु सीमा में छूट दी जाए। उनका यह भी कहना है कि पुलिस भर्ती के लिए जो आयु सीमा निर्धारित की गई है वह 18 से 22 वर्ष है। उसमें भी संशोधन किया जाए। इस मामले में उत्तराखंड बेरोजगार संघटन कई बार सरकार को अपने प्रत्यावेदन दे चुका है।

# बनभूलपुरा दंगे के आरोपियों को नहीं मिली राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बनभूलपुरा दंगे में शामिल कई आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ती पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने फिलहाल उन्हें कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई हेतु दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। शुक्रवार को हुई सुनवाई पर अब्दुल मोईद की ओर से एक अतिरिक्त शपथपत्र पेश कर कहा गया कि घटना के वक्त वे घटना स्थल पर मौजूद नहीं थे। शपथ पत्र में उनके द्वारा कई साक्ष्य के बयान भी पेश किए। जिसपर कोर्ट ने इसकी जांच करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। वहीं कोर्ट ने अब्दुल चौधरी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि घटना के समय जो अभियुक्त वहां मौजूद थे उन सबका एक चार्जशीट बनाकर कोर्ट में प्रस्तुत करें। याचिकाकर्ता का कहना है कि उन्हें वेवजह इसमे सामील किया जा रहा है। साजिश व अन्य लोग जेल में बंद है। मामले की जांच अभी जारी है। लिहाजा उन्हें जमानत पर रिहा किया जाय। इस मामले से जुड़े हुए कई आरो. पियों की जमानत हो चुकी है। उसी के आधार पर उन्हें भी साक्ष्यों के अभाव पर जमानत पर रिहा किया जाए। मामले के अनुसार 18 फरवरी 2024 को बनभूलपुरा हल्द्वानी में हुए दंगे में अब्दुल मोईद तथा अब्दुल मलिक सहित अन्य लोगो के खिलाफ ने मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने अब्दुल मलिक व उसका पुत्र मोईद को मुख्य आरोपी घोषित किया था। साथ ही उसके साथ देने वाले अन्य लोगों को भी आरोपी घोषित किया था। पुलिस की जांच में ये लोग शामिल पाए गए। पूर्व में हुई सुनवाई पर अब्दुल मलिक की जमानत अर्जी हाईकोर्ट ने खारिज करते हुए उनसे पिछले माह जिला न्यायालय में जमानत अर्जी दायर करने को कहा था। लेकिन शुक्रवार को उच्च न्यायलय में लंबित 18 से अधिक अब्दुल मोईद सहित अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की।

## बाइक पर हुड़दंग मचाना भारी पड़ गया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

नैनीताल। नगर के मल्लीताल क्षेत्र में युवक को बाइक से हुड़दंग मचाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी बाइक सीज कर दी है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल क्षेत्र में एक युवक तेज साइलेंसर की आवाज के साथ बाइक दौड़ा रहा था। जिसके चलते स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं युवक की बाइक की आवाज से परेशान एक महिला ने मामले की पुलिस को शिकायत कर दी। जिसके बाद एसआई दीपक कार्की व चीता कांस्टेबल वीरेंद्र गोले ने क्षेत्र में गश्त की। इस दौरान एक युवक यूके 04 एच 9122 को लेकर फर्राटे भर बाइक दौड़ा रहा था। उन्होंने युवक को बाइक समेत पकड़ लिया। पूछताछ व जांच करने पर युवक के पास न तो बाइक के दस्तावेज मिले ना ही ड्राइविंग लाइसेंस मिला। वहीं साइलेंसर से भी भारी आवाज आती मिली। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए हुड़दंग मचाने वाले मल्लीताल निवासी अनुराग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यूके 04 एच 9122 को सीज कर दिया है।

# फागोत्सव के दूसरे दिन भी धमाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित 29वें फागोत्सव के दूसरे दिन यानी शुक्रवार को स्थानीय 14 टीमों ने होली



गायन प्रस्तुत किया। प्रस्तुतीकरण में स्वांग सहित मोबाइल के अधिक प्रयोग पर व्यंग भी किया गया। बता दें कि फागोत्सव के द्वितीय दिन 14 टीमों ने होली की धूम मचाई। रिद्धि सिद्धि होली दल 7 नंबर समेत मां हाट कालिका समूह, स्टोनले, मां वैष्णव होली समिति आयारपाटा, महिला होली दल कृष्णापुर, संपूर्ण विमेन वेलफेयर क्लब, मां पाषाण देवी महिला होली ग्रुप, नव सांस्कृतिक सत्संग समिति स्नो व्यू, नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल, महिला होली टीम शेर का डांडा, श्री हनुमंत हनुमान मंदिर स्टाफ हाउस, नैनी महिला जागृति संस्था, नैनी जागृति समूह, जीवन वर्षा कला संगम कला समिति मेहरा गांव ने होली की रोचक प्रस्तुति दी। होलियारों में मंजू पांडे, रश्मि सिराला, कमला पांडे, गंगा बिष्ट, संगीता अग्रवाल, दीपा नयाल, शोभा नेगी, हेमा जोशी, शांति रजवार, शाकम्बरी भंडारी, सुनीता आर्य, दीपा जोशी, जानकी बिष्ट तथा गीता पाठक को सम्मानित किया गया। संचालन प्रो. ललित तिवारी व मीनाक्षी कीर्ति व मुकेश जोशी ने किया तथा टाइम कीपर भुवन बिष्ट रहे। फागोत्सव के अवसर पर मीनाक्षी कीर्ति को संस्कृति संरक्षण के लिए सम्मानित किया गया। अमिता साह को राधा कृष्ण की मूर्ति भेट की गई जो एकल गायन की प्रायोजक रही। इस अवसर पर गिरीश जोशी, मनोज साह, अशोक साह, जहूर आलम, जगदीश बवाड़ी, राजेंद्र बिष्ट, विमल चौधरी, विमल साह, मिथिलेश पांडे, राजेंद्र लाल साह, देवेंद्र लाल साह, हीरा रावत, दिनेश भट्ट, वंदना पांडे, हेमा कांडपाल, हीरा रावत, गोविंद, हरीश राणा, मोहित लाल साह, मुन्नी भट्ट, आनंद बिष्ट तथा गोविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। दूसरी ओर सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी व प्रवक्ता प्रो. ललित तिवारी के मुताबिक 8 मार्च (आज) को महिला होली का आयोजन किया गया है जिसमें अपराह्न 1 बजे सभा ने सभी को आमंत्रित किया है तथा मातृशक्ति को महिला दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी हैं।

## नरूला बने व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लाखन सिंह निगल्टिया और प्रदेश महामंत्री भुवन चंद्र भट्ट ने सुरेन्द्र



सिंह नरूला को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया। सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने श्री नरूला को उनके नए पद के लिए बधाई दी। विश्वास जताया कि वह संगठन को आगे बढ़ाने और मजबूत बनाने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। दिनेश थुआल, नरेश पांडे, चंदन बिष्ट, संजय त्यागी, प्रताप जोशी, अमित चौहान, तरुण वानखेड़े, विजय नारायण, दीपक जोशी, संजय बिष्ट, राहुल जोशी, प्रवीण जोशी, अंजना जोशी, सीमा बत्रा, काजल खत्री, मंजू साह, मंजू भट्ट, कंचन रौतेला ने बधाई दी।

# लाखों की चरस के साथ हरियाणा का चरस तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हैड़ाखान से चरस लेकर हल्द्वानी की ओर आ रहे हरियाणा के एक तस्कर को काठगोदाम पुलिस ने लाखों की चरस के साथ गिरफ्तार

### एक किलो 404 ग्राम चरस बरामद

किया है। जिसकी तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो 404 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने चरस तस्कर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी के तहत काठगोदाम थानाध्यक्ष थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट को मुखबिर की सटीक सूचना मिली की एक व्यक्ति हैड़ाखान से चरस लेकर आ रहा है।

मुखबिर की सटीक सूचना पर काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने हैड़ाखान चौकी प्रभारी देवेन्द्र सिंह राणा व मय टीम के साथ चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। चैकिंग के दौरान टीम को एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह टीम को देख भागने लगा। शक जाहिर होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया। जिसकी जामातलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो 404 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम अनिल कुमार पुत्र तारा चंद्र निवासी देहरा, समालखा पानीपत हरियाणा बताया। बताया जा रहा कि पकड़ा गया चरस तस्कर हैड़ाखान से सस्ते



दामों में चरस लेकर हरियाणा को जा रहा था। पुलिस ने आरोपी तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। गुडवर्क करने वाली टीम में थानाध्यक्ष काठगोदाम दीपक सिंह बिष्ट, हैड़ाखान चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह राणा, कांस्टेबल अमर सिंह, दया किशोर शामिल रहे।

### 199 ग्राम चरस के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बनभूलपुरा पुलिस ने भी चैकिंग के दौरान गौलापुल से तीनपानी रोड पर प्रथम यात्री शेड के पास से चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर के पास से पुलिस ने 199.15 ग्राम चरस बरामद की है। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम मादक पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के



लिए चैकिंग कर रही थी। तभी टीम को मुखबिर की सूचना मिली की एक युवक लाखो की चरस लेकर आ रहा है। मुखबिर की सटीक सूचना पर थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने मय टीम के साथ चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखा। टीम ने उसे रूकने को कहा लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए युवक को गौलापुल से तीनपानी रोड पर प्रथम यात्री शेड के पास दबोच लिया। पकड़े गए युवक की तलाशी के दौरान उसके पास से 199.15 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम नईम शाह पुत्र नन्हे शाह निवासी इंदिरानगर बरसाती थाना बनभूलपुरा बताया। बताया जा रहा कि चरस तस्करी में पकड़ा गया आरोपी नईम शाह पूर्व में भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, एसआई जगवीर सिंह, कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह जेष्ठा, मो. यासीन, राजीव कुमार शामिल रहे।

# दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाजसेवी स्व. दिनेश चंद्र गयाल की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दर्जनों लोगों ने रक्तदान कर समाज सेवा की मिसाल पेश की। यह शिविर स्व. बालकिशन देवकी जोशी निस्वार्थ जन सेवा समिति के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में शामिल होने वाले रक्तदाताओं ने कहा उन्होंने इस अवसर को स्व. गयाल के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का एक सुनहरा मौका माना। एक रक्तदाता ने कहा रक्तदान जीवनदान है। स्व. गयाल ने हमेशा दूसरों की मदद करने की प्रेरणा दी। आज हम उनकी स्मृति में योगदान देकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। स्व. बालकिशन देवकी जोशी निस्वार्थ जन सेवा समिति के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह शिविर समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा भी है। शिविर में दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया।

# एनयूजे का राष्ट्रीय अधिवेशन हरिद्वार में आज से: डा. नवीन जोशी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के हरिद्वार में 8 और 9 मार्च को होने जा रहे देश के पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संगठन के राष्ट्रीय सचिव कैलाश जोशी, उत्तराखंड इकाई के मुख्य संरक्षक एवं चुनाव आयोग के सदस्य सुनील तलवार तथा प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पांडे, महामंत्री डा. नवीन जोशी तथा मुख्य संयोजक आदेश त्यागी, संयोजक राम



चंद्र कन्नौजिया, धर्मेंद्र चौधरी एवं भगवान सिंह गंगोला सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा इस हेतु तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। अधिवेशन में प्रदेश के कई अति विशिष्टजनों के साथ ही संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप तिवारी सहित देश के 22 राज्यों से पत्रकार प्रतिनिधि भाग लेंगे और कई अहम विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें संगठन की द्विवार्षिक चुनाव प्रक्रिया तथा पत्रकारों के कल्याण, संगठन की मजबूती तथा एनयूजे (आई) के नाम, कार्यालय पते और लोगो के दुरुपयोग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई, महिला पत्रकार प्रकोष्ठ व मीडिया प्रकोष्ठए सोशल मीडिया प्रकोष्ठ, आईएफजे से संबंधित विषयों और आगामी द्विवार्षिक अधिवेशन के आयोजन पर विचार-विमर्श किया जाएगा। संगठन के प्रदेश महासचिव डा. नवीन जोशी ने बताया कि अधिवेशन के दौरान 9 मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे से आहूत उद्घाटन सत्र में संगठन के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी भाग ले सकते हैं और इस हेतु प्रदेश भर के पत्रकारों में भी उत्साह का माहौल है।

# शक्ति सुपर शी वॉलीबाल मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर युवा कांग्रेस के शक्ति सुपर शी कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय वॉलीबॉल मैच का

### महिला दिवस की पूर्व संध्या पर युवा कांग्रेस ने कराया आयोजन

आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष मीमांशा आर्य ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य राजनीति और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता को बढ़ावा देना था। वॉलीबॉल मैच नारायणी और एमबीपीजी कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें नारायणी टीम ने 3 सेट



जीतकर विजय प्राप्त की। मैच के दौरान कमल दानू और गोलू मेहरा रेरी के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। भागीरथी बिष्ट, प्रीति साहू और मधु संगुरी को शक्ति सुपर शी महिला सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आंचल प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पूर्व दर्जा मंत्री सोहेल सिद्दीकी, पंकज खानी, गोपाल तिवारी, नरेन्द्र तिवारी, जूही चुफाल, स्वाति जोशी, खस्टी बिष्ट, आकांशा सुयाल, रवि पांडे, भुवन कबाड़वाल, संजय मेहरा, अर्जुन सिंह, सुंदर दानू, दिनेश बिष्ट, और शैलेन्द्र चौरसिया मौजूद थे।

# विजयपुर की उपेक्षा कर रही सरकार: क्वीरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस के जिला प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा ने कुंवरपुर गोलापार में

### लंबे संघर्ष के बाद भी नहीं बन पाया पुल

भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए विजयपुर गांव में पुल निर्माण को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गौलापार नकायल गांव में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के लंबे संघर्ष के बाद पुल का निर्माण कराया गया। लेकिन विजयपुर के ग्रामीणों की मांग के बावजूद भाजपा सरकार ने जानबूझकर वहां पुल नहीं बनाया। उन्होंने कहा भाजपा सरकार विजयपुर के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। विजयपुर के लोगों को बरसात के मौसम में नदी पार करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पानी का तेज बहाव होने के कारण स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, महिला या मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते विजयपुर में पुल नहीं बनाया गया, तो इसके लिए एक बड़ा जन आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर पूर्व छात्रा संघ अध्यक्ष सुरेंद्र बर्गली, देवेंद्र नोला, पूर्व प्रधान प्रकाश टम्टा, क्षेत्रा पंचायत अध्यक्ष मनोज रावत, पूर्व प्रदेश महासचिव खजान पांडे, एससी-एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रपाल आर्य सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जन औषधि दिवस पर जनसंवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जन औषधि दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष

### सस्ती दवाओं की उपलब्धता पर दिया जोर

सुरेश भट्ट ने शुक्रवार प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र नैनीताल रोड तिकोनिया में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर डा. हरीश पंत, सीएमओ नैनीताल और अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष के उपाधयक्ष सुरेश भट्ट ने बताया कि कैसे प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत गरीब और मंहगी दवाओं को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही,



उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाओं का समान रूप से लाभ मिल सके। श्री भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में 1800 से अधिक दवाइयां और 280 सर्जिकल उपकरण 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक कम दामों पर उपलब्ध हैं। यहां सभी के लिए सस्ते मूल्य पर उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाइयां मौजूद हैं। इस मौके पर दुकान स्वामी रजत गोयल, कुसुम गोयल, अजय कृष्ण गोयल, निधि गोयल, अवनी गोयल, मोहन सिंह लटवाल, अमित गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, चंद्र प्रकाश, विजय यादव और भावना सामंत आदि मौजूद रहे।

# नैब की दस बालिकाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ आंतरिक

### यूओयू ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया जागरूक

शिकायत समिति एवं महिला अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। गृह विज्ञान विभाग ने जहां आंगनबाड़ी केंद्र देवलचौड़ में महिलाओं के बीच स्वास्थ्य व पोषण संबंधी जानकारियां



साझा की, तो वहीं स्पेशल एजुकेशन की भावना धोनी के नेतृत्व में नैब संस्था के दृष्टिबाधित बच्चों के बीच महिला दिवस मनाया। वहीं विवि के योग विभाग के नेतृत्व में नया गांव लछमपुर में महिलाओं के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया। मानविकी विद्याशाखा की निदेशक प्रो. रेनू प्रकाश ने कहा कि हर क्षेत्र की महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों का सहयोग लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं। वहीं विश्व. विद्यालय की दूसरी टीम स्पेशल एजुकेशन में असिस्टेंट प्रो. भावना धौनी के नेतृत्व में गौलापार स्थित नैब संस्थान में गई जहां पर उत्कृष्ट काम के लिए दस बालिकाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही दृष्टिबाधित व श्रवण बाधित महिला कार्यकर्ता हेलेन केलर के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया। जबकि विवि की तीसरी टीम योग विभाग के नेतृत्व में लछमुपुर नया गांव गयी जहां प्रात: दो घंटे को योग शिविर महिलाओं के लिए लगाया गया। इस दौरान डा. प्रीति बोरा, दीपिका वर्मा, मोनिका द्विवेदी, भावना धौनी, डा. नीता देवलिया, दीक्षा बिष्ट, नमिता वर्मा, रुचि तिवारी, शैलजा, डा. ज्योति जोशी, डा. पूजा भट्ट, देवलचौड़ ग्रामीण की पूर्व सरपंच भागीरथी, आंगनबाड़ी केंद्र की प्रभारी गीता देवी, आशा नेगी, अब्दुल रहीम आदि मौजूद रहे।

## नशामुक्ति मैराथन 12 मार्च को

**नैनीताल।** मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे ने बताया कि नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत नैनीताल शहर में दिनांक 12 मार्च 2025 को सुबह 8 बजे से 05 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। बताया कि उक्त मैराथन दौड़ मल्लीताल नैनीताल बैण्ड स्टैण्ड से मस्जिद होते हुए डिग्री कॉलेज से फांसी गधेरा और तल्लीताल स्टेशन होते हुए बैण्ड स्टैण्ड मल्लीताल नैनीताल में सम्पन्न होगी। जिसमें इण्टर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उक्त के सम्बन्ध में रन टू लिव सचिव हरीश तिवारी धावक, समन्वयक 7579228128 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## जनऔषधि केन्द्रों में दवा का टोटा, ज्ञापन भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों में दवाइयों की कमी को लेकर



शुक्रवार को चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम के माध्यम से जिला अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। शुक्रवार को एसडीएम के माध्यम से डीएम को भेज गए ज्ञापन में चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि जिला नैनीताल में स्थित सभी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों में सरक. ारी दवाइयों का अभाव है, जिसके कारण गरीब जनता इन केंद्रों से लाभ नहीं ले पा रही है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जिले के सभी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों में आखिर किन कारणों से सरकारी दवाइयाँ उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जिसकी जांच की जानी जरूरी है। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र सिंह बिष्ट, कमल जोशी, पूरनदानी, डीएन जोशी, दीपक रौतेला, भुवन जोशी मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गोष्ठी

■ महिलाओं से अपने मुद्दों पर एकजुटता का किया आह्वान



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सावित्रीबाई फुले सांयकालीन स्कूल ग्राम पटरानी में हुए कार्यक्रम में महिलाओं से अपने मुद्दों पर एकजुटता का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विवेक फुलारा,खुशी बिष्ट,कोमल जलाल,सुमन आर्या की टीम ने इसलिए राह संघर्ष की हम चुनें और लस्का कमर बांधा गीत से हुई। स्कूल संचालिका रिंकी आर्या ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत 1900 के दशक में हुई थी। 1908 में, 15,000 महिलाओं ने न्यूयॉर्क शहर में बेहतर कामकाजी परिस्थिति, उचित वेतन और वोट देने के अधिकार की मांग करते हुए एक मार्च निकाला। जिसके बाद पहला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 19 मार्च 1911 को ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में मनाया गया था, लेकिन आठ मार्च 1917 को रूसी महिलाओं के हड़ताल के बाद महिला दिवस की तारीख को बदलकर आठ मार्च कर दिया गया। तब से आठ मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की वैश्विक तारीख बन गई। जिसके बाद साल 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक तौर पर इस दिन को 8 मार्च को मनाने की मान्यता दी।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाने के लिए हर साल एक थीम रखी जाती है। इस साल की थीम 'तेजी से कार्रवाई करें' निर्धारित की गई है। यह थीम महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए तेजी से प्रगति करने की अपील करती है। भोजनमाता संगठन की नेता जानकी देवी ने कहा बड़ी बड़ी घोषणाओं के बाद भी आजादी के इतने सालों बाद भी महिलाओं की स्थिति में कोई खाश सुधार नहीं हुआ।महिलाओं पर हिंसा आज भी बदस्तूर जारी है जिसके खिलाफ संगठनित हो करके ही मुकाबला किया जा सकता है।

महिलाओं ने पटरानी समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में बाघ के बढ़ते आतंक पर भी रोष व्यक्त किया,आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों को प्रशासन बेवजह परेशान किया जाता है।इस मौके पर शिक्षक मंडल के संयोजक नवेंदु मठपाल,अनीता देवी,तुलसी देवी,भवानी देवी,चंद्रा देवी,देवकी देवी,दीपिका देवी,हरीश कुमार,मंजू देवी,मीनाक्षी देवी,हेमा देवी,लीला देवी , भागुली देवी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच का महिला सम्मान कार्यक्रम आज

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** राष्ट्रीय सेवा मंच के महासचिव यशपाल शर्मा ने बताया कि आज आठ मार्च शनिवार को स्वागत मंडप में दो बजे महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता खड़क सिंह चौहान व नव नियुक्त नगर पंचायत महुआ डाबरा की अध्यक्ष गायत्री देवी मुख्य अतिथि होंगी।

इस कार्यक्रम में 250 निर्धन महिलाओं को गर्म कंबल का वितरण किया जाएगा तथा जसपुर क्षेत्र की 21 शिक्षा क्षेत्र ,स्वास्थ्य क्षेत्र, सामाजिक कार्यों व अन्य कार्यों में जागरूक महिलाओं को महिला सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# लाखों की स्मैक सहित दो तस्कर दबोचे



शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** लाखों रुपये की स्मैक के साथ उत्तर प्रदेश के दो तस्करो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्मैक तस्करो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि नशा विरोधी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस टीम एवं एसटीएफ की टीम संयुक्त रूप से आजाद नगर से पंतपुरा नौडांडी को जाने वाली सड़क पर शिव मन्दिर पुलिया के पास चेकिंग अभियान चलाए हुए थी कि दो व्यक्तियों के संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए उनकी तलाशी ली गई तो दोनों संदिग्ध के कब्जे से क्रमश: 126 ग्राम एवं 136 ग्राम अवैध स्मैक कुल 262 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई पुलिस टीम ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर गहन पूछताछ की। पुलिस पूछताछ मे स्मैक तस्करो ने अपने नाम चमन बाबू पुत्र नेमचंद निवासी ग्राम राय नवादा थाना बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश बताया एवं दूसरे स्मैक तस्कर ने मोहम्मद शादाब अंसारी पुत्र मोहम्मद युनुस अंसारी निवासी मुंडिया देवर. निया थाना देवरनिया जिला बरेली उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने दोनों स्मैक तस्करो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है।

पुलिस टीम में प्रशिक्षु आईपीएस निशा यादव, निरीक्षक धीरेंद्र कुमार,वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतीश शर्मा,उपरीक्षक हेमचंद्र तिवारी चौकी प्रभारी दरऊ, उप निरीक्षक विनोद चंद्र जोशी (एएनटीएफ कुमाऊं रेंज) अपर उप निरीक्षक जगबीर शरण (एएनटीएफ कुमाऊं रेंज) कांस्टेबल वीरेंद्र चौहान, (एएनटीएफ कुमाऊं रेंज) कांस्टेबल उमेश सिंह थे।

# आग लगने से दो कारें स्वाह मोहल्ले वालों की सांसें अटकी



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** अचानक लगी आग से पंजाबी कॉलोनी में खड़ी दो कारें जलकर खाक हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाबी कॉलोनी में पीयूष वर्मा का चार दिवारी हुआ एक प्लॉट है जिसमें उन्होंने गैराज बना रखा है जिसमें आसपास की गाड़ी खड़ी रहती है अचानक गुरुवार की रात राहगीरों ने एक कार से धुआं आ निकलते हुए देखा। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को सूचित किया।

जब तक लोग मौके पर इकट्ठे हुए कार ने आग पकड़ ली जल्दी ही कार में रखें भारी गैस सिलेंडरों को निकाला गया। उसके साथ ही दूसरी कार में भी आग लग गई मौके पर फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया, तुरंत ही फायर ब्रिगेड की टीम ने आकर आग पर काबू करने का प्रयास किया। आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड टीम को बहुत प्रयास करने पड़े। आग का विकराल रूप देखकर मोहल्ले और आस पड़ोस के लोग डर गए। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर बाबू पाया, तब तक दोनों कार पूरी तरह से जल चुकी थी। अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा ने बताया कि आग के विकराल रूप की वजह से कारें पूरी तरह से जल गईं। फायर ब्रिगेड की टीम में श्याम बहादुर थापा, सिंघम, राधेश्याम अरोड़ा, राजेश , टिंकू व विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने एक्सपायरी दवा मिलने पर जन औषधि केंद्र किया सील



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** सरकारी अस्पताल में स्थापित जन औषधि केंद्र में ब्लड प्रेशर और खून पतला करने की एक्सपायरी दवाई मिलने पर एसडीएम ने नाराजगी जताई और ड्रग इंस्पेक्टर को तुरंत दुकान को सील करने के आदेश दिए। आदेश मिलने के तुरंत बाद ड्रग्स इंस्पेक्टर ने जन औषधि केंद्र के एक हिस्से को सील कर दिया और आवश्यक जांच बिठा दी, जबकि शुक्रवार एक हिस्से से दवाई बिक्री होती दिखाई दी।

एसडीएम चतर सिंह चौहान ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वह जन औषधि केंद्र भी पहुंचे, जहां पर उन्होंने केंद्र के दूसरे हिस्से की जांच की जिसमें एस्प्रिन (खून पतला) करने की दवाई वह रेनीपिल (बीपी )की गोली के कई पत्ते एक्सपायरी दवाई के मिले, जिससे एसडीएम ने तुरंत केंद्र के हिस्से को सील करने के आदेश दिए। एसडीएम ने बताया कि दवाई कालातीत होने के चलते केंद्र के एक हिस्से को सील किया गया है। जांच के आदेश भी दिए हैं। बताते चलें कि दवाई की दुकान का लाइसेंस काशीपुर निवासी हरविंदर पाल कौर के नाम पर है।

## एक नजर

### कीटनाशक दवा का छिड़काव शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने शुक्रवार को शहर में बढ़ते हुए मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए थारू राजकीय इंटर कॉलेज से स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते हुए नगर पालिका क्षेत्र में मलेरिया के प्रकोप को रोकने के लिए कीटनाशक दवाई छिड़काव करने का अभियान शुरू किया। इस अवसर पर थारू राजकीय इंटर कॉलेज के शिक्षक नरेंद्र रौतेला, ईओ दीपक शुक्ला, सफाई निरीक्षक विजय कुमार, रामपाल सिंह, सभासद असलम अंसारी, नगर महामंत्री मनोज बाधवा, राहुल सक्सेना, करन यादव, सुभाष कुमार, मनोज वाल्मीकि तथा नगर पालिका कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### जुमा नमाज में मांगी अमन-चैन और शान्ति की दुआ

शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** मुकद्दर रमजान माह के पहले शुक्रवार (जुमा) नमाज देश में आपसी भाईचारा, एकता, अखंडता एवं तरक्की तथा देश दुनिया में अमन-चैन शान्ति की दुआ के साथ मस्जिदों के पेश इमामों ने अदा कराई।

मुकद्दस रमजान माह के पहले शुक्रवार (जुमा) की नमाज में बड़ी संख्या में नमाजियों ने शिरकत की मस्जिदों में अकीदत के साथ जुमा की नमाज मस्जिदों के पेश इमामों ने अदा कराई। मस्जिदों के पेश इमामों ने नमाज के बाद देश में आपसी सौहार्द एकता अखंडता देश की खुशहाली तरक्की अमन चैन की दुआ की। कादरी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सफीकुल कादरी ने खुतबे के दौरान कहा की पैगम्बरे इस्लाम ताजदारे मदीना मुहम्मद साहब ने अपने खुतबो में कहा कि दुनिया का हर इन्सान आपस में भाई है तथा सभी को एक दूसरे के धर्म का आदर करना चाहिए। मौलाना सफीकुल कादरी ने कहा कि इस्लाम बुरे कामों शराब,जुआ, सट्टा चोरी तथा गैर कानूनी कामों की इजाजत नहीं देता है उन्होंने बुरे कामों से दूर रहने तथा कानून का पालन करने की हिदायत देते हुए कहा कि मुहम्मद साहब ने इरशाद फरमाया है कि जिस देश में रहो उसके कानूनों का पालन करो।

### भाजपा नेता डॉक्टर यूनुस चौधरी ने यूपी के राज्य मंत्री से की शिष्टाचार भेंट



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता डा. यूनुस चौधरी ने उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री दानिश आजाद से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें उत्तराखंड आने का न्योता दिया, जिसे राज्य मंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया और जल्द उत्तराखंड आने का वादा किया।

लखनऊ से लौटने पर डॉक्टर यूनुस चौधरी ने बताया कि जिस प्रकार उत्तर प्रदेश में सीएम योगी के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास हो रहा है, उसी प्रकार उत्तराखंड की धामी सरकार भी चहुंमुखी विकास के मार्ग पर आगे प्रयासरत है। उन्होंने दोनों राज्यों में भाजपा के अल्पसंख्यकों के लिए किए गए अनेक कार्यो की प्रशंसा की। कहा कि मुस्लिम समुदाय /अल्पसंख्यक समुदाय में भाजपा का विश्वास बढ़ रहा है, जिससे आने वाले समय में अल्पसंख्यक समाज भारतीय जनता पार्टी की ओर झुकता दिखाई दे रहा है, जिसका सीधा परिणाम नगर पंचायत/नगर पालिकाओं के चुनाव में दिखा है, जो आगे विधानसभा के चुनाव में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने सीएम धामी और उनके कार्यों की प्रशंसा की।

### कच्ची शराब के साथ एक को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत थाना झनकईया पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर व क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देशन में थाना झनकईया पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सुरेन्द्र सिंह धामी उर्फ चन्दर सिंह धामी पुत्र जगत सिंह धामी निवासी नगला तराई को 56 पाउच लगभग 19 लीटर अवैध कच्ची के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ थाना झनकईया में धारा 36/2025 न/ 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम उ.नि. प्रदीप शर्मा, अ.उ.नि. प्रमोद जोशी, कानि. दीपक रावल तथा किशन सिंह शामिल थे।

### भारतीय क्रिकेट मोहम्मद शमी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर जताया आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** वार्ड नंबर 10 निवासी भाजपा नेता शरीफ हुसैन पुत्र शाहदत हुसैन ने कोतवाली खटीमा में शिकायती पत्र सौंप कर मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी द्वारा शरीयत की दृष्टि से भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी को अपराधी बताने व गलत टिप्पणी करने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

शिकायती पत्र में कहा गया है कि देश के लिए पसीना बहाने वाले भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी के द्वारा रोजा ना रखने पर मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी ने क्रिकेटर के खिलाफ गलत बयान बाजी और अभद्र टिप्पणी की है, जिससे मौलाना के खिलाफ बहुत बड़ा आक्रोश फैला है। वहीं भारतीय क्रिकेटर शमी के मान सम्मान को भी ठेस पहुंची है। उन्होंने मौलाना शहाब. द्दीन रिजवी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# जन-औषधि दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नागरिक चिकित्सालय प्रधानमंत्री जन-औषधि केंद्र में जन-औषधि दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर केसी पंत तथा संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता अमित कुमार पांडे ने किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी बतौर मुख्य अतिथि तथा अतिथि के रूप में डॉक्टर वीपी सिंह, डॉक्टर मनी पुनियानी, डॉक्टर आरडी भट्ट तथा जन औषधि केंद्र के संचालक मोहन चंद्र पांडे मौजूद रहे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष जोशी ने जन औषधि केंद्र के लाभ के बारे में जनता को अवगत कराते हुए कहा कि उच्च कोटि की दवाई इस केंद्र पर सस्ते मूल्यों में मिल जाती है।

उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी योजना है और उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व मे जगह जगह जन औषधि केंद्र खुल रहे है।

# खबर का असर : नींद से जागा नगर पंचायत नानकमत्ता

■ टावर मार्ग की कूड़े से पटी नाली की आनन-फानन में कराई सफाई





शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** विगत दिवस समाच. ार पत्र दैनिक शाह टाइम्स द्वारा प्रमुखता से वार्ड नम्बर सात में कूड़े से पटी नालियों की खबर का प्रकाशन करने के बाद नगर पंचायत नानकमत्ता मानो नीद से जाग गया हो। सफाई कर्मचारियों द्वारा आनन-फानन में नाली की सफाई तो कर दी, लेकिन नाली से निकाला कूडा मार्ग पर ही छोड़ दिया है।

बताते चले कि नगर पंचायत नानकमत्ता में तैनात सफाई कर्मचारियों की मनमानी के चलते नगर के वार्डो की नालियों की समय पर साफ सफाई ना होने के चलते नालियां कूड़ा करकट से पटी हैं। जिससे यहां वार्डों के लोगों के घरों के पानी की निक. ासी बाधित तो होती ही है, साथ ही नालियों में गन्दगी जमा होने के कारण यहां दुर्गन्ध से संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी रहती है। जन प्रतिनिधियों का आरोप है कि यहां तैनात अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं देने से यहां के सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी मनमानी की जा रही है।

बता दें कि नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों द्वारा समाचार पत्र दैनिक शाह टाइम्स में खबर प्रकाशन होने के बाद टावर मार्ग की नाली व यहां जाम गन्दगी को तो साफ कर दिया, लेकिन इसी के पास चन्द दूरी पर राजकीय राजमार्ग से सटा नाला अभी भी गन्दगी से बजबजा रहा है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहींहै। यहां नगर पंचायत द्वारा सफाई कर्मचारियों पर एक सफाई नायक रखा गया है, इसके बाद भी नगर के वार्डों में साफ- सफाई बदहाल रहती है।

वार्डो के लोगों का कहना है कि सफाई नायक पर भी अधिशासी अधिकारी का भी कोई असर नहीं है। नगर पंचायत में मानकों से अधिक कर्मचारियों को रख कर सरकारी धन का नगर पंचायत द्वारा दुरुपयोग भी किया जा रहा है।

# अवैध मीट विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग

■ स्लॉटर हाउस बंद होने के बावजूद भी खुलेआम बीमार जानवरों का वध करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** इस्लामनगर वार्ड नंबर 8 निवासी सईद इदरीशी पुत्र मोहम्मद हनीफ ने खटीमा उप जिला अधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को एक शिकायती पत्र सौंप कर कुरैशी बिरादरी द्वारा खुलेआम बीमार जानव. रों का बध कर मीट बेचने का आरोप लगाया है।

शिकायती पत्र में लिखा गया है कि पिछले कई सालों से स्लॉटर हाउस बंद है इसके बावजूद भी बिना चिकित्सीय जांच के कुरैशी बिरादरी द्वारा बीमार जानवरों का खुलेआम बध कर बिना पर्दा लगाए मीट बेचा जा रहा है। शिकायती पत्र में उन्होंने कहा है कि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है, इसके बावजूद भी कुरैशी बिरादरी के द्वारा भैंस का मीट काटकर बेचा गया, जो प्रमाण के रूप में कमरे में कैद है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कुरैशी बिरादरी द्वारा घरों में मीट काटकर पूरे इस्लामनगर में गंदगी फैलाई जा रही है और बिना मानक पूरा किए ही अवैध रूप से धड़ल्ले से मीट का कारोबार कर रहे हैं।

बीमार जानवरों को खरीद कर खुलेआम रोड पर बिना पर्दा लगाए मीट सप्लाई की जा रही है, जिससे गैर मुस्लिम समाज के लोग खुले में मीट की दुकान को देखकर इधर आते हुए बचते रहते हैं। ज्ञापन में उपरोक्त विषय का संज्ञान लेकर अवैध मीट विक्रेताओं पर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# मेयर सहित भाजपाईयों ने भाजपा मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का नगर निगम में महापौर विकास शर्मा, पूर्व महापौर रामपाल सिंह, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल सहित भाजपा पार्षदों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

मेयर विकास शर्मा के नेतृत्व में भाजपाईयों ने मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल,जगदीश विश्वास, एवं मुक. ेश पाल का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर में चारों मंडल अध्यक्षों पर तेज तर्रार कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ताओं को कमान सौंपी गई है। इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि चारों मण्डल अध्यक्षों के अनुभवों का लाभ पार्टी को मिलेगा और पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में पहले से भी अच्छा प्रदर्शन करेगी।

स्वागत करने वालों में पार्षद मुकेश रस्तोगी, राजेन्द्र राठौर, महेन्द्र पाल, कैलाश राठौर, पवन राणा, प्रमोद शर्मा, निमित शर्मा, महेन्द्री शर्मा, नुरुद्दीन अहमद, सुशील चौहान, राज. ेश जग्गा,सतीश गंगवार, हिमांशु शुक्ला सहित तमाम भाजपाई मौजूद थे।

# सपाइयों ने की खनन के ओवरलोड डम्परों पर अंकुश लगाने की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** पुलिस निष्क्रियता के चलते क्षेत्र में रोजाना हो रही सड़क दुर्घटनाओं से गुस्साए समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सपा यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द यादव की अगुवाई में बाजपुर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट का घेराव कर ज्ञापन सौंपा।

सपा यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय महास. चव अरविन्द यादव ने कहा कि खनन के ओवरलोड डम्फर बाजपुर क्षेत्र की सड़कों पर बेरोकटोक यमदूत बनकर दौड़ रहे हैं। डम्फर चालक नशे का सेवन कर ओवरलोड डम्फरों को अनियंत्रित गति से दौड़ा रहे हैं। जिनके विरूद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है। अनियंत्रित गति से दौड़ रहे इन ओवरलोड डम्फरो की चपेट में आकर पिछले दिनों में कई युवाओं की मौत भी हो चुकी है। बजरी भरे ओवरलोड डम्फर नगर के मुख्यमार्गो पर बजरी गिराते हुए जाते है, जबकि डम्फर से मुख्यमार्गों पर बजरी गिरने के कारण बाइक फिसलने से भी दुर्घटनायें हो रही है, लेकिन पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना तमाशा देख रहा है। सपाईयों ने रोजाना हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर तेज रफ्तार से दौड़ रहे बजरी भरे ओवरलोड डम्फरों पर अंकुश लगाए जाने वास्ते प्रभावी कार्यवाही अमल में लाने की मांग की है। इस मौके पर मौ. आजम, रितिक प्रजापति, अमन प्रजापति, कुनाल, डा. नदीम, मौ. वली, दबीर रजा, परवेज हैदर, ताहिर, नितिन सागर, अमन कुमार, विशाल यादव, दीपक कुमार, रहीस आदि मौजूद रहे।

# बरहैनी बेरिया सरदार नगर मार्ग पर खनन के वाहनों को किया जाए प्रतिबंधित



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** ग्राम मड़ैया हट्टू में हुई मार्ग दुर्घटना में 55 वर्षीय भजन सिंह की मौत होने से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। मौके पर पहुंचे प्रमुख भाजपा नेता व पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार और भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा जोशी ने लोनि. वि के अधिशासी अभियंता अरूण कुमार, बाजपुर सीओ विभव सैनी और चौकी इंचार्ज नरेश मेहरा को ग्रामीणों की भावनाओं को अनुरूप तत्काल इस मार्ग पर खनन के वाहनों को प्रतिबंधित करने और पीड़ित को न्याय देने को कहा।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम भूलवश बूटा सिंह BUTA SINGH अंकित हो गया है, जबकि साक्ष्यों में मेरा शुद्ध नाम BOOTA SINGH पुत्र सुमेंद्र सिंह SUMENDAR SINGH है।

भविष्य में मुझे बूटा सिंह BOOTA SINGH के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**वर्तमान पता- ग्राम मोहम्मदगंज, थाना नानकमत्ता, जिला- उधमसिंहनगर।**

# सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी देकर ऐंठे 90 हजार

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** नगर निवासी एक व्यक्ति द्वारा बताया गया कि एक वर्ष पूर्व उसकी बेटी की मुलाकात महुआखेड़ा गंज निवासी दीप चौहान से हुई और उसने धोखे से/मजाक में उसके कुछ फोटो खींच लिए। एक साल बाद एक अनजान नंबर से उसकी बेटी पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि तुम्हारे फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं और वह मोहल्ला पट्टी चौहान निवासी निखिल चौहान के पास हैं। उसने निखिल चौहान को फोन किया तो उसने बताया कि वह फोटो किसी दूसरे व्यक्ति के पास हैं, जिसके पास है वह पैसे मांग रहा है। इस तरह निखिल पर लगभग 90 हजार रुपये ऐंठने का आरोप लगाया है। कोतवाल जगदीश ढकरियाल ने बताया कि पिता की तहरीर पर निखिल पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें।
9759273715
rudrapurst2020@gmail.com

# कार और छोटा हाथी वाहन के बीच भिड़ंत, कार सवार की मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** नेशनल हाईवे 309 रामनगर काशीपुर मार्ग में ग्राम बसई के समीप गुरुवार देर रात एक कार और छोटा हाथी वाहन के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था दोनों ही वाहनों के परखच्चे उड़ गए। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस में दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल कर सवार युवक मलकीत सिंह पुत्र जगजीत सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी शाहदरा दिल्ली को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों में उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे में घायल पीरुमदारा निवासी रोहित, गोलू, अर्जुन निवासीगण पीरुमदारा, तुषार काशीपुर निवासी और दिल्ली निवासी दीपांशु को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि शुक्रवार सुबह को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

बताया जा रहा है कि मृतक अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। वह रामनगर में अपने दोस्तों के साथ घुमाने आया था।

उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

## धोबीघाट में युवाओं के आतंक से लोग परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** नगर के धोबीघाट क्षेत्र में रहने वाले लोग युवाओं के आतंक से परेशान हैं।

शुक्रवार को स्थानीय सोहन, मीना देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि यहां बड़ी संख्या में युवक-युवतियां पहुंचकर नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे हैं और फिर नशे में क्षेत्र में अश्लीलता व अराजकता फैला रहे हैं। आमजन ने कहा कि लंबे समय से युवा इस तरह की गतिविधियां क्षेत्र में कर रहे हैं।

उन्होंने कई दफा युवाओं से इस संबंध में बात भी करनी चाही, लेकिन युवा उनसे ही अभद्रता करने लगे। कहा कि उक्त क्षेत्र में पुलिस गश्त न होने से युवाओं का आतंक दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने पुलिस से आवश्यक कार्रवाई की मांग उठाई है।

# नौनिहालों का भविष्य संवारने का लिया संकल्प

**उत्तराखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन का दो दिवसीय अधिवेशन शुरू**



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** उत्तराखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन जनपद चम्पावत के सातवें त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का शुभारंभ स्थानीय नगर पंचायत सभागार में हुआ। दो दिवसीय अधिवेशन के प्रथम दिवस का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

श्री वर्मा ने अपने संबोधन में शिक्षकों को देश के भविष्य निर्माणकर्ता बताते हुए समाज के विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका बताया। जिला अध्यक्ष गोविंद बोहरा की अध्यक्षता में शिक्षकों द्वारा आधुनिक तकनीकी का शिक्षण प्रक्रिया में उपयोग कर नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने तथा छात्र संख्या बढ़ाने संकल्प लिया गया।

अधिवेशन के दौरान आज चुनाव अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम भट्ट के निर्देशन में पर्यवेक्षक घन नाथ गोस्वामी, करन सिंह सामंत, अमित वर्मा, राजेन्द्र बिष्ट द्वारा जिला कार्यकारिणी के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें जिला अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, संयुक्त मंत्री, उप मंत्री, संगठन मंत्री, प्रचार मंत्री, कोषाध्यक्ष, लेखाकार के 21 पदों हेतु नामांकन किए गए। सभी पदों पर एक एक ही नामांकन होने के कारण निर्विरोध जिला कार्यकारिणी का गठन होना तय हो गया है। परिणामों की घोषणा कल की जाएगी। अधिवेशन के द्वितीय दिवस में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा और विधायक खुशाल सिंह अधिकारी द्वारा शपथ दिलायी जाएगी। अधिवेशन में जीवन मेहता, उत्तम सिंह फर्त्याल, बंशीधर थ्वाल, डीडी जोशी, रवीश पचौली, रुद्र सिंह बोहरा, सुरेंद्र वर्मा आदि थे।

# जहां महिला का होता है सम्मान, वहां सदा रहती है सुख, शांति और समृद्धि

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** महिला सृष्टि की रचयिता ही नहीं परिवार की सेतु होती है। ममता, प्यार, दुलार, ममत्व एवं अपनत्व की एक ऐसा निश्चल स्रोत है, जो व्यक्ति जिस रूप में उसे देखता है, वह उसकी अपनी सोच है।

महिला घर का एक ऐसा आभूषण है जो लगातार संघर्षमय जीवन के झंझाबातों में उलझे रहने के बावजूद भी उसकी आभा व चमक कभी काम नहीं होती है।


वास्तव में महिला श्री एवं लक्ष्मी का साक्षात ऐसा रूप है, जिस घर में वह सुख और सम्मान से रहती है। वह घर सदा आनंद एवं खुशियों से महकता रहता है।

महिला दिवस पर जिले की ऐसी कुछ संस्कारवान महिलाएं हैं, जिनका काम करने का अपना अलग ही अंदाज है।



जिला ग्राम विकास विभाग की परियोजना निदेशक विम्मी जोशी ऐसी महिला है, जो इस सिद्धांत पर काम करती हैं कि सरकार द्वारा उन्हें जन सेवा के लिए जो मान और सम्मान दिया है। उसके एवज में वे लोगों के लिए क्या कर रही है? कभी काम से ना थकने एवं जिम्मेवारियों से दूर न भागने का इनमें नैसर्गिक गुण है। उनकी निष्ठा व समर्पण भाव से महिलाओं को सशक्त एव स्वावलंबी बनाने के लिए उनके प्रयासों को देखते हुए इन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत एवं वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर धामी द्वारा इन्हें राज्य स्तर पर पुरुस्कृत कर सम्मानित किया जा चुका है। विम्मी आज की व्यवस्था में ऐसी ईमानदार अधिकारी हैं जिनके जज्बे को सभी सलाम करते रहते है।

**विमी जोशी**



लधियाघाटी क्षेत्र की दिया गुरुरानी ऐसी जीवट महिला हैं जो दूसरों की खुशी में अपनी खुशी तलाशती है। जिनमे समाज सेवा का ऐसा जुनून है कि महिला जागरण हो या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वनों को दावाग्नि से बचाने, नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा करने में पुलिस का सहयोग करने एवं महिलाओं को विभिन्न हुनर सिखाकर उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में ऐसा काम कर रही है कि सभी इन्हें दिया दीदी के नाम से जानते हैं। दिया गुरुरानी का कहना है कि महिला का दर्द एक महिला ही समझती है। यह पहाड़ी उत्पादों की ऐसी ब्रांड एंबेसडर है कि इन्होंने कई उत्पादों के जरिए महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तलाशे हैं।

**दिया गुरुरानी**



चंपावत जिले की पहली महिला पुलिस सर्किल ऑफिसर वंदना वर्मा के कार्य व्यवहार व शालीनता एवं कार्य करने की लगन को देखकर यह नहीं कहा जा सकता की आधा दर्जन महत्वपूर्ण थाने व कोतवाली की इंचार्ज ने अपने कार्य से ऐसा अपना इकबाल बनाया है कि अपराध एवं अपराधी उनकी परछाई से दूर भागते हैं। इनके नेतृत्व में नशे के सामान की रिकॉर्ड रिकवरी होने के साथ साइबर अपराधों की चपेट में आए सैकड़ों लोगों की करोड़ों रुपये की धनराशि उन्हें लौटाकर कर यह निराश एवं हताश चेहरों में मुस्कान ला रही है। बंदना इस सिद्धांत पर काम करती है कि पुलिस के पास लोग जिस भरोसे के साथ आते हैं हमें अपने कार्य, व्यवहार से उनका भरोसा बरकरार रखना है। **वंदना वर्मा-सीओ**

# आपदा प्रभावितों के विस्थापन के लिए भूमि का किया निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी द्वारा दिए गए निर्देशों पर तहसील मुनस्यारी के ग्राम भदेली और ग्राम सेरासुरईधार तथा तहसील बंगापानी के ग्राम चामी के आपदा प्रभावितों के विस्थापन के लिए 10 स्थानों पर चयनित भूमि का निरीक्षण उपनिदेशक/भूवैज्ञानिक के द्वारा राजस्व विभाग के क्षेत्रीय राजस्व उपनिरीक्षकों के साथ किया गया।

तहसील मुनस्यारी के ग्राम सेरा सुराईधार के चार परिवारों के भवन आपदा में प्रभावित हो गए थे, जिनमे से तीन परिवारों के लिए सेरा सुराईधार में और एक परिवार के लिए, तहसील बंगापानी के ग्राम निरतोली में भूमि का चयन किया गया है। ग्राम भदेली के चार आपदा प्रभावित परिवारों में से एक परिवार के लिए ग्राम मदकोट, एक परिवार के लिए ग्राम कोटालगॉव और दो परिवारों के लिए ग्राम मोरपट्टा में भूमि चयनित की गई है। तहसील बंगापानी के ग्राम चामी के दो आपदा प्रभावित परिवारों के द्वारा ग्राम चामी में ही भूमि का चयन किया गया है। जांच टीम, रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी पिथौरागढ़ को प्रेषित करेगी।

जांच टीम में लेख राज, उपनिदेशक/भूवैज्ञानिक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, पिथौरागढ़ तथा राजस्व उपनिरीक्षक दिनेश भंडारी, दीगर सिंह, नौशाद अली, गौरव मेहता और आशीष कुमार उपस्थित रहे।

# एडीएम ने कार्ड संस्था एवं राजकीय महिला केंद्र का किया निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह ने जाखनी में स्थित कार्ड संस्था का स्थलीय निरिक्षण किया। संस्था में निवासरत बालिकाओं से बातचीत कर उनको खेलकूद, कंप्यूटर व अन्य क्रिएटिव कार्य करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने कार्ड संस्था में अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा।

अपर जिलाधिकारी द्वारा यह निरीक्षण निदेशालय महिला कल्याण उत्तराखंड को रिपोर्ट भेजे जाने के उद्देश्य से किया गया। चूंकि कार्ड संस्था निदेशालय महिला कल्याण उत्तराखंड में पंजीकृत है। कार्ड संस्था में 11 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग की 14 निराश्रित बालिकाओं को आश्रय दिया जा रहा है। इसके उपरान्त अपर जिलाधिकारी ने निराश्रित महिला कर्मशाला खड़कोट पिथौरागढ़ मे पहुंचकर उन महिलाओं का हाल-चाल जाना जो किसी न किसी कारण कर्मशाला में मानसिक तनाव से अस्वस्थ है। प्रभारी अधीक्षक कर्मशाला रविंद्र कुमार ने अपर जिलाधिकारी को बताया कि वर्तमान में कर्मशाला में सात महिलाएं रहती है जो विभिन्न मानसिक तनाव से अस्वस्थ्य हैं।

अपर जिलाधिकारी ने प्रभारी अधीक्षक को सभी महिलाओं का नियमित रूप से हेल्थ चेकअप एवं उन्हें हस्तशिल्प, सिलाई बुनाई एवं आदि कार्यों के लिए प्रशिक्षण देने को कहा जिससे उन महिलाओं की आमदनी हो सके। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि संबंधित के परिजनों से भी बराबर संपर्क करते रहें ताकि वे अपने परिजनों से बात कर सके। इस अवसर पर मुख्य शिक्षाधिकारी हरक राम कोहली, प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी रितु भट्ट, जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष एवम् सदस्य, डिप्टी सीएमओ मदन बौनाल, आदि उपस्थित थे।

# प्लेसमेंट में हुआ 33 विद्यार्थियों का चयन




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** इलेक्ट्रॉनिक्स सर्विस एंड ट्रेनिंग सेंटर, कनिया रामनगर, कैंपस में प्लेसमेंट प्रक्रिया में श्कृष्णा मारुती ग्रुप कंपनी ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 33 विद्यार्थियों का चयन किया। छात्रों को सीटीसी 2.69 लाख सालाना पैकेज मिलेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स सर्विस एंड ट्रेनिंग सेंटर, कनिया, कॉलेज के प्रमुख निदेशक दिनेश चंद्र ने चयनित विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्इलेक्ट्रॉनिक्स सर्विस एंड ट्रेनिंग सेंटर के सभी विभागाध्यक्ष भी सफलता पर बधाई दी। वर्तमान मे संस्थान मे तीन वर्षीय इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एव कम्प्यूटर सांइस और इंजीनियरिंग संचालित किए जा रहे है।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पदयात्रा निकाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, सेंट्रल पब्लिक स्कूल सितारगंज एवं कात्यायनी मेडिकल सेंटर रुद्रपुर की ओर से नगर में महिला पद यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें एसएसबी कैंपस, केंद्रीय कारागार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोतवाली सितारगंज एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध महिलाओं ने यात्रा में भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि महिलाओं को समाज में उचित स्थान व गौरव दिलाने एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां डॉ. उपासना अरोड़ा, करिश्मा नैलवाल, डिप्टी जेलर आस्था भट्ट, डॉ. संदीप कौर, तहसीलदार पूजा शर्मा, डॉ ऋचा पाण्डेय, एड. टीना सिंह, बाल आयोग की सदस्य सुमन राय, सीमा सिंघल, मीना अरोरा, नीतू भट्ट, प्रधानाचार्य पंकज शर्मा शामिल रहे।

## एक नजर

### गोविंद बोहरा बने छठवीं बार प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**बंशीधर थ्वाल मंत्री और कमल जोशी बने कोषाध्यक्ष**

**लोहाघाट।** उत्तराखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के अधिवेशन के प्रथम दिन में हुए निर्वाचन की कार्यवाही में गोविन्द बोहरा जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुये।चुनाव अधिकारी घनश्याम भट्ट ने बताया कि जिला अध्यक्ष गोविंद बोहरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम सिंह फर्त्याल, उपाध्यक्ष जीवन सिंह मेहता,सुरेंद्र वर्मा, नवीन जुकरिया, योगेश चर्तुवेदी, नीमा टम्टा, चंद्र किशोर पांडेय,मंत्री बंशीधर थ्वाल, संयुक्त मंत्री कीर्ति भट्ट, उप मंत्री गंगा दत्त भट्ट, हरीश पाण्डेय, संगठन मंत्री कैलाश ओली, नवीन जुकरिया, महेश पांडेय, गौरी भट्ट, चंद्र किशोर पांडेय, प्रचार मंत्री भुवनेश्वरी जोशी, संजय कुमार, चतुर सिंह मेहरा, अशोक सिंह, कोषाध्यक्ष कमल जोशी, लेखाकार प्रमोद भट्ट का निर्वाचन निर्विरोध किया गया। जिला अध्यक्ष श्री बोहरा ने सभी का आभार प्रकट करते हुये शिक्षकों से छात्र हित में कार्य करने का आह्वान किया।

### पुलिस टीम ने किया शादी में फायरिंग के एक आरोपी अरेस्ट

शाह टाइम्स संवाददाता



**बाजपुर।** कोतवाली के एसएचओ प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि बैतखेड़ी शादी में घर के अंदर तोड़फोड़ और फायरिंग करने में एक आरोपी रमेश उर्फ मछी पुत्र काला सिंह निवासी इटावा काफी समय से फरार चल रहा था।

आज शुक्रवार को बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा मय पुलिस टीम द्वारा काफी समय से फरार चल रहे बन्नाखेड़ा के इटावा निवासी रमेश उर्फ मछी को अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा मय कारतूसव एक चाकू को बरामद कर लिया। बता दें कि आरोपी रमेश उर्फ मछी ने बैतखेड़ी शादी में मारपीट करते हुए घर में घुस कर तोड़फोड़ कर फायरिंग करने की घटना को अंजाम दिया गया था। इसके विरुद्ध वन विभाग वी कोतवाली में लूट का मुकदमा है। यह आरोपी रमेश उर्फ मछी शातिर किस्म के अपराधी को अरेस्ट कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी रमेश उर्फ मछी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा, हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार, विपिन चंद्र शामिल रहे।

### गन्ना अधिकारियों ने गन्ने के खेतों का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** गन्ना आयुक्त व जीएम नादेही के निर्देशानुसार गन्ने की खेती को बढ़ावा देने के लिए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नादेही एवं मुख्य गन्ना अधिकारी चीनी मिल नादेही द्वारा गन्ना कृषकों के खेतों पर जाकर गन्ना बुवाई का निरीक्षण किया। इसी क्रम में ग्राम महुआडाबरा में कृषक रविन्द्र प्रताप के यहां गन्ना बुवाई का निरीक्षण किया गया। कृषक द्वारा गन्ना प्रजाति को. 5011 सामान्य प्रजाति की बुवाई की जा रही है, जिससे मुख्य गन्ना अधिकारी द्वारा गन्ना बुवाई के समय गन्ने की लाईनों की दूरी मेंटेन करने और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा बीज को उपचारित कर बुवाई करने की सलाह दी। इस मौके पर तेजपाल सिंह, डॉक्टर राजीव कुमार, गन्ना पर्यवेक्षक विनोद कुमार, गोपाल दत्त, परविंदर सिंह, कृषक श्री रविंद्र प्रताप, देवेंद्र प्रताप, नरेंद्र प्रताप व क्षेत्रीय किसान आदि थे।



### अजय टम्टा ने एकदिवसीय जनपद भ्रमण किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** अपने एकदिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री भारत सरकार अजय टम्टा का डीआरडीओ गेस्ट हाउस में अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह द्वारा स्वागत किया गया। अजय टम्टा ने अपर जिलाधिकारी से जनपद में बन रहे राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में जानकारी ली। वहां मौजूद अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को जनपद में बन रहे राजमार्गों को समय पर कार्यपूर्ण करने के लिए आवश्य कार्यवाही करने के निर्देश दिए और साथ ही एंचौली में खराब स्थिति वाले राजमार्ग को जल्द से जल्द सुधार करने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान दर्जा राजमंत्री गणेश भण्डारी, मेयर नगर निगम कल्पना देवलाल, तहसीलदार विजय गोस्वामी, जिलाध्यक्ष भाजपा गिरीश जोशी, उपाध्यक्ष रविंद्र लूंठी आदि उपस्थित रहे।

### पर्वतीय समाज ने कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल का पुतला फूंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के बयान पर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को सितारगंज में पूरन चौहान के नेतृत्व में नगर के मुख्य चौक पर पर्वतीय समाज के लोगों ने कैबिनेट मंत्री का पुतला दहन किया। उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की।

कैबिनेट मंत्री के पहाड़ के लोगों के खिलाफ कथित असंसदीय टिप्पणी के विरोध में मुख्य चौक पर प्रदर्शन किया। उन्हें तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। पूरन चौहान ने कहा कि उत्तराखंड निर्माण के 25 साल बाद अब लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा में मंत्री खुलेआम अपशब्द कहे जा रहे हैं। सरकार के उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करना मूक समर्थन जैसा है। यहां यूकेडी के पूरन सिंह कठैत, एपी जुयाल, आनंद सिंह असगोला, जवर सिंह पावेल, आशीष नेगी, प्रदीप गहतोड़ी, कैलाश भट्ट, राकेश चौहान मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** बाल विकास परियोजना रामनगर के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को तीन दिवसीय पढ़ाई भी पोषण भी कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में रामनगर ब्लॉक के सेक्टर बैल पड़ाव व ढिकुली सेक्टर की 51 कार्यकत्रियों को बाल विकास परियोजना रामनगर से मास्टर ट्रेनर सुपरवाइजर गीता आर्या एवं खष्टी गोस्वामी और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से सोमू त्रिपाठी, जुल्फकार अली द्वारा 0 से 6 साल तक बच्चों की देखभाल व पढ़ाई, बच्चों के सर्वांगीण विकास जिसमें शारीरिक विकास, मानसिक विकास, भावनात्मक विकास, संज्ञानात्मक विकास सामाजिक विकास,गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग बच्चों, दिव्यंगता की पहचान आदि विषयो पर जानकारी दी गई। इस दौरान मंजू लीला बिष्ट, दुर्गा जोशी, धनी खुल्वे, निशा नंदा आदि थीं।

# कुमाऊंनी भाषा के उन्नयन के लिए महेंद्र ठकुराठी एवं उनके पुत्र डा. पवनेश को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**महेंद्र को एक लाख एवं उनके पुत्र को पचास हजार का दिया गया नकद पुरस्कार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** उत्तराखंड भाषा संस्थान की ओर से सर्वे चौक देहरादून स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित अलंकरण समारोह में ग्राम बड़ालू जिला पिथौरागढ़ निवासी और वर्तमान में अल्मोड़ा में रह रहे कुमाउंनी साहित्यकार महेन्द्र ठकुराठी को उनके कुमाउंनी कहानी संग्रह 'हिमुलि परफाम' के लिए उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान के तहत बहादुर बोरा 'श्रीबंधु' पुरस्कार दिया गया। इसी श्रृंखला में इनके सुपुत्र डॉ. पवनेश ठकुराठी को नवोदित उदयमान सम्मान के तहत गिरीश तिवारी 'गिर्दा' पुरस्कार से नवाजा गया।




इस समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाषा मंत्री सुबोध उनियाल व संस्थान की निदेशक स्वाति भदौरिया ने प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र के साथ शॉल ओढ़ाकर महेन्द्र ठकुराठी को एक लाख व पवनेश को पचास हजार रुपये का चेक भेंट किया। ज्ञातव्य है कि विगत कई वर्षों से ये दोनों पिता-पुत्र कुमाउंनी भाषा साहित्य के क्षेत्र में अनवरत रूप से कार्य कर रहे हैं। अब तक इनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और इन्होंने पूर्व में भी तमाम पुरस्कार व सम्मान हासिल किए हैं। पूर्व शिक्षक होने के साथ-साथ महेन्द्र ठकुराठी अल्मोड़ा से प्रकाशित श्पहरूश कुमाउनी मासिक पत्रिका के संपादकीय विभाग में रह चुके हैं और वर्तमान में स्वतंत्र लेखन कर रहे हैं। जबकि डॉ. पवनेश ठकुराठी जीआईसीनाई, अल्मोड़ा में प्रवक्ता के पद पर रहते हुए साहित्य सेवा कर रहे हैं।

पिता-पुत्र के एक साथ इस प्रतिष्ठित सम्मान को हासिल करने के चलते कुमाऊं मंडल के तमाम हिंदी एवं स्थानीय भाषा के साहित्यप्रेमियों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की है तथा कहा कि पिता पुत्र का इस प्रकार एक साथ सम्मानित होना एक अनूठा पर्व है।

इनमें श्पहरूश के पूर्व संपादक डॉ. हयात सिंह रावत,अल्मोड़ा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. जगत. सिंह बिष्ट,श्पहरूश संपादक नीरज पंत, साहित्यकार डॉ.आनंदी जोशी, प्रो. प्रीति आर्या, डॉ. नीरज जोशी, प्रकाश चन्द्र पुनेठा, मंजू पांडेय श्उदिताश, अमृता पांडेय, किताब कौतिक संयोजक हेम पंत, एडवोकेट जमनसिंह बिष्ट,शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय, दिनेश भट्ट और शिक्षक नेता महेश जोशी आदि लोगों के नाम प्रमुख हैं।

# अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों का कार्य बहिष्कार जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** सितारगंज उपनिबंधक कार्यालय के अधिवक्ता व दस्तावेज लेखकों ने यूसीसी कें अन्तर्गत विवाह पंजीकरण एवं वसीयतनामा की प्रक्रिया को सीएससी सेंटरों में देने का विरोध करते हुए शुक्रवार को भी कार्य बहिष्कार जारी रखा। शुक्रवार को आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शासन ने रजिस्ट्री कार्यालय में कार्यों की प्रक्रिया जटिल कर दी गयी है। अधिवक्ताओं के अधिकारों का हनन किया गया है। भविष्य में रजिस्ट्री प्रक्रिया को पेपरलैस करने का विरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि भविष्य में उपनिबंधक कार्यालय से जुड़े अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक बेरोजगार हो जायेंगे। यहां अधिवक्ता सौरभ सक्सेना, गौरव सक्सेना, महेंद्र सिंह बसनाल, अनिल सिंह राणा, मो. फैसल, आजम अली, कमल समद्दार, कौशल सक्सेना, जयमल सिंह कालसी, पूरन सिंह फर्त्याल, मो. जाकिर, गौरव बेलवाल, सुरेंद्र सिंह शामिल रहे।

## महिला मजदूरों का प्रदर्शन आज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्रमिक संयुक्त मोर्चा ऊधमसिंह नगर से जुड़ी विभिन्न ट्रेड यूनियनों, सामाजिक संगठनों और महिला संगठनों के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में बीएसटी कंपनी की महिला मजदूरों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। महिला मजदूर संगठन की अध्यक्ष कविता ने बताया कि सभा 8 मार्च को दोपहर 12 बजे गांधी पार्क रुद्रपुर में आयोजित की जाएगी। जिसके बाद गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाला जाएगा।

# सामूहिक प्रयास से समृद्ध बनेगा उत्तराखंड

## उत्तराखंड की रजत जयंती और विकसित भारत 2047 विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग की ओर से शुक्रवार को उत्तराखंड की रजत जयंती और विकसित भारत 2047 विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में राज्य के विकास, सामाजिक बदलाव और भविष्य की संभावनाओं पर गहन मंथन किया गया। कार्यक्रम में राज्य के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्ति और विशेषज्ञ शामिल हुए। इससे पूर्व सम्मेलन की शुरुआत में वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने सम्मेलन का महत्व और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे समय में हैं जब शिक्षा में सुधार, आर्थिक विकास और सामाजिक स्थिरता के लिए साझेदारी का निर्माण आवश्यक है। बोले केवल सामूहिक प्रयासों से ही हम उत्तराखंड को एक मजबूत और समृद्ध राज्य बना सकते हैं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। पूर्व निद.ेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड डा. सीडी सूंठा ने कहा कि उत्तराखंड का शिक्षा क्षेत्र इस विकास यात्रा का अहम हिस्सा रहा है, इसमें सुधार और नवाचार के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। इस सम्मेलन में हम इस बात पर जोर दे रहे हैं कि शिक्षा में सुधार, आर्थिक विकास और सामाजिक स्थिरता के लिए साझेदारी की आवश्यकता है। नैनीताल विस के पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल ने कहा कि उत्तराखंड की यात्रा केवल राजनैतिक विकास तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव का भी बड़ा हिस्सा है। इस सम्मेलन से हमें राज्य के विकास के नए रास्ते और रणनीतियों पर विचार करने का अवसर मिला है, जो आने वाले समय में विकास की गति को और बढ़ाएगा। प्रबंध अध्ययन विभाग भीमताल के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अमित जोशी ने कहा कि इस सम्मेलन में उत्तराखंड के विकास हेतु दृष्टिकोण और समृद्धि के उपायों पर गहन चर्चा हुई है। आने वाले वर्षों में राज्य के समग्र विकास के लिए हमें वैश्विक दृष्टिकोण और स्थिर रणनीतियों की आवश्यकता होगी। पूर्व एजीएम जिला उद्योग केंद्र योगेश चंद्र पांडे ने कहा कि उत्तराखंड में औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन के लिए कई योजनाएं बनाई जा रही हैं। मानव संसाधन विभाग अशोक लीलैंड प्रालि रुद्रपुर के डा. भुवन चंद्र जोशी ने कहा कि मानव संसाधन और कौशल विकास के क्षेत्र में उत्तराखंड ने कई अहम कदम उठाए हैं। हमें अपने युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने होंगे ताकि वे राज्य और देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकें। संस्थापक माउंटेन विलेज फाउंडेशन कीवा सिंह ने कहा कि पर्यटन और पारिस्थितिकी के क्षेत्र में उत्तराखंड की अनमोल धरोहर को संरक्षित करना बहुत महत्वपूर्ण है। विभाग की प्राध्यापिका डा. आरती पंत ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन डा. अंकिता आर्या ने किया। इस मौके पर प्रो. ललित तिवारी, डा. संतोष कुमार, डा. विजय कुमार, डा. ममता जोशी, डा. निधि वर्मा, डा. जीवन उपाध्याय, डा. विनोद जोशी, डा. तेज प्रकाश, डा. पूजा जोशी पालीवाल, डा. गौतम रावत, पंकज भट्ट, सूबिया नाज, दीक्षा, चंदन जलाल, घनश्याम पाल.ीवाल तथा बिशन कुमार आदि रहे। संचालन डा. अंकिता आर्या ने किया।




## सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव 18 को

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ शाखा नगर पालिका परिषद नैनीताल के आगामी 18 मार्च मंगलवार को होने जा रहे चुनाव के लिए शुक्रवार को नाम वापसी का दिन तय था। बता दें चुनाव में किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। इस तरह अब अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा जबकि सचिव एवं उपसचिव पद पर सीधा मुकाबला होगा। दूसरी ओर शुक्रवार को चुनाव कमेटी के द्वारा चुनाव चिन्ह वितरण किये गये। मुख्य चुनाव अधिकारी अमित सहदेव ने सभी प्रत्याशियों से गुजारिश की वह चुनाव में शान्ति व्यवस्था और नियमानुसार चुनाव समपन्न कराने में सभी अपना पूरा सहयोग और योगदान दें। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी संजय भगत, चुनाव परिवेक्षक ओम प्रकाश चौटाला, दिनेश रत्नाकर, मनोज चौहान, राहुल, मनोज कुमार, अनिल कटियार आदि मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश सचिव दिनेश कटियार का विशेष मागदर्शन रहा।

## इश्क जबरिया में नज़र आएंगे नैनीताल के आदित्य

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल नगर के आदित्य स्याल ने हिंदी धारावाहिक इश्क जबरिया में व्योम के किरदार में अपनी अहम भूमिका निभायी है। बता दें कि यह प्रसिद्ध धारावाहिक सन नियॉन और सन नेक्स टीवी चैनल और यू ट्यूब में रोज 10 बजे रात को प्रसारित किया जा रहा है। आदित्य स्याल इस टीवी धारावाहिक में मुख्य नेगेटिव किरदार व्योम की भूमिका में अपने दमदार और सटीक अभिनय से दर्शकों का मन मोह रहे हैं। आदित्य के प्रभावशाली अभिनय को टीवी धारावाहिक इश्क जबरिया में देख कर नैनीताल के सुप्रसिद्ध कलाकार और फिल्म जगत में अपना सिक्का जमाने वाले स्वर्गीय निर्मल पांडे का स्मरण कर रहे हैं। आदित्य स्याल नैनीताल निवासी मीरा स्याल और विक्रम स्याल के पुत्र हैं। आदित्य ने नगर के सेंट जोसेफ कॉलेज और सेंट अम्तुल पब्लिक स्कूल से अध्यापन करने के पश्चात 19 वर्ष की आयु में मिस्टर इंडिया नॉर्थ का खिताब जीता और मुंबई नगरी पहुंच कर मॉडलिंग के अनेकों असाइनमेंट्स को बखूबी अंजाम दिया। आदित्य ने अपना पहला टीवी रोल प्रसिद्ध डांस रियलिटी शो बूगी बूगी में जावेद जाफरी के साथ 6 वर्ष की आयु में किया। नैनीताल में थिएटर करने के पश्चात आदित्य ने मुंबई में कैंडी वेब सीरीस में एक्टर रोनित रॉय के साथ और फैमिली मैंने में मनोज वाजपेई के साथ अलग अलग किरदार में एक्टिंग की। हाल ही में मार्च 2025 में अर्जुन कपूर के साथ फिल्म मेरी बीवी की शादी में भी कैमियो किया। इश्क जबरिया धारावाहिक के 244 संस्करण प्रसा.रित किए जा चुके हैं और अभी यह धारावाहिक एक वर्ष और प्रसारित किया जाना तय है। आदित्य का लक्ष्य है कि वह आने वाले समय में बॉलीवुड में बड़े पर्दे पर अपने अभिनय के प्रभाव से नैनीताल का नाम रोशन कर भविष्य में और अधिक ख्याति प्राप्त कर पाए।

# जन औषधि दिवस पर जिला अस्पताल में गोष्ठी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** जन औषधि दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी के दौरान लोगों को जन औषधि के बारे में जानकारी दी गई। गोष्ठी के मुख्य अतिथि पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा रहे। इस दौरान अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट इंदु कुमार जोशी ने बताया कि जन औषधि केंद्र में मिलने वाली व बाजार में मिलने वाली दवाओं का सॉल्ट एक ही होता है लेकिन जन औषधि केंद्र में मिलने वाली दवाओं के दाम बाजार में मिलने वाली दवाओं से बहुत कम होता है। इस दौरान पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा ने मरीजों से जन औषधि केंद्र से दवाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र में दवाओं के साथ स्वास्थ्य के साथ ही इसके अच्छे परिणाम भी मिलते हैं जो बाजार डर से बहुत कम दाम में मिलते हैं। इस दौरान डा. महिमन सिंह दुग्ताल, डा. मोनिका कांडपाल, डा. नरेंद्र रावत, डा. अभिषेक गुप्ता, डा. अनिरुध गंगोला, डा. गरिमा कांडपाल तथा मेट्रन शशिकला पांडे, मुस्तदीन अहमद तथा डीएस गंगोला, दीपक कुमार, प्रीति तथा जितेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# ई-पुस्तकों और विद्या सेतु पहल पर चर्चा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने शुक्रवार को एक ऑनलाइन बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रायोगिक और सैद्धांतिक कक्षाओं के संचालन, विद्या सेतु पहल और ई-पुस्तकों के प्रचार-प्रसार पर चर्चा करना था। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में ई-पुस्तकों की खरीद की गई है, जो शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने सभी प्राचार्यों और विभागाध्यक्षों से इन संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई 'एक राज्य एक सब्सक्रिप्शन' योजना से छात्रों को विभिन्न विषयों की ई-पुस्तकों तक आसानी से पहुंच मिलेगी। इसके अलावा, विद्या सेतु पहल के तहत छात्रों को अध्ययन सामग्री मुहैया कराने की योजना पर भी चर्चा हुई। कुलपति ने सभी संकायाध्यक्षों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी प्रायोगिक कक्षाएं समय पर आयोजित हों और प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए प्रयोगों का संग्रह तैयार किया जाए। इस बैठक में कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल, संकायाध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार, डा. युगल जोशी और डा. उमंग सैनी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मंडल अध्यक्ष हिमांशु बिष्ट का स्वागत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**भवाली।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष हिमांशु बिष्ट का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्थन जताया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित की गई। स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं ने हिमांशु बिष्ट को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक सरिता आर्या ने संगठन की महत्वता पर बल दिया और भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं के योगदान को सराहा। महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने संगठन के अनुशासन की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर विधायक सरिता आर्या, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा, जिला मंत्री प्रकाश आर्य, पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अंबा दत्त आर्या, प्रगति जैन, वर्षा आर्य, कैलाश चंद्र सुयाल, राजेंद्र कपिल, राहुल चौहान, पंकज अद्वैती, लवेंद्र सिंह क्वीरा, शिवांशु जोशी, आशुतोष चंदोला, बालम सिंह मेहरा, धीरज पढ़ालनी, शुभम कुमार, आयुष कुमार, वैभव आनन्द, कंचन साह, नंदकिशोर पांडेय, मोहम्मद जावेद, मुकेश कुमार, अजीम खान, प्रदीप कुमार, बॉबी हिमांशु रावत, हिमांशु उप्रेती, विक्रम क्वीरा, अमित पांडेय, हिमांशु बिष्ट, जीवन आर्या, दान सिंह बोरा, कुलदीप चंद्रा, मीना बिष्ट, सुधा आर्या, तनुजा बगडवाल, दीपा कनवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पर भड़के राज्य आंदोलनकारी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की शुक्रवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में उत्तराखंड की अस्मिता एवं स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ करने वाले गालीबाज कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राज्य आंदोलनकारी 10 मार्च सोमवार को प्रदेश भर में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपने का फैसला लिया गया। जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती खुर्पाताल में राज्य आंदोलनकारी इंद्र सिंह मनराल की अध्यक्षता एवं पान सिंह सिजवाली के संचालन में संपन्न बैठक में मुख्य अतिथि राज्य आंदोलनकारी हुकुम सिंह कुंवर ने अपने संबोधन में कहा कि विधानसभा के अंदर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा द्वारा जिस तरह से असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया गया उसे न केवल समूचा उत्तराखंड बल्कि पूरा देश शर्मसार है। राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी तथा भुवन जोशी ने विधानसभा अध्यक्ष तथा उत्तराखंड सरकार व भारतीय जनता पार्टी गालीबाज अभी तक उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जिससे राज्य की जनता आहत है एवं आक्रोशित है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 मार्च सोमवार को मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को प्रकाश करने की मांग को लेकर राज्य आंदोलनकारी मंत्री प्रेमचंदअग्रवाल को बर्खास्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देंगे। बैठक में प्रदेश के सभी संगठनों को एक मंच पर लाने के लिए एक समिति के गठन का एक समिति के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में राजा आंदोलनकारी को मिलने वाले आरक्षण तथा सम्मानराशि में विसंगतियां आरक्षण एवं पेंशन में विसंगतियों को दूर करने तथा छूटे राज्य आंदोलनकारीयों के चिन्हीकरण की मांग की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट समेत कंचन चंदोला, लक्ष्मी नारायण लो.हनी, पान सिंह रौतेला, लीला बोरा, योगेश सती, राजेंद्र खुल्बै, चंद्रशेखर जोशी, बृजमोहन सिजवली, मनमोहन सिंह कनवाल, कमलेश चंद्र पांडे, महेश चंद्र जोशी, दीवान सिंह कनवाल, हीरा सिंह बिष्ट, गिरीश चंद्र जोशी, वीरेंद्र चंद्र जोशी, हेम पाठक, संजय सिंह विष्ट, मुनीर आलम, जगदीश चंद्र तिवारी, पीतांबर तिवारी, हरेंद्र सिंह बिष्ट, दीप चंद्र तिवारी, नरेंद्र सिंह बिष्ट, हेमचंद्र वारियाल, महेश पन्त, भगवान पाठक, मुकुल कांडपाल तथा देवेंद्र विष्ट व प्रदीप अनरिया आदि थे।

### 10 मार्च को प्रदेशभर में प्रदर्शन का ऐलान, मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा ज्ञापन



## फरार चल रहे दो वारंटी धरे पुलिस ने

**नैनीताल।** एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। एसपी जगदीश चंद्रा सीओ प्रमोद साह के निर्देशों पर थाना तल्लीताल के थानाध्यक्ष रमेश बोरा ने दो टीमों का गठन किया। इसके तहत पुलिस ने पहले वारंटी अमित कुमार, निवासी खूपी भूमियाधार, ज्योलिकोट और दूसरे वारंटी कृष्ण कुमार निवासी जैन मंदिर वाली गली, काशीपुर को गिरफ्तार किया। लंबे समय से फरार चल रहे एनबीडब्ल्यू के दोनों वारंटी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में एसआई श्याम सिंह बोरा, कांस्टेबल मलकीत कंबोज, चनीराम, एसआई सुनील कुमार, कांस्टेबल अनूप सिंह शामिल रहे।

## एक नजर

### अवैध खनन: जेसीबी और दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़े

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी न व 3 न्यू प्लाट स्थित डॉली रेंज के अंतर्गत गौला नदी में मुखबिर की सूचना पर राजस्व पट्टे से लगते हुए गौला नदी आरक्षित वन क्षेत्र में एक जेसीबी बिना नम्बर एवं दो ट्रैक्टर ट्राली संख्या यूके06सीबी6371 और यूके6सीए6630 को अवैध खनन करते हुए डौली रेंज लालकुवा वन विभाग की टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए मौके पर पकड़ा वही जेस.ीबी और दोनों ट्रैक्टर ट्रालियों को कब्जे में लेकर डौली रेंज लालकुआ बन परिसर में सुरक्षित खड़ा किया गया है। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी डौली नवीन सिंह पवार, ललित पालीवाल, राजकुमार, आरक्षी रेहान अली एवं रोशन बहादुर, कार्मिक प्रकाश सिंह पंकज, सोनू कार्की एवं वाहन चालक शाहिद बेग आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जन औषधि दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**अल्मोड़ा।** जन औषधि दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बेस अस्पताल के जन औषधि केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ सीएमओ डा. आरसी पंत ने किया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएस मनकोटी ने कहा कि जन औषधि केंद्रों के माध्यम से आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक औषधियों को सुलभ और सस्ती बनाना है। कहा कि जन औषधि केंद्रों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विशेषकर गरीब तबके के लोगो को सस्ती से सस्ती दवाईया उपलब्ध करना है। चिकित्सकों ने बताया कि जन औषधि केंद्रों के माध्यम से गंभीर एवं लंबी बीमारी से ग्रसित मरीजों को दवाईयां उचित एवं सस्ते दामों में उपलब्ध कराई जाती है। यहां त्रिलोक सिंह बगड़वाल, करन कुमार आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने की वृक्षारोपण कार्यों की समीक्षा

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शुक्रवार को बीस सूत्रीय कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों को आवंटित वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने आवंटित लक्ष्य की पूर्ति नही करने वाले विभागों, विशेषकर सिंचाई विभाग को व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण के कड़े निर्देश दिए। साथ ही वन विभाग को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। जिला.धिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण कार्यों में आवंटित लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभाग छोटे-छोटे लक्ष्यों का निर्धारण करें, ताकि समयबद्ध तरीके से कार्य संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर वृक्षारोपण के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर बल दिया। जिला.धिकारी ने वृक्षारोपण को पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए इसे प्राथमिकता के साथ लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही वन, सिंचाई, पंचायतीराज आदि विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि वृक्षारोपण कार्यों को प्रभावी और सतत रूप से संपन्न करें। इस पहल से पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय पारिस्थितिकी में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

### छात्रों का स्नो स्कीइंग का प्रशिक्षण जारी

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित बैटुलीधार मुनस्यारी में शुक्रवार को तीसरे दिन भी छात्रों का स्नो स्कीइंग का प्रशिक्षण जारी रहा। कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी ने कहा कि मुनस्यारी क्षेत्र के 20 छात्रों ने शुक्रवार को तीसरे दिन भी प्रातरू पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधा रोपण किया। प्रार्थना राष्ट्रगान और शपथ लेने के बाद बैटुलीधार में स्कीइंग की जानकारी ली।

### निचली अदालत का आदेश निरस्त

**नैनीताल।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट श्री विक्रम की अदालत ने द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल की कोर्ट से एनडीपीएस एक्ट में दोषी ठहराये गए आरोपी को दोषमुक्त करते हुए निचली अदालत के आदेश को निरस्त कर दिया है। मामले के अनुसार 19 नवम्बर 2019 को रेलवे बाजार तिराहे में रिजवान पुत्र बसरूद्दीन को पुलिस ने 4.5 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। जिसे द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल की कोर्ट ने 12 जुलाई 2023 को एनडीपीएस एक्ट में दोषी ठहराते हुए 6 माह के कठोर कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ रिजवान में विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की कोर्ट में अपील की थी।

### होली मिलन कार्यक्रम 13 मार्च को

**नैनीताल।** साह-चौधरी समाज नैनीताल द्वारा 13 मार्च गुरुवार को अपराह्न एक बजे से तल्लीताल स्थित लाला परमा शिव लाल साह धर्मशाला में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नैनीताल नगर पालि.का परिषद की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। होली मिलन कार्यक्रम में डा. खेतवाल का सम्मान और स्वागत कार्यक्रम भी किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को बैठक की गई जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गहन मंथन किया गया और सभी सदस्यों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में साह चौधरी समाज के अध्यक्ष सुरेश साह, सचिव सुरेश चौधरी समेत शैलेन्द्र साह, मनोज साह, हितेश साह, शैलेन्द्र चौधरी, मयंक साह, मोहित साह, हर्षित साह, मोहित लाल साह, भारती साह, सीमा साह तथा राखी साह तथा आलोक साह उपस्थित रहे।

# महिलाओं को सम्मान देने की आवश्यकता: सुजाता संजय



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** सुजाता संजय ने एक वेबिनार के दौरान महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने आदर्श और जिम्मेदारियों को कभी नहीं भूलना चाहिए और उन्हें समान सम्मान का हक है, जैसे पुरुषों को मिलता है। संजय ने विवाह के बाद महिलाओं को ससुराल में मिलने वाले सम्मान की कमी और मानसिक, भावनात्मक, शारीरिक प्रताड़ना की समस्या पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हमारे समाज में लड़कियों को बचपन से यह सिखाया जाता है कि उनका असली घर ससुराल होता है और उन्हें वहां घर के सभी कामों की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इसके बावजूद, समाज में यह मानसिकता बन चुकी है कि घर के काम केवल महिलाओं का कर्तव्य हैं, जबकि पुरुष आराम करते हैं। संजय ने यह भी कहा कि बच्चों की परवरिश केवल माता-पिता की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पूरे परिवार को इसमें सहयोग देना चाहिए। दादा-दादी को भी बच्चों की देखभाल में योगदान देना चाहिए, जिससे माता-पिता पर दबाव कम हो और बच्चे सही दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकें। संजय ने ससुराल वालों से आग्रह किया कि वे बहू को बेटी की तरह अपनाएं और उसे समान सम्मान दें। उनका मानना है कि यह समय है कि हम सभी महिलाओं को वह सम्मान दें जिसकी वे हकदार हैं, ताकि एक समतामूलक समाज की नींव रखी जा सके।

### अधिवक्ता राजीव कुमार शर्मा के निधन पर शोक

**नैनीताल।** भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल में उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजीव कुमार शर्मा के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा आयोजित की गई। प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने कहा कि भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय से जुड़े अधिवक्ता राजीव कुमार शर्मा जी का निधन एक अपूरणीय है। कहा कि श्री शर्मा प्रारंभ से ही आचार्य नरेंद्र शिक्षा निधि के अंतर्गत चलने वाले विद्यालयों के प्रबंधन से जुड़े रहे। उनकी धर्मपत्नी प्रो. नीता बोरा शर्मा जो कि डीएसबी परिसर की कैंपस डायरेक्टर हैं उनके प्रति उनके आवास में जाकर शोक संवेदना व्यक्त की। शोक सभा में प्रवक्ता प्रवीण सती, आलोक साह, डा. प्रहलाद आर्य, गोविंद सिंह बोरा, मंजू जोशी, नवीन पाठक, शिखा, रेवती, दरपान सिंह, भोला सिंह, प्रकाश पौडियाल, उत्कर्ष बोरा व गोविन्द रौतेला मौजूद रहे।

# बैराज में गंदगी की सफाई न होने पर नाराजगी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** कोसी बैराज से गाद की सफाई नहीं होने से नाराज क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर धरना दिया। प्रशासन पर समस्या की अनद.ेशी का आरोप लगाया। जल्द बैराज में जमा गाद की सफाई नहीं होने पर स्थानीय जनता को साथ में लेकर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। शुक्रवार को कोसी बैराज के समीप धरने में बैठे क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि बैराज से अल्मोड़ा नगर समेत कई ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति की जाती है। लेकिन बैराज में लंबे समय से गाद जमा है। जैसे अब तक सफ़ नहीं किया गया है। कहा कि प्रशासन से बार बार निवेदन करने के बावजूद भी अब तक स्फाई नहीं की गई है। कहा कि यही हाल रहा तो कोसी में पानी का स्तर कम हो जाएगा। इसका असर नगर की पेयजल व्यवस्था पर पड़ेगा। गर्मियों में लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ेगा। चेतावनी दी कि यदि जल्द कोसी बैराज से गाद की सफाई नहीं की गई तो वह समस्त जनता को साथ में लेकर उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। धरना स्थल पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पार्षद वैभव पांडे, देवेंद्र सिंह बिष्ट, शोभा जोशी, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महेश चंद्र आर्या, राधा बिष्ट, सुशील साह, दीप सिंह डांगी, दीपक कुमार, डा. मनोज जोशी, महेंद्र बिष्ट, बिशन सिंह बिष्ट, महेश चंद्र, अनूप भारती, हेम तिवारी, मुकेश कुमार डैनी, चंदन सिंह भोज, विनोद वैष्णव, पूरन रौतेला, रमेश नेगी, हिमांशु मेहता, विनोद फुलारा, विनोद पांडे, आनंद बिष्ट, परितोष जोशी, हरेंद्र रावत, कुंदन सिंह बिष्ट, भूपेश सिंह बिष्ट, रविंद्र टम्टा, मदन सिंह डांगी, हेमचंद्र तिवारी, किरन आर्या, तारा तिवारी, गीता मेहरा, फहमीना खान, दीपा साह, दीपक कुमार, कार्तिक साह, चंद्रकिरण बिष्ट, महेंद्र बिष्ट, अहमद अंसारी, दानिश अंसारी, नीरज पवार, हरेंद्र शैली, किशन सिंह बिष्ट, गजेंद्र फर्त्याल, बलवंत सिंह, संजू बिष्ट, महेंद्र सिंह आदि रहे।

### स्थानीय लोगों के साथ विधायक मनोज तिवारी का धरना



## कुमाऊँनी होली गायन स्वांग नृत्य प्रतियोगिता 11 से

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला होली गायन एवं स्वांग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंच के सचिव देवेन्द्र तोलिया ने बताया कि 11 मार्च को दिन में 12 बजे से प्रतियोगिता का आयोजन उत्थान मंच के प्रांगण में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की मौजूदगी में शुक्रवार से प्रारंभ कर दी गई है जो 11 मार्च के 12 बजे तक जारी रहेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक दल में प्रतिभागियों की संख्या 10 सदस्य ही मान्य होगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में मंच प्रांगण में पहुंचकर कुमाऊंनी होली गायन एवं स्वांग का लुत्फ़ उठाएं।

# तीन दर्जन गांव आज भी प्यासे

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** बीते एक दशक से भी अधिक समय से बनकर तैयार कपिलेश्वर बानड़ीदेवी पेयजल योजना में 3 दर्जन से अधिक गांव आज भी प्यासे हैं। लमगड़ा बाजार, ठाट, पलना, तोली, गौलीमहर सहित अनेक गांवों के लोगों में समय पर पानी न मिलने पेयजल योजनाओं के अब तक हस्तांतरित न होने पर रोष है। स्थानीय लोगों में इस बात को भी लेकर रोष है कि विभाग की मिलीभगत से लगातार पाईप लाईनों अनधिकृत कनेक्शनों के कारण रिजार्ट और क्षेत्र में बन रहे होटलों में बराबर पानी की सप्लाई दी जा रही है, कई में तैराकी के लिए भी पानी की व्यवस्था की गई है जबकि ग्रामीणों को दो से तीन सप्ताह में एक बार पानी के दर्शन हो रहे हैं। इधर गर्मियों में स्वयं विभाग ने भारी पैसा खर्च कर पिछले साल भी टैंकरों से पानी बांटा था। इससे पूर्व अनेक बार ग्रामीण प्रधानमंत्री कार्यालय सहित मुख्यमंत्री कार्यालय में पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर अनेकों ज्ञापन दे चुके हैं। लमगड़ा बाजार में बीते 7-8 माह से पानी न आने पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर एक सप्ताह में पानी की आपूर्ति नहीं हुई तो वे धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इसमें स्वयं बाल विकास परियोजना अधिकारी लमगड़ा, अमित वर्मा, जीवन सिंह मेर, हीरा बिष्ट, किशन सिंह, पंकज कुमार, गोपाल मेर, चंदन सिंह, रहीश अहमद, प्रकाश सिंह मेर, चंदन सिंह कनवाल, विशन सिंह, हीरा सिंह, पंकज कुमार सहित अनेक स्थानीय लोगों ने ज्ञापन सौंपा।



# वर्दी और रमजान का फर्ज एक साथ अदा कर रहे हैं पुलिसकर्मी

## मंगलौर कोतवाली में तैनात ये मित्र पुलिस इबादत के साथ ईमानदारी से निभा रहे हैं अपनी ड्यूटी

**शमीम अहमद मंगलौरी**

**मंगलौर।** रमजान के पाक महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं। कामकाजी लोग पूरी शिद्दत के साथ नौकरी व रमजान दोनों का फर्ज निभा रहे हैं। तमाम ऐसे महकमे हैं जहां तैनात लोग दिनभर भूख-प्यास सहन कर रोजा रखते हैं। बात अगर पुलिस वालों की करें तो इनकी जिम्मेदारी कुछ अलग है। क्योंकि इन्हें ऑफिस की ड्यूटी के साथ दिनभर सड़कों पर दौडना पड़ता है। गर्मी में पानी की तलब चौराहे पर जाम में फंसे वाहनों को निकलवाते वक्त जरूर लगती है, पर ये सब्र के साथ हंसते-हंसते दोनों जिम्मेदारी निभाते हैं।



फरीद मलिक



माजिद अली

अपराधियों को पकडना हो या बाहर दबिश देने के लिए निकलना। या सडक पर गश्त करना हो। इन कठिन परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद वे रोजे से मुंह नहीं मोड़ते।

दरअसल, यह इबादत का ही असर है कि रमजान के महीने में ड्यूटी करते हुए कभी दिक्कत महसूस नहीं करते। भले रात में पूरा आराम मिले या न मिले। पुलिस महकमे की नौकरी करते हुए कई लोगों को सात से बीस साल तक हो चुके हैं। रोजा रखने के दौरान लंबी दौड़भाग भी करनी पड़ी। इसके बावजूद पुलिसकर्मियों ने एक भी रोजा नहीं छोड़ा। रोजेदार सुबह साढ़े चार बजे से पहले उठकर रोजे की तैयारी करते हैं। सहरी के वक्त से पहले पूरी तैयारी करना जरूरी है। देर शाम इफ्तार का वक्त होता है। अन्य विभागों में नौकरी करने वाले रोजेदार रात को तरावी सुनने के बाद आराम कर लेते हैं, लेकिन पुलिस की नौकरी में रात-आधी रात कब



मरजीना मलिक



जफर हुसैन

उठकर निकलना पड़े, कुछ पता नहीं। मंगलौर कोतवाली के हेड कास्टेबल माजिद अली इससे पहले कई थानों व कोतवालियों में तैनात रह चुके हैं। माजिद अली लंबे समय से पुलिस सेवा कर चुके हैं। तमाम भागदौड़ में उलझने के बावजूद उन्होंने रोजा हमेशा रखा।

**❖कांस्टेबल फरीद मलिक, माजिद अली, मरजीना मलिक व जफर हुसैन दिन भर भूखा प्यासा रहने के बावजूद दौड़ रहे हैं सड़कों पर**

मंगलौर कोतवाली में बतौर कास्टेबल कार्यरत मौ. फरीद मालिक चौदह साल से पुलिस की नौकरी में हैं। दिनभर स्टंटबाजों को पकड़ कार्रवाई करते हैं, पर रमजान में कभी थकान महसूस नहीं हुई।साल 2016 में पुलिस महकमे में भर्ती होने वाली मरजीना मालिक कोतवाली,घटनास्थल से लेकर मुजरिमों को लेकर कोर्ट तक के चक्कर काटती हैं। दौड़-भाग के बावजूद रमजान में भी पूरी तरह फिट नजर आती हैं। कोतवाली में तैनात जफर हुसैन ड्यूटी को लेकर हमेशा गंभीर रहते हैं। 13 साल से पुलिस की नौकरी कर लोगों की सेवा कर रहे जफर अली किसी भी सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचने वाले पुलिसकर्मियों में से एक हैं।

# जादुई लोटा दिखाकर लोगों को बनाते थे ठगी का शिकार, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सोशल मीडिया पर जादुई लोटा दिखाकर लाखों की ठगी करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से फर्जी एवं मूल आधार कार्ड के अलावा लोटा भी बरामद हुआ है।

सिविल लाइंस कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि प्रभारी कोतवाली सिविल लाईन के निर्देशन मे रात्रि गश्त चौकिंग के दौरान के उपनिरीक्षक विपिन कुमार,हैड कांस्टेबल मनमोहन भण्डारी व कांस्टेबल अनिल शर्मा रात्रि गश्त चौकिंग कर रहे थे। तभी नगर निगम से नहर पटरी से ए टू जेड की और जाने वाले रास्ते पर 02 व्यक्तियो मुकीम पुत्र इलियास निवासी इकबालपुर



कमेलपुर, सौयब पुत्र जमीर निवासी किशनपुर जमालपुर थाना भगवानपुर को हिरासत में लिया। पूछताछ व जामा तलाशी ली गयी तो पता लगा कि उपरोक्त दोनो व्यक्ति ठग है जो फर्जी आधार कार्ड रखकर दूर दराज के लोगो को एक लोटा दिखाकर ( जादुई लोटा) बताकर लाखो की धोखाधड़ी करते है। जिनके कब्जे से 02 कूटरचित आधार कार्ड, 02 मूल आधार कार्ड, 02 अदद पैन कार्ड व एक अदद पीतल का लोटा काली टेप लगा बरामद हुआ है। जिसके आधार पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।

# अकीदत के साथ अदा की गई रमजान के पहले जुमे की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुकद्दस रमजान के पहले जुमे की नमाज नगर और आसपास के क्षेत्रों में अकीदत के साथ अदा की गई।नगर की प्रमुख जामा मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने जुमे की नमाज अदा करा अमनों,सलामती व खुशहाली की दुआएं मांगी।

जुमे की नमाज से पहले मौलाना अजहर उल हक ने मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद देते हुए इसकी फजीलत तथा विशेषताओं पर प्रकाश डाला।मौलाना अजहरूल हक ने कहा कि रोजा इबादतों की रूह है और रोजे का सवाब अल्लाह ताला अपने बंदों को खुद देगा।उन्होंने अपने खिताब में कहा कि रमजान के तीस रोजों को तीन असरों (भागों) में बांटा गया है,जिसमें पहले असरा रहमतों का,दूसरा असरा मगफिरत का



और तीसरा असरा जहन्नुम की आग से छुटकारे पाने का है।उन्होंने अपने खिताब में कहा कि रमजान हमें तमाम बुराइयों से रोकता है और रमजान सब्र,रहमतों और बरकतों वाला महीना है।हमें इसकी ज्यादा से ज्यादा कदर करनी चाहिए।मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने देश व प्रदेश में अमन-शांति,भाईचारे तथा खुशहाली की दुआ कराई,साथ ही उन्होंने मुकद्दर रमजान के दूसरे जुमे पर पड़ने वाले होली के त्योहार पर भी मुस्लिमों से अपने हिंदू भाइयों की भावनाओं की कद्र करते हुए उनसे सहयोग तथा सावधानी बरतने की अपील की।इस दौरान पर मौलाना अरशद कासमी,कारी कलीम अहमद, इंजीनियर मुजीब मलिक,डॉक्टर नैयर आजम काजमी,अफजल मंगलौरी,मौफीक अहमद,हाजी सलीम खान,कुंवर जावेद इकबाल,जावेद अख्तर एडवोकेट, हाजी नौशाद अहमद,हाजी लुकमान कुरैशी,हज अधिकारी बाबू एहसान अहमद, कानूनगो महमूद अली,अता उर्रहमान अंसारी, कौसर सिद्दीकी एडवोकेट,अब्दुल सत्तार मलिक, पूर्व पार्षद मोहसिन अल्वी,इरशाद पहलवान,कारी एहतेशाम अली,सुहेब मलिक,अंसारी अहमद, इमरान देशभक्त, सैयद नफीस उल हसन,सलमान फरीदी, जुल्फिकार ठेकेदार व मास्टर अब्दुल मलिक आदि बड़ी संख्या में रोजेदारों ने नमाज अदा की।पहले जुमे के अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद शिवम अग्रवाल द्वारा जामा मस्जिद क्षेत्र में विशेष सफाई एवं पथ प्रकाश व्यवस्था कराई गई,वहीं नगर निगम प्रशासन द्वारा भी नगर की तमाम मस्जिदों एवं मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सफाई का विशेष अभियान चलाया गया।

# डॉ. अब्दुल कलाम एजुकेशन ट्रस्ट ने गरीबों को बांटी राशन किट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** माहे रमजान के मुबारक मौके पर मिस्कीन बेवा औरतों लंबे वक्त से बीमार व्यक्तियों के लिए रमजान खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम 2025 किया गया है। ट्रस्ट के सदस्य अबरार अहमद ने कहा कि डॉ अब्दुल कलाम एजुकेशनल हेल्थ ट्रस्ट करीब 4 साल से यह ट्रस्ट अनेक काम कर रहा है जैसे सर्दी में गरीब बच्चों को स्वेटर एमबीबीएस बीएससी लम्बे समय से बीमार पिछले वर्ष बाढ़ से प्रभावित चिकित्सा सहायता आदि की मदद डॉक्टर अब्दुल कलाम एजुकेशनल हेल्थ ट्रस्ट के द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा आज भी गरीब बेवा एवं लंबे समय से बीमार महिलाओं एवं पुरुषों के लिए हमारे ट्रस्ट द्वारा दर्जनों गांव में 70 राशन किट वितरण की जा रही है उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टर अब्दुल कलाम ट्रस्ट के द्वारा आगे भी जिस जगह किसी को मदद की जरूरत होगी उसी जगह ट्रस्ट के द्वारा उसकी मदद की जाएगी आज



डॉक्टर अब्दुल कलाम एजुकेशनल हेल्थ ट्रस्ट के राशन किट वितरण में जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमें मोहम्मद उस्मान बसेड़ी खाकर अध्यक्ष श्रीमती महपरीना प्रबंधक सचिव श्रीमती दिल अफरोज कोषाध्यक्ष अबरार अहमद मुकर्रम अली आसिफ खान आरिफ खान दिलशाद अंसारी साहेब अंसारी साकिब अंसारी जुनैद अंसारी हसीन अली शादाब मलिक वकील अहमद रहमान अली शामिल रहे।

## दीवार तोड़कर ट्यूबवेल से किया सामान चोरी

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के मेहवड कलां गांव के जंगल में एक किसान के खेत मे लगे ट्यूबवेल से चोरो ने दीवार तोड़कर उसमें रखे लोहे के पाइप व अन्य सामान चोरी कर लिया है। किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पिरान कलियर क्षेत्र के मेंहवड कलां निवासी उदय सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया हैं कि उसके ट्यूबवेल से देर रात अज्ञात चोरो ने ट्यूबवेल की दीवार तोड़कर उसमे रखे लोहे के पाईप व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया हैं। किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की। थाना प्रभारी दिलबर सिंह नेगी ने बताया तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही हैं।

# एआरटीओ ने किया शोरूम का औचक निरीक्षण, दस्तावेज जांचें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज एआरटीओ ने वोक्स वैगन हरिद्वार रोड निकट कोर कालेज के शोरूम में औचक निरीक्षण किया। शोरूम के सभी दस्तावेंजों की जांच भी की गयी।

जानकारी के अनुसार आज वोक्स वैगन हरिद्वार रोड निकट कोर कालेज के शोरूम में औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें दस्तावेजों के आधार पाया गया कि उक्त शोरूम से वाहनों का विक्रय किया जा रहा है। जबकि शोरूम के कर्मियों गौरव कुमार व गौरव राणा द्वारा अवगत कराया गया कि वाहन विक्रय हेतु ट्रेड प्रमाण पत्र नहीं है। जिस कारण शोरूम कर्मियों की उपस्थिति में समस्त प्रपत्रों को कब्जे में लेकर सीज किया गया



है। चेतावनी दी कि जब तक ट्रेड प्रमाण पत्र नहीं किया जाता तब तक वाहनों का विक्रय न किया जाये। निरीक्षण में मौके पर चार वाहन पाये गये। सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय रूडकी के क्षेत्र अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण में एल्विन रॉक्सी, कृष्ण चंद्र, सईद अहमद, नवीन तिवारी, अनिल भारती, रमेश पंत, राकेश, प्रमोद, ओमकार आदि शामिल रहे।

# दरगाह प्रबंधन ने दुकानदारों से बकाया वसूला

**पिरान कलियर।** ज्वांइट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर दरगाह प्रबंधन ने दरगाह की दुकानों के बकायादार दुकानदारों से बकाया वसूल किया। दरगाह साबिर पाक की ओर से दुकाने आवंटित की गई हैं।जिनमे अधिकांश दुकानों पर सालों से दरगाह का बकाया चला आ रहा है। ज्वांइट मजिस्ट्रेट रुड़की आशीष कुमार मिश्रा ने दरगाह प्रबंधन को बकाया वसूल करने के निर्देश दिए थे। ब्रस्पतिवार और शुक्रवार को लेखपाल अनुज यादव और दरगाह कर्मचारियों ने दुकानों पर जाकर 17 दुकान स्वामियों से बकाया वसूल किया।दरगाह प्रबंधक रजिया और लेखपाल अनुज यादव ने बताया कि ज्वांइट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर दरगाह की 17 दुकानदारों से करीब 2 लाख सात हजार चार सौ रुपये वसूल किया गया हैं।

## 6 साल के अरहम ने रखा पहला रोजा

**पिरान कलियर।** मेहवड कला गांव निवासी शहजाद अहमद के 6 साल के बेटे अरहम ने बृहस्पतिवार (जुमेरात) को पहला रोजा रखकर अमन चौन की दुआएं मांगी। कलियर क्षेत्र के मेहवड कला गांव निवासी शहजाद के 6 साल के बेटे अरहम ने पहली बार रोजा रखा।पिता शहजाद ने बताया कि उन्होंने कभी भी अपने बेटे को रोजा रखने के लिए नहीं कहा।जुमेरात को इसने खुद ही रोजा रखने की बात कही और जिद करने लगा। पहले तो उन्होंने रोजा रखने के लिए मना किया था। और उसकी जिद के आगे उन्हें मानना पड़ा। सुबह शहरी के दौरान उसने शहरी खाकर अपना पहला रोजा शुरू किया। दिनभर उसके चेहरे पर भूख प्यास को लेकर कोई शिकन नजर नहीं आई। शाम को भी निर्धारित समय पर रोजा इफ्तार कर दुआ मांगी।

# पुलिस ने दबोचे दो इनामी बदमाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नशीला पदार्थ खिलाकर महिला से बलात्कार करने वाले 10000 के इनामी दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जानकारी पर राजीव रौथाण लक्सर कोतवाली प्रभारी ने बताया 5 फरवरी 2025 को मोहम्मद नोमान पुत्र मोहम्मद असलम निवासी अकबरपुर जोजा थाना झबरेडा जिला हरिद्वार के द्वारा एक पत्र देकर बताया कि मेरी पत्नी को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ बलात्कार किया है। उस सूचना पर संबंधित मुकदमा दर्ज किया गया एसएसपी हरिद्वार द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए घटना के अनावरण व मुकदमा उपरोक्त में संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी के निर्देश दिए 7 फरवरी 2025 को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित नामजद अभियुक्त रियाजुल निवासी ग्राम जैनपुर खुर्द ऊर्फ मतलूबपुरा को गिरफ्तार किया गया था। अभियोग में मेहरुद्दीन में सैय्याद का नाम घटना में सम्मिलित होना प्रकाश में आया था जो अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाने बदल कर रह रहे थे। उच्च अधिकारियों के द्वारा उन पर 10000 का इनाम घोषित कर दिया गया था। 6 मार्च 2025 को मोहम्मदपुर बुजुर्ग तिराहे के पास से दोनों अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया उनके ऊपर उच्च अधिकारियों के द्वारा 10000 का इनाम घोषित किया गया था पकड़े गए व्यक्तियों के नाम मेहरुद्दीन पुत्र अल्लाह बंदा निवासी ग्राम गढ़ी सघीपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 35 वर्ष सैय्याद पुत्र अशरफ निवासी ग्राम घोस्सीपुरा थाना पथरी जनपद हरिद्वार उम्र 30 वर्ष बताया। उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक चौधरी महिला उप निरीक्षक प्रियंका नेगी कांस्टेबल देवेंद्र होमगार्ड आजाद शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## शांतिपूर्ण तरीके से हुई पहले जुमे की नमाज, मांगी अमन चैन की दुआएं

**लक्सर।** काठा पीर शाह मोहम्मद शाह में आज पहले जूमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। सभी नमाजयो ने मुल्क में अमन चौन की दुआएं मांगी काठा पीर मस्जिद के इमाम शाहनवाज ने कहा की हमारा मुल्क बहुत ही खुशनुमा मुल्क है जिसमें हर कोम को आजादी मिली हुई है। उन्होंने कहा हम यही चाहते हैं की हमारे मुल्क में अमन चौन भाई चारा बना रहे वहीं कारी मोहम्मद समीम ने कहा हमारे मुल्क में तरह तरह की भाषा है तरह तरह की जाति बिरादरी है फिर भी एक दुसरे से प्यार करते हैं उन्होंने कहा अगर हमारा मुल्क आगे बढ़ रहा है तो सभी के सहयोग से आगे बढ़ रहा है।

## हरिद्वार सांसद ने किया जन औषधि केंद्र का निरीक्षण

# समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं औषधि केंद्रः त्रिवेंद्र सिंह रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जन औषधि दिवस पर लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जन औषधि केंद्र का दौरा किया जो माननीय प्रधानमंत्री जी की पारदर्शिता, जनकल्याण की भावना एवं समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के निमित्त आयोजित किया गया था। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जन औषधि केंद्र के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह केंद्र सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं प्रदान करके समाज के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि जन औषधि केंद्र के माध्यम से सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ता बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जन औषधि केंद्र के बारे में बात करते हुए, भाजपा जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि यह केंद्र न केवल सस्ती दवाएं प्रदान करता है, बल्कि यह स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ता बनाने में भी मदद करता है। उन्होंने यह भी कहा कि जन औषधि केंद्र के माध्यम से सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ता बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जन औषधि केंद्र के कर्मचारियों और स्वास्थ्य




कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया, जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर भाजपा नेता मयंक गुप्ता ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और भी सुलभ और सस्ता बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस प्रकार जन औषधि दिवस पर लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत का जन औषधि केंद्र का दौरा एक महत्वपूर्ण कदम था, जो स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ता बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम का संचालन संजय प्रजापति ने किया।

# एएसडीएम ने किया नत्थू खेड़ा गांव का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** एएसडीएम ने किया नत्थू खेड़ी गांव के विकास कार्यों का निरीक्षण कर जन समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार एएसडीएम ने किया नत्थू खेड़ी गांव के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। नारसन ब्लॉक के गाँव नत्थू खेड़ी का आज ए एस डी एम प्रेम लाल ने लोगो की बैठक कर गाँव का निरीक्षण किया जहाँ लोगों ने उनके समक्ष अपनी अपनी जनसमस्याएं भी भी रखी। एएसडीएम ने कहा कि ग्रामीणों की सभी समस्याओं का जल्द ही निवारण किया जाएगा साथ ही ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को भी बताया जिसमे खस्ताहाल सड़को का और पानी की टँकी से सम्बंधित समस्याओं को उनके सामने रखा जिस पर एसडीएम ने लोगों की समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने के



आश्वासन दिया और गांव में जो अधूरे विकास कार्य थे उनका भी निरीक्षण किया।

# सम्पादकीय

शनिवार, 8 मार्च 2025

## खिलाड़ियों से उम्मीद

चैंपियन ट्राफी का फाइनल मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। यह वह स्थान होगा, जो चैंपियन ट्राफी की विजेता का गवाह बनेगा। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद भारतीय टीम उत्साह से भरी है, जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि भारत चैंपियन ट्राफी विजेता होगा, हो भी क्यों न। देश के खिलाड़ियों को अपने देश की आन, बान और शान रखनी है, क्योंकि इसी महीने भारत में होली और ईद का त्योहार आने वाला है। खिलाड़ियों से उम्मीद लगाई जा सकती है कि वे देश की अस्मिता को गिरने नहीं देंगे। वैसे भी हमारे देश के खिलाड़ियों का एक गौरव रहा है कि जब भी भारत में कोई त्योहार आया है, तब-तब टीम इंडिया जीतकर वापस लौटी है। अब फाइनल मैच रविवार, 9 फरवरी को भारत और न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को 'चैंपियन' का टैग मिलेगा। इस बार टूर्नामेंट में टीम इंडिया की ताकत विराट, गिल और वरुण बने हुए हैं। जबकि कीवी टीम का भरोसा विलियम्सन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय है। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक 5 मुकाबले खेले और सभी जीते। टीम बैटिंग, बालिंग और फील्डिंग, तीनों में ही अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने कीवियों को ग्रुप-ए में हुए मुकाबले में 44 रन से हराया था। इस समय कोहली-गिल के शतक, अय्यर शानदार फॉर्म में है। विराट कोहली और शुभमन गिल टूर्नामेंट में एक-एक शतक बना चुके हैं। श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और केएल राहुल मिडिल ऑर्डर में अपना रोल बखूबी निभा रहे हैं। हार्दिक पंडया भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फार्म साबित कर चुके हैं। टाप-5 बैटर्स में विराट कोहली 217 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। अय्यर और गिल भी 150 से ज्यादा रन बना चुके हैं। भारत को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच रास आ रही है। टीम ने अपने सभी मुकाबले इसी मैदान पर खेले हैं। सभी खिलाड़ी मैदान की परिस्थितियों से परिचित हैं। ऐसे में फाइनल में भारत को दुबई की धीमी पिच का फायदा मिल सकता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ओपनर की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन वे इस टूर्नामेंट में कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। वे किसी भी मुकाबले में पहले पावरप्ले में पूरे ओवर बैटिंग नहीं कर सके। इस टूर्नामेंट में उनका हाईएस्ट स्कोर 41 रन है। वे 4 मैचों में 26.00 की औसत से 104 रन ही बना सके हैं। ऐसे में रोहित शर्मा को खिताबी मुकाबले में बड़ी पारी खेलनी होगी। इंडियन बैटर्स को न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं। कप्तान मिचेल सैंटनर की लीडरशिप वाली स्पिन चौकड़ी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में 7 विकेट झटके थे। टीम के स्पिनर्स टूर्नामेंट में अब तक 17 विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम की गेंदबाजी में मोहम्मद शमी का साथ देने के लिए कोई बड़ा नाम नहीं हैं। बुमराह की गैरमौजूदगी में हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंडया को टीम में रखा गया है। कुल मिलाकर भारत के खिलाड़ियों को एकाग्र होकर खेलना है।

### संवाद से ही निकालें समस्याओं का समाधान



आतंकवाद सार्वकालिक चुनौती है, इससे प्रतिबद्धता के साथ निपटा जाएगा, संघर्ष आज एक प्रमुख मुद्दा है और भारत का मानना है कि मतभेदों को बातचीत और कूटनीति के जरिये सुलझाया जाना चाहिए, न कि युद्ध के मैदान में, यह महत्वपूर्ण है कि हम संवाद और कूटनीति के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालें, चाहे यह कितना भी कठिन क्यों न हो, भारत लंबे समय से आतंकवाद का शिकार रहा है और इसे समाप्त करने के लिए समर्पण और संकल्प की आवश्यकता है, देश अगले दशकों में सात फीसदी के आसपास विकास की गति बनाए रखेगा, जिससे भारत और मित्र देशों के बीच मजबूत साझेदारी के अवसर बढ़ेंगे।

**डा. एस. जयशंकर**
**विदेश मंत्री**

# आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला जारी



योगेश कुमार गोयल

> **देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं, कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए**

दुनियाभर में प्रतिवर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस 'आधी दुनिया' के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है। यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब 'आधी दुनिया' से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फ पुलिस-प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं।

देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपरा. धियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए। ऐसे मामलों में पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी अनेक अवसरों पर संदिग्ध रहती है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का कार्य करती है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए? जरूरत इस बात की महसूस की जाने लगी है कि पुलिस को लैंगिक दृष्टि से संवदेनशील बनाया जाए ताकि पुलिस पीड़ित पक्ष को पर्याप्त संबल प्रदान करे और पीड़िताएं अपराधियों के खिलाफ खुलकर खड़ा होने की हिम्मत जुटा सकें, साथ ही जांच एजेंसियों और न्यायिक तंत्र से भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की अपेक्षा की जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर अंकुश के लिए समय की मांग यही है कि सरकारें मशीन. री को चुस्त-दुरुस्त बनाने के साथ-साथ प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें कि यदि उनके क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के मामलों में कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

दिनदहाड़े सामने आती छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला। आए दिन देशभर में हो रही इस तरह की घटनाएं हमारी सभ्यता की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बलात्कार और छेड़छाड़ के आए दिन जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें बहुत से ऐसे भी होते हैं, जिनमें पीड़िता के परिजन, निकट संबंधी या परिचित ही आरोपी होते हैं। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों में तो यहां तक कहा जा चुका है कि करीब 97 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों की ही शिकार होती हैं और यह समस्या सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिला अपराधों के मामले में पूरी दुनिया की यही तस्वीर है। जहां देश में हर 53 मिनट में एक महिला यौन शोषण की शिकार होती है और हर 28 मिनट में अपहरण का मामला सामने आता है, वहीं संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में प्रत्येक तीन में से एक महिला का कभी न कभी शारी. रिक शोषण होता है। दुनिया में करीब 71 फीसदी महिलाएं शारीरिक मानसिक प्रताड़ना अथवा यौन शोषण व हिंसा की शिकार होती हैं, दक्षिण अफीका में हर छह घंटे में एक महिला को उसके साथी द्वारा ही मौत के घाट उतार दिया जाता है और अमेरिका में भी इसी प्रकार कई महिलाएं हर साल अपने ही परिचितों द्वारा मार दी जाती हैं। जहां तक पीड़िताओं को न्याय दिलाने की बात है तो इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग काफी समय से उठती रही है किन्तु हमारा सिस्टम कछुआ चाल से रेंग रहा है। ऐसे मामलों में कठोरता बरतने के साथ-साथ त्वरित न्याय प्रणाली की भी सख्त जरूरत है ताकि महिला अपराधों पर अंकुश लग सके। आज अगर समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और संवेदनहीनता के मामले बढ़ रहे हैं तो हमें यह जानने के प्रयास करने होंगे कि कमी हमारी शिक्षा प्रणाली में है या कारण कुछ और हैं। ऐसे कृत्यों में लिप्त रहने वाले लोगों की कुंठित मानसिकता के कारणों की पड़ताल करना भी बहुत जरूरी है, साथ ही सामाजिक मूल्यों का विकास करने के लिए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा को लागू करना और छात्रों को अच्छा साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना समय की मांग है ताकि युवाओं की नकारात्मक सोच को परिवर्तित करने में मदद मिल सके, जिससे स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा सके।



**( लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

# बंजर भूमि में हरियाली की मुस्कान...

किसी भी किसान को खुशी होगी यदि उसकी पथरीली और बंजर पड़ी भूमि पर हरी-भरी फसलें लहलहाने लगें। यही खुशी आज राजस्थान के करौली ज़िले के अनेक किसानों में दिख रही है।

मकनपुरस्वामी गांव (मंडरयाल ब्लॉक) के कृषक बल्लभ और विमला ने बताया कि उनके गांव में पत्थर का खनन होता रहा है तथा बहुत सारी ज़मीन पथरीली होने के साथ-साथ खनन के पत्थर भी इधर-उधर बिखरे रहते हैं। गांव में पानी की बहुत कमी थी। अतः उनकी ज़मीन का एक बड़ा हिस्सा बंजर पड़ा था। इस स्थिति में आसपास के अनेक गांवों ने चंदा एकत्र किया और श्रमदान करके वर्षा के बहते पानी को एक स्थान पर रोक कर जलसंकट को कुछ हद तक कम किया।

वे आगे बताते हैं कि इससे भी बड़ा बदलाव तब आया जब 'सृजन' नामक संस्था ने जल स्रोतों से मिट्टी हटवाकर खेतों में डलवाई। इससे जल स्रोत में गहराई आई, अधिक जल एकत्र होने लगा व खेतों का उपजाऊपन बढ़ा। खेतों की मेड़बंदी की तो उनमें भी पानी रुकने लगा। कृषि भूमि का समतल. ीकरण किया गया। इस सबका मिला-जुला असर यह हुआ कि बहुत सी पथरीली बंजर भूमि पर अब खेती होने लगी।

बल्लभ व विमला अपने हरे-भरे सब्ज़ी के खेत दिखाते हुए बताते हैं कि बीज, पौधों व प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण का यह असर है। आरंभ में प्राकृतिक खेती में कुछ कठिनाई आई पर अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की कीमत डेढ़ गुना मिल रही है। विविध सब्ज़ियों का फसल-चक्र वर्ष भर चलता रहता है जिससे आय भी होती है व पोषण भी सुधरता है। पशुओं के गोबर व मूत्र की खाद बनाने के लिए बायो-रिसोर्स सेंटर भी उन्होंने स्थापित किया है।

इसी गांव के किसान मानसिंह बताते हैं कि संस्था की मदद से व सरकारी विभागों से प्राप्त सब्सिडी से उन्हें सोलर पंप सेट लगाने में सहायता मिली है। सोलर पंप बहुत कामयाब हैं व डीज़ल के खर्च में बहुत कमी आई है, जबकि प्राकृतिक खेती के प्रसार से अन्य खर्चों में भी बहुत कमी आई है।

इसी ब्लॉक में जगदड़पुरा की महिला किसान संगठित हुई हैं और वे नियमित मीटिंग कर विकास कार्य को आगे बढ़ाती हैं। यह गांव राजस्थान की सीमा पर है व थोड़ा-सा आगे जाकर मध्य प्रदेश का मुरैना ज़िला या चंबल के बीहड़ आरंभ हो जाते हैं। अतः यहां भूमि बंजर होने का खतरा बीहड़ों के प्रसार से भी है, और मिट्टी के अधिक कटाव से बीहड़ फैलते व बढ़ते हैं। गांव के किसान अपनी मेहनत से ज़मीन को समतल कर इस कठिन परिस्थिति को संभालते हैं।

जल संरक्षण से लेकर प्राकृतिक खेती जैसे विभिन्न प्रयासों से इस गांव में लगभग 25 हैक्टर बंजर भूमि पर खेती होने लगी है व इससे लगभग दो गुनी भूमि पर फसल की सघनता व उत्पादकता बढ़ी है। जिस भूमि पर पहले केवल बाजरा होता था, उस पर अब गेहूं, चना, सरसों व सब्ज़ियां सब हो रहे हैं। सृजन संस्था के माध्यम से सरकारी कृषि विज्ञान केंद्र से भी किसानों का मज़बूत का सम्बंध बना है व सिलाई मशीन, सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर आदि का लाभ मिला है।

खारा पानी गांव की बड़ी समस्या है। जब जल जीवन मिशन में लगे नल से बेहतर गुणवत्ता का पानी आने लगा तो लोग बहुत प्रसन्न हुए पर किसी अन्य गांव में फसल के लिए पानी लेने हेतु पाइपलाइन तोड़ दी गई तो यहां नल में पानी आना रुक गया और लोग फिर खारा पानी पीने को मजबूर हो गए।

स्रोत फीसर्च

ऐसे अनेक गांवों में संस्था, सरकार और समुदाय की भागीदारी से बहुत कम बजट में जल स्रोतों के निर्माण, पुराने जल स्रोतों के सुधार, मेड़बंदी, भूमि समतलीकरण आदि कार्यों से बंजर भूमि को हरा-भरा करने की संभावनाएं बनाई गई हैं। पांच वर्षों के इस प्रयास में 1250 एकड़ बंजर भूमि पर खेती संभव हुई व 286 पोखरों का सुधार हुआ जबकि 96 नए पोखर बनाए गए। इस प्रयास से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।



# वायु प्रदूषण पर कैसे लगे रोक...



रजनीश कपूर

> **क्या सरकार की यह जिम्मेदारी नहीं बनती कि यदि कोई भी व्यक्ति नई गाड़ी खरीद रहा हो तो नई गाड़ी के पंजीकरण के समय इस बात को सुनिश्चित कर लिया जाए कि उसी व्यक्ति के नाम पर कोई पुरानी गाड़ी न हो**

दिल्ली की नवनिर्वाचित सरकार ने सत्ता संभालते ही कई कड़े निर्णय लेने शुरू कर दिये हैं। इनमें अहम निर्णय दिल्ली की हवा को प्रदूषण से मुक्त करवाना है। इसके चलते दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने ये घोषणा कर दी कि 31 मार्च 2025 के बाद दिल्ली के सभी पेट्रोल पम्पों पर 15 साल पुरानी गाड़ियों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। यह निर्णय कड़ा अवश्य है परंतु देखना यह होगा कि क्या केवल ऐसे एक ही सख़्त निर्णय से दिल्ली की वायु साफ़ हो पाएगी? क्या प्रदूषण के अन्य पहलुओं को अनदेखा किया जाएगा? क्या वाहन निर्माताओं के विरुद्ध भी कड़े निर्देश जारी किए जाएंगे जिसके तहत उनके द्वारा निर्मित गाड़ियों में से प्रदूषण की मात्रा की रोकथाम में भी सहयोग लिया जाए? क्या ग़ैरक़ानूनी तरीक़े से देर रात में दिल्ली से गुज़रने वाले भारी वहनों को भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा रोकने की दिशा में भी ऐसा ही कोई कड़ा कदम उठाया जाएगा? यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि कौनसा निर्णय प्रदूषण की जिन्न पर भारी पड़ेगा।एक सर्वे के मुताबिक़ दिल्ली जैसे महानगर में औसतन 1800 नए वाहन प्रतिदिन जुड़ते हैं। ऐसे में दिल्ली की वायु को दूषित करने के लिए ये वाहन अकेले ही लगभग 50 प्रतिशत तक ज़िम्मेदार हैं। ज़ाहिर सी बात है कि जब पुराने वाहनों की उम्र सीमा तय की जाएगी तो लोग नए वाहन तो लेंगे ही। लेकिन ऐसे में क्या सरकार की यह ज़िम्मेदारी नहीं बनती कि यदि कोई भी व्यक्ति नई गाड़ी ख़रीद रहा हो तो नई गाड़ी के पंजीकरण के समय इस बात को सुनिश्चित कर लिया जाए कि उसी व्यक्ति के नाम पर कोई पुरानी गाड़ी न हो। यदि हो तो पहले उस गाड़ी को बेचा जाए और उसके प्रमाण के बाद ही नई गाड़ी का पंजीकरण किया जाए। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक गाड़ी अपने नाम या अपनी संस्था के नाम लेता है तो उससे पंजीकरण की फ़ीस अधिक ली जाए। इतना ही नहीं ऐसे नियमों को केवल दिल्ली में ही नहीं देश भर में लागू किया जाए। यदि पुरानी गाड़ियां वास्तव में अधिक प्रदूषण करती हैं तो उनकी समय सीमा पूरी होने पर देश भर में कहीं भी चलने की अनुमति न दी जाए। ऐसी गाड़ियों को स्क्रैप किए जाने के सख्त आदेश लागू किए जाएं। ऐसा भी देखा गया है कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए ऐसे कड़े नियम आमतौर पर आम जनता के लिए ही होते हैं। सरकारी वाहनों पर इनका कोई भी डंडा नहीं चलता। अक्सर ऐसा भी देखा गया है कि जब सरकारी वाहनों में से निकलता हुआ गंदा धुंआ आसपास के सैकड़ों वाहनों से कहीं अधिक होता है। लेकिन इन वाहनों पर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं की जाती। चालान और वाहन ज़ब्त करने की गाज तो आम जनता पर ही गिरती है। सरकारी अस्पतालों में या अन्य सरकारी भवनों में पुरानी कबाड़ा या दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को सड़ने दिया जाता है। उनका ज़ंग खा कर गलने और मलबे में बदलने का इंतज़ार किया जाता है। वहीं दूसरी ओर यदि किसी कालोनी में किसी आम नागरिक की गाड़ी इस हालत में पाई जाती है तो उसके खिलाफ़ नगर निगम और पुलिस कड़ी कार्यवाही करती है।

देश भर के पुलिस थानों के बाहर या उनसे सटे मैदानों में दुर्घटनाग्रस्त या किसी अपराध में शामिल गाड़ियों के ढेर भी कोई अच्छा दृश्य नहीं देते। इन वाहनों के कारण सड़कों पर जाम भी लग जाता है जिसके कारण भी वायु प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है। जाम की बात ही करें तो दिल्ली जैसे शहर में ऐसी कई महत्वपूर्ण सड़कें हैं जो चौड़ी तो अवश्य हैं लेकिन समय-समय पर रखरखाव न हो पाने के कारण ख़स्ता हाल में हैं। इन टूटी-हटी सड़कों के कारण भी वाहनों को चलने में दिक्क़त होती है। इस कारण भी ट्रैफ़िक जाम लगता है जो वायु प्रदूषण का कारक बनता है। ऐसे में जिन वाहनों को पुराना समझ कर प्रतिबंधित किया जाता है, उनसे कहीं ज्यादा मात्रा में नए वाहनों द्वारा प्रदूषण होता है। इसलिए लोक निर्माण विभाग की यह ज़िम्मेदारी होनी चाहिए कि वह सड़कों को दुरुस्त रखें जिससे प्रदूषण को बढ़ावा न मिले।

ऐसा भी देखा गया है कि जब भी कभी देश के किसी भी कोने में किसी वीवीआईपी का दौरा होता है तो सड़कों पर ट्रैफ़िक पुलिस की तैनाती इस कदर की जाती है कि जाम लगना असंभव हो। यदि इलाक़े की ट्रैफ़िक पुलिस किसी अतिविशिष्ट व्यक्ति की सेवा में ट्रैफ़िक संचालन को इतने सुचारू रूप से चला सकती है तो आम नागरिकों से इतना सौतेला व्यवहार क्यों? क्या किसी भी सरकार ने इस दिशा में कोई पहल की है? यदि इन बिंदुओं को गंभीरता से लिया जाए तो न सिर्फ़ दिल्ली बल्कि पूरे देश की हवा बदलेगी।दिल्ली की हवा ख़राब होते ही पुराने वाहनों पर रोक लगाने से सरकार को क्या हासिल होता है, यह समझ में नहीं आता। ज़रा सोचिए, यदि आपका वाहन दस साल से अधिक पुराना नहीं है।



**लेखक दिल्ली स्थित कालचक्र समाचार ब्यूरो के संपादक हैं।**

# लंजेस एक्सरसाइज करते समय न करें ये मिस्टेक्स, वरना बढ़ सकता है घुटनों का दर्द

वर्तमान समय में हम सभी खुद को फिट और हेल्दी रखना चाहते हैं। वहीं फिट रहने के लिए वर्कआउट रूटीन में कई एक्सरसाइज शामिल करते हैं। जब पैरों की एक्साइज की बात की जाए, तो लंजेस करना काफी अच्छा माना जाता है। हालांकि अगर आपको अक्सर घुटनों में दर्द की शिकायत रहती है, तो लंजेस करने से दर्द अधिक बढ़ सकता है। वहीं घुटने का दर्द काफी परेशान करने वाला हो सकता है। इसके साथ ही जब लंजेस एक्सरसाइज गलत तरीके से किया जाता है, तो दर्द काफी बढ़ने लगता है। पैरों और ग्लूट्स को मज़बूत बनाने के लिए लंजेस एक बेहतरीन एक्सरसाइज है।

वहीं जब आप यह एक्सरसाइज गलत तरीके से करते हैं, तो आपके घुटने पर एक्स्ट्रा दबाव पड़ता है। जिसकी वजह से दर्द की समस्या बढ़ सकती है। फिर चाहे घुटने को एक सीध में रखना हो या फिर शरीर के हिसाब से मूवमेंट बदलना हो। यह छोटी-छोटी चीजें बहुत मायने रखती हैं।

**ज्यादा नीचे झुकना:-** बता दें कि लंजेस करते समय हम अधिक नीचे झुकते हैं, तो इससे आपके घुटनों पर भार बढ़ जाता है। इससे घुटने का दर्द काफी हद तक बढ़ जाता है। इसलिए हमेशा लंजेस करते समय सिर्फ उतना ही नीचे जाएं, जितना कि आप सहज महसूस करते हैं। वहीं दोनों घुटनों पर 90 डिग्री का कोण बनाने का लक्ष्य रखें।

**आगे की ओर ज्यादा झुकना:-** अगर आपके घुटने में दर्द की समस्या रहती है, तो ऐसे में आपको लंजेस करते समय ज्यादा आगे झुकने की गलती नहीं करनी चाहिए। इससे आपका पोश्चर बिगड़ जाता है। वहीं आपके सामने वाले घुटने पर एक्स्ट्रा भार पड़ता है। ऐसे में दर्द की समस्या बढ़ सकती है।

**रेप्स जल्दी-जल्दी करना:-** यह एक ऐसी गलती है, जिसको अक्सर लोग बैठकर करते हैं। जब आप वर्कआउट करते हैं, तो उस दौरान लंजेस समेत अन्य एक्सरसाइज जल्दी-जल्दी करना चाहते हैं। लेकिन जब आप जल्दबाजी में रेप्स करते हैं, तो इससे आपका बॉडी फॉर्म खराब हो सकता है। वहीं इससे घुटनों पर अधिक भार पड़ता है।

**बिना कुशनिंग के हार्ड सरफेस पर लंजेस करना:-**

अगर आपके घुटने में भी अक्सर दर्द की समस्या रहती है, तो आपको कभी हार्ड सरफेस पर लंजेस करने की गलती नहीं करना चाहिए। हार्ड सरफेस पर झुकते हैं, तो घुटने की दर्द की समस्या बद से बदतर हो जाती है। वहीं इस बात का ख्याल रखें कि लंजेस करते हुए घुटनों पर दबाव कम करने के लिए योगा मैट या गद्देदार सतह का उपयोग करें।

# एलन मस्क को फिर लगा झटका

## स्पेसएक्स रॉकेट में विस्फोट, लगातार दूसरी बार हुआ परीक्षण विफल
## आठवें टेस्ट में बूस्टर लॉन्च पैड पर वापस आया, आसमान में ब्लास्ट

**लॉस एंजिल्स।** स्पेसएक्स के विशाल स्टारशिप रॉकेट के टेक्सास से गुरुवार को लॉन्च होने के कुछ ही देर बाद रॉकेट में विस्फोट हो गया, जिससे उड़ानें रोकनी पड़ी और अंतरिक्ष यान के मलबे के गिरने की चेतावनी दी गई। स्पेसएक्स ने पुष्टि की कि अंतरिक्ष में ऊपर उठते हुए बिना चालक दल के जहाज को तेजी से अनिर्धारित विघटन का सामना करना पड़ा, और जमीन से उसका संपर्क टूट गया।

विशाल स्पेसएक्स स्टारशिप, जो अब तक का सबसे बड़ा रॉकेट है, लॉन्च के कुछ ही देर बाद नियंत्रण से बाहर हो गया। किसी भी तरह की चोट या क्षति की सूचना नही मिली है लेकिन कैरिबियन सागर के द्वीप देशों से प्राप्त तस्वीरों में आसमान से आग के मलबे की बारिश होती दिखाई दे रही है। अरबपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स ने कहा कि टीमों ने तुरंत पूर्व-नियोजित आकस्मिक प्रतिक्रियाओं के लिए सुरक्षा अधिकारियों के साथ समन्वय करना शुरू कर दिया। बयान में कहा गया कि स्पेसएक्स मिसफायर के मूल कारण को बेहतर ढंग से समझने के लिएष डेटा की समीक्षा करेगा। बयान के अनुसार, विस्फोट कई इंजनों के नष्ट होने के बाद हुआ। मस्क ने विस्फोट पर अभी तक टिप्पणी नहीं की है।



### फ्लोरिडा में स्टारशिप का मलबा गिरने से चार हवाई अड्डे करने पड़े बंद

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने स्टारशिप अंतरिक्ष यान के असफल प्रक्षेपण के बाद मलबे गिरने के खतरे के कारण फ्लोरिडा में हवाई अड्डों को अस्थाई रूप से बंद करने की घोषणा की। अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी है। मीडिया के अनुसार मियामी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद करने की घोषणा गुरुवार को स्थानीय समय 23:42 बजे की गई। कथित तौर पर फोर्ट लॉडरडेल-हॉलीवुड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ-साथ ऑरलैंडो और पाम बीच शहरों के हवाई अड्डों के लिए भी इसी तरह का नोटिस जारी किया गया था। इससे पहले कल स्पेसएक्स ने कहा कि स्टारशिप अंतरिक्ष यान के कक्षा में प्रक्षेपण के दौरान तेजी से अनिर्धारित विघटन हुआ।



**123 मीटर**

लंबा यह अंतरिक्ष यान एक घंटे की उड़ान के बाद हिंद महासागर के ऊपर से पृथ्वी की कक्षा में फिर से प्रवेश करने वाला था।

यह रॉकेट का परीक्षण करने वाला आठवां मिशन था, लगातार दूसरी बार हुआ फेल।

इसका सुपर हैवी बूस्टर जो रॉकेट को जमीन से उड़ान भरने में मदद करता है, लॉन्चपैड पर वापस लौटन में सफल रहा।



# भारतीय महिलाओं में बढ़ रही उद्यमशीलता



**नई दिल्ली।** दुनिया भर में खासतौर पर युवा महिलाओं में उद्यमशीलता की भावना तेज़ी से बढ़ रही है। महिलाएं अपने सपनों को साकार करने, वित्तीय स्वतंत्रता पाने, कार्य और जीवन में संतुलन बनाने और समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 से पहले मास्टरकार्ड द्वारा किए गए नए शोध से पता चला है कि भारत की लगभग आधी (45 प्रतिशत) महिलाओं ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का विचार किया है। यह प्रवृत्ति खासतौर पर मिलेनियल और जेनरेशन ज़ी की महिलाओं में अधिक देखी जा रही है। मिलेनियल (आयु 29-44) महिलाओं में यह संख्या 46 प्रतिशत है, जबकि जेनरेशन ज़ी की 45 प्रतिशत महिलाओं ने भी व्यवसाय शुरू करने की इच्छा जताई है। जेनरेशन एक्स (आयु 45-60) और बेबी बूमर्स (आयु 61-79) की महिलाओं में यह आंकड़ा थोड़ा कम है, अब भी 38 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं। भारत में महिलाएं मुख्य रूप से तीन प्रमुख कारणों से उद्यमिता की ओर बढ़ रही हैं। अपने सपनों को पूरा करने की इच्छा (51 प्रतिशत), बेहतर कार्य-जीवन संतुलन की तलाश (44 प्रतिशत) और पारंपरिक नौकरियों से आज़ादी (40 प्रतिशत)। शोध से यह भी पता चला कि वर्तमान में लगभग आधी (46 प्रतिशत) भारतीय महिलाओं के पास कोई न कोई अतिरिक्त कमाई का जरिया है। खासतौर पर बेबी बूमर्स (आयु 61-79) की महिलाओं में यह आंकड़ा बढ़कर 61 प्रतिशत हो गया है, क्योंकि वे किसी भी अन्य आयु समूह की तुलना में अधिक पैसे कमाने के लिए अपनी साइड इनकम शुरू करने के लिए सबसे अधिक प्रेरित हैं। महिलाओं में व्यवसाय बढ़ाने को लेकर भी बड़ा आत्मविश्वास देखा गया है। महिला व्यवसायियों में 89 प्रतिशत को अगले पांच वर्षों में अपनी आमदनी बढ़ने की उम्मीद है, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 87 प्रतिशत ही था।

## पेरिस में वर्ल्ड वॉर 2 का जिंदा बम मिला, लंदन जाने वाली ट्रेनें रद्द

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी के गेरे डू नार्ड रेलवे स्टेशन के एक ट्रैक पर वर्ल्ड वॉर 2 का एक जिंदा बम मिला। इसके बाद पेरिस से लंदन जाने और आने वाली सभी यूरोस्टार ट्रेनों को रद्द कर दिया गया।

इसके अलावा फ्रांस के उत्तरी शहरों की तरफ जाने वाली ट्रेन को भी रोक दिया गया है। फ्रांस के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर फिलिप टैबरोट ने कहा कि पूरे दिन ही ट्रैफिक बाधित रहेगा। फर्स्ट और सेकंड वर्ल्ड वार के दौरान छोड़े गए बम फ्रांस के अलग-अलग इलाकों में अक्सर पाए जाते हैं, लेकिन इतनी ज्यादा भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर उनका मिलना बहुत ही दुर्लभ है।

# अमेरिका बनाएगा बिटकॉइन का क्रिप्टो भंडार



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिटकॉइन का एक आभासी मुद्रा (क्रिप्टो) भंडार बनाने की घोषणा की है। ट्रंप ने इससे जुड़े आधिकारिक आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति के साथ ही क्रिप्टो भंडार बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश बिटकॉइन को आधिकारिक मान्यता नही दे रहे हैं लेकिन ट्रंप द्वारा क्रिप्टो भंडार बनाने की पहल से इस आभासी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर मान्यता पाने में मदद मिलेगी। व्हाइट हाउस ने कहा, कुछ ही मिनट पहले, राष्ट्रपति ट्रम्प ने रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व स्थापित करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। रिजर्व को संघीय सरकार के स्वामित्व वाले बिटकॉइन से पूंजीकृत किया जाएगा, जिसे आपराधिक या नागरिक संपत्ति जब्ती कार्यवाही के हिस्से के रूप में जब्त किया गया था। इसका मतलब है कि इससे करदाताओं को एक पैसा भी खर्च नही करना पड़ेगा। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी सरकार के पास लगभग दो लाख बिटकॉइन हैं हालांकि, कभी भी पूर्ण ऑडिट नहीं हुआ है। राष्ट्रपति का कार्यकारी आदेश संघीय सरकार की डिजिटल संपत्ति होल्डिंग्स का पूरा लेखा-जोखा रखने का निर्देश देता है। अमेरिका अपने रिजर्व में जमा किए गए किसी भी बिटकॉइन को नही बेचेगा। इसे मूल्य के भंडार के रूप में रखा जाएगा। रिजर्व क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक डिजिटल फोर्ट नॉक्स की तरह है जिसे अक्सर डिजिटल गोल्ड कहा जाता है। इसमें कहा गया है कि बिटकॉइन की समय से पहले बिक्री से अमेरिकी करदाताओं को पहले ही 17 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हो चुका है। अब संघीय सरकार के पास अपनी होल्डिग्स के मूल्य को अधिकतम करने की रणनीति होगी। ट्रेजरी और वाणिज्य सचिवों को अतिरिक्त बिटकॉइन प्राप्त करने के लिए बजट-तटस्थ रणनीति विकसित करने के वास्ते अधिकृत किया गया है, बशर्ते कि उन रणनीतियों से अमेरिकी करदाताओं पर कोई अतिरिक्त लागत न आए। इसके अलावा, कार्यकारी आदेश एक अमेरिकी डिजिटल एसेट स्टॉकपाइल की स्थापना करता है, जिसमें आपराधिक या सिविल कार्यवाही में जब्त किए गए बिटकॉइन के अलावा अन्य डिजिटल संपत्तियां शामिल हैं।

# कनाडा-मैक्सिको पर टैरिफ एक बार फिर टाला

- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प फिर पलटे
- कनाडा में नागरिकों ने अमेरिकी टमाटर खाना छोड़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले को एक बार फिर से 30 दिनों के लिए टाल दिया है। ट्रम्प ने 4 मार्च को दोनों देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इससे पहले भी ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको के कई सामानों पर 4 फरवरी से टैरिफ लगाने का ऐलान किया था, लेकिन इसे लागू होने से एक दिन पहले उन्होंने इसे 30 दिनों के लिए टाल दिया था। इस बीच ट्रम्प के कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी और उसे 51वां राज्य बनाने वाले बयान के बाद देश में अमेरिकी सामानों का बायकाट शुरू हो गया है। कनाडाई मीडिया के मुताबिक वहां पर लोग अमेरिकी सेब छोड़कर दूसरे देशों के सेब खाने लगे हैं। वहीं, दुक. ानदार पिज्जा में कैलिफोर्निया के टमाटर की जगह इटली से आए टमाटर का इस्तेमाल करने लगे हैं। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों में अमेरिकी सामान रखना बंद करने की बात कही है। कई कनाडाई जो कि अपनी छुट्टियां बिताने अमेरिका जाने वाले थे, उन्होंने अपनी छुट्टियां रद्द कर दी हैं। ट्रम्प की धमकी ने कनाडा में देशभक्ति की भावना को बढ़ा दिया है। 2 महीने पहले कनाडा की लिबरल पार्टी में चुनाव हारने के डर से जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ माहौल बन गया था जिसके बाद उन्होंने पद छोड़ने का ऐलान कर दिया था। अब वहीं लिबरल पार्टी चुनाव जीतने की सबसे बड़ी दावेदार बन गई है। ट्रूडो ने कहा था कि कनाडाई लोग समझदार हैं। वे स्वभाव से भले विनम्र हैं, लेकिन वे लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। खासकर ऐसे वक्त में जब देश के लोगों की भलाई दांव पर लगी हो। हालांकि कनाडा और मेक्सिको ने ट्रम्प के टैरिफ टालने के फैसले की तारीफ की। कनाडा के वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लैंक ने कहा कि उनका देश अमेरिकी सामानों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को फिलहाल टाल देगा।

### कनाडा दो अप्रैल तक नहीं लगाएगा दूसरे चरण का टैरिफ

**ओटावा।** कनाडा ने घोषणा की है कि वह अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ के दूसरे चरण को दो अप्रैल तक लागू नही करेगा। वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने गुरुवार को यह घोषणा की। लेब्लांक ने अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में देरी की घोषणा के तुरंत बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, अमेरिका ने कनाडा से कनाडा-अमेरिका-मेक्सिको समझौता (सीयूएसएमए) अनुपालन वाले निर्यात पर टैरिफ को दो अप्रैल तक निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की है। कनाडा दो अप्रैल तक 125 अरब कनाडाई डॉलर के अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ का दूसरा चरण लागू नहीं करेगा, ट्रंप ने गुरुवार को मैक्सिको और कनाडा को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की।



# 10 भारतीय मजदूरों को इजरायल ने मुक्त कराया

## वेस्ट बैंक में एक महीने से फिलिस्तीनियों ने बंधक बना रखा था, पासपोर्ट भी कर लिए थे जब्त

**तेल अवीव।** इज़रायल के अधिकारी फिलिस्तीनी क्षेत्र पश्चिमी तट में लापता 10 भारतीय श्रमिकों को खोज कर उन्हें सुरक्षित वापस इज़रायल ले आए हैं। इज़रायल में भारत के दूतावास ने गुरुवार देर रात बताया कि इजरायली अधिकारियों ने पश्चिमी तट क्षेत्र में लापता 10 भारतीय निर्माण श्रमिकों का पता लगाया है और उन्हें इज़रायल वापस लाया गया है। मामले की हालांकि अब भी जांच चल रही है, भारतीय दूतावास इज़रायल के अधिकारियों के संपर्क में है तथा उनकी सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। टाइम्स ऑफ इज़रायल की एक रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली अधिकारियों के अनुसार, श्रमिकों को नौकरियों के वादे के साथ फिलिस्तीनियों द्वारा पश्चिमी तट के एक गांव अल-ज़ायम गांव में ले जाया गया था। उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए गए थे, और इज़राइल में घुसपैठ के लिए उनका उपयोग करने का प्रयास किया गया था।

## चांद पर उतरा अमेरिकी कंपनी का एथेना लैंडर

**वाशिंगटन।** यूएसकी प्राइवेट कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का एथेना लैंडर गुरुवार को चांद के साउथ पोलर रीजन में उतरा। हालांकि, लैंडिंग के कुछ मिनट बाद से मिशन कंट्रोलर उसकी स्थिति की पुष्टि नहीं कर पा रहे हैं। अब तक यह भी पता नहीं चल पाया है कि लैंडर सीधा सतह पर खड़ा है या नहीं। मिशन कंट्रोलर को लैंडिंग की पुष्टि करने में भी समय लगा। मिशन डायरेक्टर और कंपनी के को-फाउंडर टिम क्रेन ने कहा- ऐसा लगता है कि हम चंद्रमा पर उतर गए हैं। अब यह जांच रहे हैं कि लैंडर की सतह पर स्थिति क्या है। मिशन आफिशियल्स के मुताबिक, चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद लैंडर मिशन कंट्रोलर के संपर्क में था। सोलर पावर भी जनरेट कर रहा था। हालांकि, लैंडिंग के करीब आधे घंटे बाद भी मिशन टीम यह पुष्टि नहीं कर पाई कि लैंडर सही स्थिति में है या नहीं।





